सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
13.09.2024
* * नगर संस्करण। पेज :12
khabarmantralive.com

मईयां धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

हिंदी हैं हम

khabarmantra.net | भादो, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 65 | 06 आम लोगों की ताकत है हिंदी, चुनौती के साथ





# गौरक्षा के नाम पर हिंसा आतंकवाद की श्रेणी में हो शामिल : दीपांकर भट्टाचार्य

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीपीआई माले के महासचिव दीपांकर भप्ताचार्य ने देश के कई इलाकों में गौरक्षा के नाम पर होने वाली हिंसा के मामले को दुखद बताया है। दीपांकर भप्ताचार्य ने इस तरह की हिंसा के मामले में स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह सर्वोच्च न्यायालय से किया है। दीपांकर भप्ताचार्य गुरुवार को मीडिया से बात कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गौरक्षा को लेकर पूर्व में दिए एक बयान का जिक्र करते हुए दीपांकर भप्ताचार्य ने कहा कि गौरक्षा के नाम पर होने वाली हिंसा और हत्या के मामले को आतंकवादी घटना मानकर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गौरक्षा के नाम पर बनी संस्थाओं को बैन कर देना चाहिए।

**मासस का माले में विलय से वामपंथी विचारधारा मजबूत होगी :** दीपांकर भप्ताचार्य ने मासस का माले में विलय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इसका असर झारखंड और देश की राजनीति पर पड़ेगा। राज्य के उत्तरी छोटानागपुर और पलामू सहित कई जिलों में इंडिया ब्लॉक को मजबूती मिलेगी। दीपांकर भप्ताचार्य ने कहा कि 25 और 26 सितंबर को मासस का माले में विलय के बाद एक बड़ी बैठक आयोजित होगी। जिसमें विधानसभा चुनाव की रणनीति बनेगी। दीपांकर भप्ताचार्या ने कहा कि सीपीएम सिर्फ इसलिए मासस का माले में विलय का विरोध कर रही है। क्योंकि यह विलय उनके दल के साथ नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि सीपीआई माले वामदलों के व्यापक एकता का पक्षधर है।

**सर्वसम्मति से हो वक्फ बोर्ड में कोई भी संशोधन :** सीपीआई माले नेता दीपांकर भप्ताचार्य ने कहा कि वक्फ बोर्ड का मामला जेपीसी में भेजा गया है और 13 सितंबर तक जेपीसी में सभी की राय मांगी है। माले के दोनों सांसदों ने अपनी राय लिखित में जेपीसी को सौंप दी है। उन्होंने कहा कि इस बिल के जरिये सरकार वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर कब्जा करना चाहती है। सच्चर कमेटी ने कहा था कि वक्फ बोर्ड में सुधार की जरूरत है। सभी पक्षों से बैठकर बात कर संशोधन होना चाहिए।

## आरजी कर मेडिकल कॉलेज आंदोलन को समर्थन

माले नेता दीपांकर भप्ताचार्य ने कहा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों का आंदोलन जबरदस्त है। ऐसा आंदोलन पहले नहीं देखा है, हम इसका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि सीबीआई की अबतक की जांच से भरोसा नहीं किया जा सकता। मध्य प्रदेश में भी ऐसी घटना घटी। इंदौर में पिछले दिन सेना के दो अधिकारियों के साथ जा रही दो महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटना हुई है। 2013 की वर्मा कमेटी की रिपोर्ट के बाद केंद्र सरकार ने जो वादा किया था, वह पूरा नहीं हुआ। देश में डॉक्टरों के साथ साथ महिलाओं के प्रति सुरक्षा चौकस किया जाए।

एक सवाल के जवाब में दीपांकर भप्ताचार्य ने कहा कि चुनाव आयोग सवालों के घेरे में अपने कारनामों की वजह से है। प्रधानमंत्री द्वारा 70 वर्ष से ऊपर के लोगों को चिकित्सा व्यवस्था का लाभ देने के मुद्दे पर दीपांकर भप्ताचार्य ने कहा कि सरकारी व्यवस्था को दुरुस्त करना होगा। माले नेता ने कहा कि राज्य की जनता भी पूछ रही है मिला क्या। विश्वविद्यालयों के वीसी का आरएसएस की बैठकों में जाना चिंताजनक, इससे शिक्षा-परीक्षा का तंत्र का संघी माफियाकरण हो रहा है। उन्होंने बताया कि निजीकरण और रोजगार के लिए युवा कन्वेशन आगामी दिनों में होगा।

# सहायक आचार्य प्रतियोगिता परीक्षा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

## 26001 पदों पर सहायक आचार्य की होनी है नियुक्ति



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट में झारखंड टेट (जेटेट) पास अभ्यर्थी की ओर से सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में सीटेट पास और झारखंड के पड़ोसी राज्य से टेट परीक्षा पास झारखंड निवासी अभ्यर्थी को शामिल करने के मामले में एसएलपी दाखिल पर गुरुवार को सभी पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। मामले में लगातार तीन दिनों तक बहस चली।

प्रार्थी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायण, वरीय अधिवक्ता वी मोहना एवं झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पक्ष रखा है। उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2022 एवं सहायक आचार्य परीक्षा के विज्ञापन को हाईकोर्ट में चुनौती नहीं दी गई थी। उक्त परीक्षा के लिए आवेदन फार्म का तिथि बंद हो चुकी थी, उसके बाद झारखंड हाई कोर्ट के आए आदेश का अनुपालन करते हुए नियमावली एवं उक्त परीक्षा के विज्ञापन में संशोधन कर दिया गया। जबकि नियमानुसार एक बार विज्ञापन जारी हो जाने के बाद विज्ञापन में बदलाव का प्रावधान नहीं है। साथ ही अभ्यर्थियों की न्यूनतम अहर्ता के साथ कोई छेड़छाड़ भी नहीं की जा सकती है।

वहीं राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सहायक आचार्य की परीक्षा नियमानुसार ली गई है, अब रिजल्ट प्रकाशित होना बाकी है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जेके महेश्वरी की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

यहां बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल माह में आदेश दिया था कि झारखंड सरकार और जेएससीसी सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बिना सहायक आचार्य नियुक्ति का रिजल्ट प्रकाशित नहीं कर सकती है। क्योंकि यह मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लंबित है, इसलिए मामले के लंबित रहने तक रिजल्ट प्रकाशित नहीं किया जाए।

### क्या है मामला

झारखंड सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की ओर से दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट दिसंबर 2023 में अपना फैसला सुनाया था। हाई कोर्ट ने 26001 पदों पर सहायक आचार्य की नियुक्ति परीक्षा में सीटेट पास अभ्यर्थी या झारखंड के पड़ोसी राज्य से टेट परीक्षा पास करने वाले झारखंड के निवासी अभ्यर्थियों को इस परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी थी। जिसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में झारखंड टेट पास अभ्यर्थियों परिमल कुमार एवं अन्य ने हाई कोर्ट की इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर कर चुनौती दी थी।

## बाजार समिति में गलत तरीके से दुकान आंवटन करानेवालों दुकानदारों पर गिरेगी गाज

रांची। झारखंड मार्केटिंग बोर्ड के आदेश के आलोक में राज्य की बाजार समितियों की ओर से गलत तरीके से दुकान और गोदाम आवंटन करानेवालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। इसके अलावा गलत तरीके से दुकानों में पार्टनरशीप डीड करानेवालों को भी नोटिस किया जा रहा है। इसी क्रम में रांची बाजार समिति की ओर से अवैध तरीके से दुकान आंवटन कराने के मामले में दुकान संख्या 92 के आवंटी को नोटिस किया गया है। इसी तरह पार्टनरशीप डीड के मामले में बाजार समिति के 43 व्यापारियों को नोटिस भेजा गया है। व्यापारियों को भेजे गये नोटिस में बाजार समिति की ओर से कहा गया है कि आपके अनुज्ञप्ति फॉर्म में बोर्ड की बिना सहमति के भागीदार का नाम (पार्टनरशिप डीड) जोड़ दिया गया है। इस पर मार्केटिंग बोर्ड ने आपत्ति दर्ज करते हुए जांच के आदेश दिये हैं। इसमें बोर्ड की ओर से कहा गया है कि भविष्य में किसी प्रकार की कोई आपत्ति होने पर आपके नाम निर्गत आदेश स्वस्थ रद्द हो जायेगा। ऐसे में क्यों न बोर्ड की आपत्ति के आलोक में आपके फॉर्म में जोड़े गए भागीदार के नाम को रद्द करते हुए आपके विरुद्ध एक कारनामा में वर्णित प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाये। इस मामले में रांची मार्केट कमेटी के सचिव कृष्ण कन्हैया ने दो दिनों के अंदर व्यापारियों से जवाब देने को कहा था। इस नोटिस के आलोक में कई व्यापारियों ने मार्केट कमेटी को अपना जवाब दे दिया है। अब देखना यह है कि कमेटी उनके जवाब के बाद क्या कार्रवाई करती है।

## दुष्कर्म के दो मामलों के आरोपी बरी

रांची। नाबालिग से दुष्कर्म करने एवं दुष्कर्म का प्रयास करने से जुड़े दो अलग-अलग मामले के दो आरोपियों को पोक्सो मामले के विशेष अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। दुष्कर्म से जुड़े मामले में रातू थाना क्षेत्र निवासी अनिल महतो को बरी किया गया। उसके खिलाफ पीड़िता के परिजन ने अगस्त 2020 में रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। वहीं, जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र निवासी मालखान महतो को नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोप से अदालत ने बरी किया है। जुलाई महीने में दर्ज मामले में पीड़िता समेत तीन गवाहों की गवाही 4 सिंतबर को दर्ज की गई थी। तीन महीने में ही आरोपी पर लगाये गये आरोप को साबित नहीं किया जा सका। इसका लाभ आरोपी को मिला।

## हेमंत भ्रष्टाचार में जेल गये, बाहर निकल कर अपराधी की भाषा बोल रहे : मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड की जनता पांच साल से उस गिद्ध शासन में कैद है, जहां मुख्यमंत्री आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड की संपदा लूटने में व्यस्त हेमंत सोरेन का पूरा चरित्र भ्रष्टाचार का लबादा ओढे हुये हैं। उन्होंने कहा कि जिन आदिवासियों को हक अधिकार दिलाने के उद्देश्य से झारखंड राज्य की स्थापना हुई, हेमंत सोरेन के कार्यकाल में वो सबकुछ छीना गया। बांगलादेशी घुसपैठियों को सिर पर बिठाने वाले हेमंत सोरेन को बाकि दुनिया गिद्ध दिख रही है। जबकि, असलियत है कि झारखंडी अस्मिता को तार-तार कर चुके हेमंत सोरेन की सरकार भ्रष्टाचार में गले तक डूबी हुई है। युवाओं का भविष्य रसातल में चला गया है और जनता का वर्तमान दलदल में फंसा हुआ है। उन्होंने कहा कि झारखंड की आदिवासी जनता इलाज के अभाव में मर रही है। अस्पताल में डॉक्टर नहीं हैंए जिसके कारण बच्चे दम तोड़ रहे हैं। नौकरी के लिये दौड़ लगा रहे युवा दम तोड़ रहे हैं। दलालों और बिचौलियों के बीच बैठे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पास एक मुद्दा नहीं है, जिसके बूते वे वोट मांग सकें। हेमंत सोरेन पांच लाख नौकरियां देने का वादा करके सत्ता में आये थे। लेकिन, पांच साल में उनके पास बताने को पांच काम नहीं हैं। हेमंत सोरेन किसी जन आंदोलन में नहीं, भ्रष्टाचार में जेल गये थे और वहां से लौटे तो पक्के अपराधी बनकर लौटे हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन खुद को और अपनी पत्नी को आदिवासियों में सबसे अधिक प्रतिभावान समझते हैं। चुनावी साल में मुख्यमंत्री की कुर्सी बचाने की जुगत में लगे हेमंत कभी पत्नी को बिठाने की कोशिश करते हैं तो कभी खुद को। जबकि, झारखंड का आदिवासी समाज बेहाल, बदहाल है।

# राज्य सरकार के संरक्षण में घुसपैठिये फल फूल रहे : बाउरी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड की डेमोग्राफी लगातार चेंज हो रही है। श्री बाउरी गुरूवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा इस मामले को सदैव प्रमुखता से उठाती रही है। राज्य की डेमोग्राफी चेंज होने के कारण जहां देश की संप्रभुता पर खतरा मंडरा रहा है। वहीं आदिवासियों-मूलवासियों की अस्मिता भी खतरे में है। खासकर संताल में बंगाल से सटे जिलों पाकुड़, साहेबगंज के रास्ते भयंकर घुसपैठ हो रही है। इससे हमारी माटी, रोटी, बेटी की अस्मिता का सवाल खड़ा हुआ है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के इस प्रबल दावे को सतारूढ़ दल झामुमो, कांग्रेस, राजद लगातार खारिज करती रही है। उच्च न्यायालय ने इस मामले में दर्ज जनहित याचिका को गंभीरता से लिया है और इस पर लगातार सुनवाई हो रही है। अदालत ने साफ कहा कि घुसपैठ के कारण डेमोग्राफी चेंज हो रही है। अदालत ने 6 जिलों के डीसी और एसपी को साफ निर्देश दिया है कि इस मामले में वे क्या कर रहे हैं, इसकी सीधी रिपोर्ट करें।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति के कारण घुसपैठियों के लिये सबसे बड़ी संरक्षक बनी हुई है। इस अति गंभीर समस्या पर राज्य सरकार लीपापोती करने में जुटी हुई है। इसका नतीजा है कि अदालत में राज्य सरकार इससे जुड़ी कोई भी सही रिपोर्ट पेश नहीं करती है। पिछली सुनवाई में उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार की तरफ से कोर्ट में डीसी और एसपी द्वारा दिये गये हलफनामा को पूरी तरह खारिज कर दिया था। सुनवाई में अदालत ने राज्य सरकार के साथ केंद्र सरकार को भी इस मामले में अपना मंतव्य रखने का निर्देश दिया था। गुरूवार को केंद्र सरकार की तरफ से गृह मंत्रालय ने उच्च न्यायालय में एक एफिडेविट दिया है। केंद्र ने माना है कि झारखंड के लिये घुसपैठ एक बड़ा खतरा के रूप में सामने आया है। इसके कारण राज्य की डेमोग्राफी चेंज हुई है। केन्द्र ने इसके लिये झारखंड में एनआरसी लगाने की बात कही है। केन्द्र का कहना है कि आदिवासियों की अस्मिता को बांग्लादेशी घुसपैठ से खतरा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के संरक्षण में झारखंड में एसपीटी एक्ट का भयंकर उल्लंघन हो रहा है। पाकुड़, साहेबगंज में एसपीटी के जमीन पर अवैध मदरसे बने हैं।

## खबर एक नजर में

### सीताराम येचुरी के निधन पर सीएम ने जताया दुख, बीजेपी नेताओं ने भी प्रकट किया शोक





**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी का निधन पर पूरे देशभर के नेताओं के साथ झारखंड के भी कई शीर्ष नेताओं ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर सीताराम येचुरी को श्रद्धांजलि दी है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस दुख की घड़ी में उनके परिवार को शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के महासचिव और वरिष्ठ नेता सीताराम येचुरी जी के निधन का समाचार सुनकर गहरा दुःख हुआ। उनका जाना भारतीय राजनीति के लिए एक बड़ी क्षति है। वे एक कुशल राजनेता, विचारक और जनता के हितों के लिए समर्पित नेता थे। मरांग बुरु से दिवंगत आत्मा को शांति एवं उनके परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना करता हूं। वहीं सीएम हेमंत की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने भी सीताराम येचुरी के निधन पर शोक प्रकट किया। उन्होंने लिखा कि सीताराम येचुरी जी के असामयिक निधन से स्तब्ध हूं। वामपंथी राजनीति के स्तंभ और जनहित के प्रखर आवाज थे वो। उनके विचारों और संघर्षों से प्रेरित पीढ़ियां आती रहेंगी। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति दें और परिजनों को संबल। येचुरी जी के आदर्शों को आगे ले जाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

#### भाजपा नेताओं ने भी श्रद्धांजलि दी



पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने लिखा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी जी के निधन की दुखद सूचना मिली है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिजनों एवं समर्थकों को यह दुख सहने की शक्ति दें।वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सीताराम येचुरी के निधन पर उनके परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी जी के निधन का दुःखद समाचार मिला। वामपंथी नेता के तौर पर उनकी अलग पहचान थी। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। उनके परिजनों और चाहनेवालों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। ॐ शांति!

## सूबे की 4,504 छोटी-बड़ी खदानों से राज्य को मिलेगी 47, 528 करोड़ रु की रॉयल्टी

### खान विभाग का आंकड़ा तैयार, धनबाद और पश्चिमी सिंहभूम से सबसे अधिक रॉयल्टी आने का अनुमान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की छोटी-बड़ी खदानों से राज्य को 47,528.49 करोड़ रुपये रॉयल्टी आने की उम्मीद है। इसमें पत्थर, बॉक्साइट, कोयला, एल्यूमीनियम, कोयला, ग्रेफाइट, मैगनीज, आयरन ओर सहित कई अन्य खनिजों की छोटी-बड़ी 4504 खदानें शामिल हैं। धनबाद और पश्चिमी सिंहभूम से सबसे अधिक रॉयल्टी आने के आसार हैं। वहीं रॉयल्टी मामले में जामताड़ा, खूंटी, सिमडेगा और गढ़वा से काफी कम राजस्व आने की संभावना जतायी गयी है।

**पश्चिमी सिंहभूम से 12,809 करोड़ रॉयल्टी की संभावना :** खान विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पश्चिमी सिंहभूम से 12.809.15 करोड़ रॉयल्टी आने की संभावना है। पश्चिमी सिंहभूम में खनिजों की ढुलाई के लिए 19 लाख 42 हजार 162 चालान निर्गत (इश्यू) किये गये। यहां 197 छोटी-बड़ी खदानें हैं। वहीं धनबाद में खनिजों की ढुलाई के लिए 6,29,20,222 चलान निर्गत किये गये। धनबाद से 10947.88 करोड़ रॉयल्टी आने की संभावना जतायी गयी है। यहां छोटी-बड़ी खदानों की संख्या 280 है।

**पाकुड़, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग और चतरा से भी बंफर रॉयल्टी :** राज्य के पाकुड़, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग और चतरा से भी बंफर रॉयल्टी मिलने का अनुमान लगाया गया है। पाकुड़ की छोटी-बड़ी 403 खदानों से 1892.57 करोड़ रुपये, बोकारो की 195 छोटी-बड़ी खदानों से 3430.84 करोड़, रामगढ़ की 232 छोटी-बड़ी खदानों से 4013.23 करोड़, हजारीबाग की 137 छोटी-बड़ी खदानों से 2521.07 करोड़ और चतरा की 91 छोटी-बड़ी खदानों से 4383.95 करोड़ रुपए रॉयल्टी आने की संभावना है।

## बिजली गुल रहने पर हाइकार्ट सीएस व ऊर्जा सचिव को बुलाया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में काफी देर तक बिजली गुल रहने पर अदालत ने नाराजगी जाहिर की है। गुरुवार को अदालत ने राज्य के ऊर्जा सचिव और मुख्य सचिव को बुलाया। जिसके बाद दोनों हाईकोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। उन्होंने कोर्ट को आश्वस्त किया कि भविष्य में पावर कट की समस्या ना हो, इसका पूरा ध्यान रखा जायेगा। साथ ही पावर कट की स्थिति में हाईकोर्ट में बिजली सप्लाई जारी रहे, इसके लिए भी वैकल्पिक व्यवस्था की जायेगी।

**झारखंड हाईकोर्ट में बत्ती गुल होने से एक घंटे कामकाज हुआ प्रभावित :** दरअसल गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में करीब एक घंटे से ज्यादा समय तक बिजली कटी रही। इसकी वजह से कोर्ट रूम सहित अन्य जगहों पर अंधेरा छा गया। जानकारी के अनुसार, टेक्नीकल फॉल्ट की वजह से बिजली कटी थी। बिजली सप्लाई नहीं होने के कारण मुकदमों की सुनवाई कुछ देर के लिए प्रभावित रही। कई कोर्ट रूम में अधिवक्ता मोबाइल का फ्लैश जलाकर रौशनी करते दिखे .वहीं बिजली नहीं रहने के कारण एस्केलेटर भी निष्क्रिय हो गया। करीब 11 बजे हाईकोर्ट में बिजली की सप्लाई शुरू हुई, जिसके बाद कोर्ट का कार्य शुरू हुआ।

# ईडी के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामले में राज्य सरकार ने मांगा समय, हाई कोर्ट में अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की शिकायत पर ईडी के अधिकारियों के खिलाफ एससी/एसटी थाना में दर्ज एफआईआर को सीबीआई या अन्य स्वतंत्र एजेंसी को देने का आग्रह करने वाले ईडी की याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट की एकल पीठ ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से समय की मांग की गयी थी। मामले में प्रतिवादी सीएम हेमंत सोरेन की ओर से अधिवक्ता ने वकालतनामा दाखिल किया, पिछली सुनवाई में कोर्ट ने हेमंत सोरेन को नोटिस जारी किया था। मामले की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी। ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास और सौरभ कुमार ने पैरवी की। ईडी के सहायक निदेशक देवव्रत झा की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर आग्रह किया गया है कि इस मामले में गोंदा पुलिस द्वारा ईडी के अधिकारी को प्रताड़ित करने की कोशिश की जा रही है। इसलिए इस मामले की जांच का जिम्मा सीबीआई या अन्य स्वतंत्र एजेंसी को सौपा जाए।

**पूर्व में भी इससे संबंधित मामले में हुई थी सुनवाई :** हालांकि पूर्व में ईडी के अधिकारियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट में दर्ज कांड संख्या 06/2024 को चुनौती देने वाली ईडी के अधिकारियों कपिल राज एवं अन्य की याचिका पर हाईकोर्ट ने ईडी के अधिकारियों को गोंदा पुलिस द्वारा 41 ए के तहत दिए गए नोटिस पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि अगले आदेश तक पुलिस ईडी अधिकारियों को 41 ए का नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए नहीं बुला सकती है। कोर्ट ने ईडी अधिकारी को खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक अगले आदेश तक जारी रखा है।

बता दें कि यह एफआईआर झारखंड पुलिस द्वारा एससी/एसटी एक्ट के तहत रांची के एससी/एसटी पुलिस थाना में दर्ज की गई है। यह एफआईआर हेमंत सोरेन सोरेन की दिल्ली आवास पर ईडी द्वारा की गई तलाशी के संबंध में एक शिकायत को लेकर की गई है। एफआईआर में ईडी के सीनियर अधिकारियों पर दिल्ली में हेमंत सोरेन के आवास पर की गई तलाशी का आरोप लगाया गया है। इस एफआईआर में ईडी के अतिरिक्त निदेशक कपिल राज, सहायक निदेशक देवव्रत झा और अनुमान कुमार और अमन पटेल के साथ-साथ अज्ञात अधिकारियों का नाम शामिल है। इसमें हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया कि उनके दिल्ली आवास पर ईडी का तलाशी अभियान उन्हें और उनके समुदाय को परेशान करने और बदनाम करने के इरादे से चलाया गया। ईडी के अधिकारियों ने मीडिया को इसकी जानकारी लीक की, जिससे जनता की नजर में उनकी प्रतिष्ठा धुमिल हो जाए।

# लोकेश चौधरी के बॉडीगार्ड धर्मेंद्र तिवारी की जमानत पर सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

## अग्रवाल बंधु हत्याकांड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लालपुर निवासी हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल की हत्या मामले में मुख्य साजिशकर्ता लोकेश कुमार चौधरी के बॉडीगार्ड धर्मेंद्र कुमार तिवारी की ओर से दायर क्रिमिनल अपील की सुनाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में धर्मेंद्र कुमार तिवारी की ओर से जमानत का आग्रह करते हुए दायर हस्तक्षेप याचिका (आईए) पर दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। जिसके बाद हाई कोर्ट की खंडपीठ ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। आरोप है कि धर्मेंद्र ने लोकेश के कहने पर अपनी बंदूक से गोली चलाई थी जिससे चर्चित हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल की मौत हो गई थी। धर्मेंद्र आर्मी से सेवानिवृत हुआ था वह लोकेश चौधरी के यहां उनके बॉडीगार्ड के रूप में काम करता था। पुलिस की जांच में यह बात आई थी कि गोली धर्मेंद्र कुमार के राइफल से ही चली थी। पुलिस ने घटनास्थल पर बरामद खोखा एवं धर्मेंद्र के राइफल दोनों की जांच की थी।

मामले में लोकेश चौधरी की जमानत पूर्व में हाई कोर्ट ने खारिज कर दी है। दरअसल, इस हत्याकांड में अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने जून 2023 में लोकेश कुमार चौधरी, सुनील सिंह, धर्मेंद्र कुमार तिवारी को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। लोकेश और धर्मेंद्र ने निचली अदालत द्वारा सुनाई सजा को हाई कोर्ट में क्रिमिनल अपील दायर कर चुनौती दी है।

### क्या है मामला

लोकेश चौधरी ने लालपुर निवासी हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल को अशोक नगर स्थित एक न्यूज कार्यालय में 6 मार्च 2019 को बुलाया था। विवाद होने पर उनकी हत्या गोली मार कर की गयी थी। मामले को लेकर अरगोड़ा थाना के प्राथमिकी दर्ज हुई थी। हत्याकांड के मुख्य आरोपी लोकेश कुमार चौधरी घटना को अंजाम देने के बाद से फरार रहा था। दिसंबर 2020 में उसने कोर्ट में सरेंडर किया था।

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
13.09.2024
* * नगर संस्करण। पेज :12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net भादो, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 65



12 'द बकिंघम मर्डर्स' आज होगी रिलीज

## न्यूज डायरी

### झारखंड में निकाय चुनाव का रास्ता साफ

**रांची।** झारखंड में निकाय चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सरकार की अपील याचिका खारिज दी। खंडपीठ ने एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखने का आदेश दिया है। एकल पीठ ने 4 जनवरी 2024 को तीन सप्ताह के भीतर निकाय चुनाव कराने की अधिसूचना जारी करने का आदेश दिया था।

### केजरीवाल की जमानत पर सुप्रीम फैसला आज

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित सीबीआइ के मुकदमे में सीएम अरविंद केजरीवाल की जमानत की मांग और गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिकाओं पर शुक्रवार को अपना फैसला सुनायेगा। पीठ ने पांच सितंबर को सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### हाइकोर्ट से इरफान को बड़ा झटका, चलेगा केस

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट से राज्य सरकार के मंत्री डॉ इरफान अंसारी को बड़ा झटका लगा है। अदालत ने सुनवाई के बाद गुरुवार को उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने दुमका सिविल कोर्ट द्वारा चार्ज फ्रेम किये जाने को चुनौती दी थी। याचिका खारिज होने के बाद अब ट्रायल कोर्ट इस मामले की सुनवाई शुरू करेगा। 2018 में दुष्कर्म की शिकार एक बच्ची की फोटो अस्पताल से वायरल होने के मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ अदालत ने संज्ञान लिया था।

### सुप्रीम कोर्ट में आयोग ने कहा मदरसों में सही शिक्षा नहीं

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मदरसों से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने अपनी दलील पेश की। आयोग ने कहा कि मदरसों में दी जाने वाली शिक्षा व्यापक नहीं है। यह शिक्षा के अधिकार अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करती है। आयोग ने यह भी कहा कि मदरसों में इस्लाम को सर्वोच्च माना जाता है। इस्लाम की शिक्षा को ही प्रमुखता दी जाती है।

### रिटायर डीएसपी को एक साल की सजा

**मोरबी।** गुजरात के मोरबी जिले के पूर्व सीटी पीआइ और अब सेवानिवृत्त (रिटायर) डीएसपी एमएफ जादव को मोरबी कोर्ट ने सजा सुनायी है। 2004 में दर्ज शिकायत की सुनवाई के बाद कोर्ट ने पुलिस अधिकारी को साधारण कारावास और जुमार्ने की सजा सुनायी। उनके विरुद्ध मोरबी के मुख्य मजिस्ट्रेट की अदालत में झूठे कबूलनामे और गैरकानूनी थर्ड डिग्री के लिए शिकायत दर्ज की गयी थी। इस मामले में पुलिस के खिलाफ नामदार कोर्ट में शिकायत दर्ज करने का आदेश सुनाया गया।

## डेमोग्राफी में बदलाव पर हाइकोर्ट में केंद्र का जवाब, कई तथ्य पेश

# संथाल में आदिवासी घटे मुस्लिम और ईसाई बढ़े

### मदरसे बढ़े गिफ्ट डीड के जरिये दी जा रही जमीन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** संथाल परगना के कई इलाकों में बांग्लादेशी घुसपैठ को रोकने और इसकी जांच मामले को लेकर दायर जनहित याचिका पर गुरुवार को केंद्र सरकार और यूआइडीएआइ ओर से झारखंड हाईकोर्ट में अपना हलफनामा दाखिल कर दिया है। हलफनामे में केंद्र सरकार ने यह माना है कि पिछले कुछ वर्षों में संथाल की डेमोग्राफी में बड़ा बदलाव आया है। केंद्र ने संथाल की मौजूदा परिस्थितियों से अवगत कराते हुए कहा कि पिछले लगभग एक दशक में आदिवासियों की संख्या तेजी से घटी है। केंद्र सरकार के मुताबिक घुसपैठ मुख्य रूप से साहिबगंज और पाकुड़ जिले में हुई है, जो पश्चिम बंगाल से सटे हुए है। पिछले कुछ सालों में इसी वजह से मदरसों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। ईसाई समुदाय की संख्या भी बढ़ी है। केंद्र ने कहा है कि इसमें सिर्फ घुसपैठ ही नहीं धर्मांतरण और पलायन भी शामिल है। हाईकोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई अब 17 सितंबर को होगी।

**केंद्र सक्षम, पर एनआरसी जरूरी**

: शपथ पत्र में केंद्र ने स्थिति को देखते हुए संथाल में एनआरसी लागू करने की जरूरत बतायी। साथ ही कहा कि उनके पास घुसपैठियों की शिनाख्त करने और वापस भेजने की क्षमता है लेकिन इसके लिए एनआरसी लागू किया जाना बेहद जरूरी है। केंद्र की ओर से दी गयी जानकारी में यह भी बताया गया है कि संथाल इलाके में पिछले कुछ वर्षों में मदरसों की संख्या में भी काफी इजाफा हुआ है। मदरसों में सबसे ज्यादा इजाफा सीमावर्ती साहिबगंज और पाकुड़ जिले में हुआ है। वहीं आधार (यूआइडी) ने भी जवाब दाखिल किया। बताया कि आधार, नागरिकता का आधार नहीं हो सकता, यह महज यूनिक आइडेंटिफिकेशन के रूप में लोगों को चिन्हित करने जैसा है।

(शेष पेज 11 पर)


### 44% से घटकर 28% रह गये आदिवासी

केंद्र ने मौजूदा परिस्थितियों से अवगत कराते हुए कहा कि पिछले लगभग एक दशक में आदिवासियों की संख्या तेजी से घटी है। 1951 तक आदिवासियों की जनसंख्या 44.67 प्रतिशत थी, जो 2011 में घटकर 28.11 प्रतिशत रह गयी है। राष्ट्रीय स्तर पर ईसाई आबादी में 231 प्रतिशत का इजाफा हुआ। संथाल परगना में ईसाई आबादी का ग्रोथ रेट अप्रत्याशित है। केंद्र सरकार ने काउंटर एफिडेविट में संथाल के भूमि कानून की खामियों का भी जिक्र किया है। यहां दानपत्र के जरिए आदिवासी जमीन गैर आदिवासी को दी जाती है। इसी आधार पर मुस्लिम जमीन ले रहे हैं। रिपोर्ट में 18 जुलाई 2024 को पाकुड़ में जमीन को लेकर हुए विवाद का जिक्र किया गया है। हालांकि, केंद्र ने यह भी कहा है कि अभी तक जमीन से जुड़े मामलों में बांग्लादेशी के शामिल होने की पुष्टि नहीं हुई है। केंद्र ने गंभीरता से बताया है कि संथाल परगना टेंडेंसी एक्ट (एसपीटी) का वायलेशन हो रहा है। बाहर से लोग आ रहे हैं और घुसपैठ को संरक्षण दिया जा रहा है।

## नहीं रहे सीताराम येचुरी

- पीएम समेत तमाम नेताओं ने जताया शोक
- परिजनों ने एम्स को देह दान की

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** सीपीआइ एम के महासचिव और पूर्व राज्यसभा सांसद सीताराम येचुरी (72) का गुरुवार को निधन हो गया। लंबे समय से दिल्ली के एम्स में उनका इलाज चल रहा था। येचुरी ने 2015 में प्रकाश करात की जगह सीपीएम महासचिव का पद संभाला था। एम्स ने अपने बयान में कहा है कि गुरुवार दोपहर 3:05 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। परिवार ने उनके पार्थिव शरीर को शिक्षण और शोध उद्देश्यों के लिए एम्स को दान कर दिया है। शरीर दान करना एक निस्वार्थ कार्य है जो हेल्थ सर्विस और मेडिकल प्रोसेस के लिए भविष्य में लाभ पहुंचाता है। इसका इस्तेमाल मेडिकल छात्र और पेशेवर मानव शरीर रचना का विस्तार से अध्ययन के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

श्री येचुरी के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा समेत तमाम नेताओं से शोक जताया है। चेन्नई में 12 अगस्त 1952 को एक तेलुगु भाषी ब्रह्मण परिवार में सीताराम येचुरी का जन्म हुआ था। पिता सर्वेश्वर सोमयाजुला येचुरी सड़क परिवहन निगम में इंजीनियर थे और मां एक सरकारी अफसर थीं। 1969 में तेलंगाना में हुए आंदोलन के बाद वे दिल्ली आ गये थे।

**पारिवारिक जीवन**

माकपा नेता सीताराम येचुरी ने बीबीसी की तेज तर्रार पत्रकार सीमा चिश्ती से दूसरा विवाह किया था। उनकी पहली शादी वामपंथी कार्यकर्ता और नारीवादी डॉ। वीना मजूमदार की बेटी इंद्राणी मजूमदार के साथ हुई थी। (शेष पेज 11 पर)

# कुएं में मिला मां और तीन बच्चों के शव

## चार शव मिलने से कुडू में सनसनी, मां के साथ बंधे थे तीनों बच्चे

### दो दिन पूर्व मायके जाने के नाम पर निकली थी घर से

**खबर मंत्र संवाददाता**

कैरो। कुडू थाना क्षेत्र के तान मकरा स्थित मकरा घाट के पास कुआं में गुरुवार दोपहर महिला समेत 3 बच्चों के शव मिलने से सनसनी फैल गयी। हुदू निवासी फूलदेव मुंडा की पत्नी अपने बच्चो के साथ मंगलवार को मायके जाने के नाम पर घर से निकली थी। उसके बाद नही लौटी। गुरुवार को कुंआ में शव मिलने की खबर आग की तरह फैल गयी। कैरो थाना पुलिस जानकारी मिलते ही घटना स्थल पहुंची और शव को बाहर निकाला। शवों की पहचान फूलदेव उरांव की पत्नी उषा मुंडा (26), सात साल की बेटी दिव्या मुंडा, चार साल का बेटा शिवम मुंडा और एक साल का सत्यम मुंडा के रूप में की गयी। मां के साथ तीनों बच्चे बंधे हुए थे। पुलिस के अनुसार शव को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि मौत एक दिन पूर्व ही हो गयी होगी।

**तरह-तरह की चर्चा**

इस घटना के बाद क्षेत्र में तरह तरह की चर्चा हो रही है। कुछ लोग पारिवारिक विवाद में खुदकुशी बता रहे हैं, तो कोई बड़ी आशंका जता रहे हैं। पोस्टमार्टम के बाद ही इस मामले का खुलासा हो पायेगा। पुलिस हर मामले की जांच में जुटी है। लोग आशंका जता रहे हैं कि महिला की तीन बच्चों के साथ किसी ने कूएं में डाला है। गुरुवार को दोपहर लगभग 12 बजे कुडू थानाक्षेत्र के मकरा के कुछ चरवाहों और ग्रामीणों ने एक खेत स्थित मकड़ा घाट कुआं में चार शव को देखने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। जिस कुएं में चारो का शव पाया गया ससुराल से मात्र दो किलोमीटर दूर में है। पुलिस घटनास्थल पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद चारों शवों को कुएं से बाहर निकालकर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया है।

## बड़गाई जमीन घोटाले में एसीबी का छापा दूसरे दिन खत्म

# शैलेश के यहां से 22 लाख कैश, 11 डीड मिले

### मनोज कुमार के यहां से 1.02 करोड़ के डुपलेक्स के दस्तावेज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** बड़गाईं अंचल की जमीन के रिकॉर्ड में छेड़छाड़ से जुड़े मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) टीम का छापामारी दूसरे दिन गुरुवार को भी जारी रही। हजारीबाग के सदर एसडीएम शैलेश कुमार और नोवामुंडी अंचलाधिकारी चाईबासा मनोज कुमार के ठिकानों पर देर शाम रेड खत्म हुई। छापेमारी के बाद एसीबी ने बताया कि हजारीबाग एसडीएम शैलेश कुमार के विभिन्न ठिकानों से 22 लाख नकद, 11 जमीन के डीड, 11 पीस मोबाइल, दो लैपटॉप और एक टैब जब्त किया गया है। वहीं, नोवामुंडी अंचलाधिकारी मनोज कुमार के ठिकानों से धनबाद जिले में 4 डिसमिल और 6 डिसमिल जमीन संबंधी दस्तावेज, रांची में करीब 1.02 करोड़ का एक डुप्लेक्स संबंधी दस्तावेज, आवास से प्राप्त एसबीआई का पासबुक और दो मोबाइल शामिल है।

(शेष पेज 11 पर)

### आगे की जांच शुरू

दोनों अधिकारियों के खिलाफ जमीन में गड़बड़ी करने के साक्ष्य मिले हैं। आगे की जांच के बाद ईडी भी इन अधिकारियों के खिलाफ जांच कर सकती है। एसीबी के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रांची के राधा कृष्णा अपार्टमेंट में मनोज कुमार के दो फ्लैट मिले हैं, जिसकी जांच की जा रही है। वहीं शैलेश कुमार का रांची के चिरौंदी में एक आलीशान घर भी मिला है।

## डाक्टरों की हड़ताल व वार्ता पर तनातनी

# ममता बोलीं, मैं इस्तीफा देने को तैयार ...



**कोलकाता(एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में पिछले महीने ट्रेनी डॉक्टर की रेप के बाद हत्या के मामले में हड़ताल कर रहे जूनियर डॉक्टरों से राज्य सरकार की बातचीत गुरुवार को भी नहीं हो सकी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हड़ताली डॉक्टरों से बातचीत करने के लिए दो घंटे तक इंतजार करती रहीं लेकिन डॉक्टर बातचीत करने नहीं आये। इस गतिरोध पर ममता बनर्जी ने कहा है कि वह लोगों की खातिर इस्तीफा देने को तैयार हैं। डॉक्टर की हत्या मामले में मैं भी न्याय चाहती हूं। उन्होंने कहा, मैं बंगाल के लोगों से माफी मांगती हूं, जिन्हें उम्मीद थी कि आज आरजी कर मामले में गतिरोध खत्म हो जायेगा। इससे पहले हड़ताली डॉक्टरों ने बैठक की लाइव स्ट्रीमिंग करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के साथ मीटिंग करने से इनकार कर दिया। मुख्यमंत्री ममता ने साफ शब्दों में कहा कि वह आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेंगी।दो दिन पहले हड़ताली डॉक्टरों ने मुख्य सचिव से बात करने से इनकार करते हुए मुख्यमंत्री से बातचीत करने की मांग की थी। उस दिन भी मुख्यमंत्री राज्य सचिवालय में मुख्य सचिव के साथ करीब ढाई घंटे तक इंतजार करती रहीं लेकिन डॉक्टरों ने मुख्य सचिव के मेल का जवाब तक नहीं दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने जूनियर डॉक्टरों से मिलने के लिए आज भी दो घंटे तक इंतजार किया, लेकिन वे बैठक स्थल पर नहीं आए।

## घुसपैठियों के मुद्दे पर भ्रम फैला रही भाजपा: दीपिका

**दुमका।** कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठाकर भाजपा भ्रम फैला रही है। वह गुरुवार को एक केस के सिलसिले में दुमका कोर्ट आयी थीं। यहां उन्होंने से मीडिया से बातचीत के दौरान ये बाते कहीं। इसके बाद मंत्री ने पशु अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में भी भाग लिया। मंत्री ने भाजपा वालों से यह सवाल करना चाहिए कि झारखंड राज्य की सीमा न रेल मार्ग से न जल मार्ग से किसी भी देश से नहीं मिलती है। ऐसे में दूसरे राज्य के रास्ते अगर कोई घुस रहा है तो इसके लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है। इसपर जवाब गृहमंत्री अमित शाह को देनी चाहिए। भाजपा के पास कोई मुद्दा नही है। पहले हिन्दू-मुस्लिम के मुद्दे पर लड़ाया और अब आपसी सौहार्द्र बिगाड़ने के लिए इस तरह की मुद्दों को लाकर भटकना चाहती है। वे जनहित की मुद्दे पर बात ही नहीं करना चाहते।

# 14-15 को भारी बारिश की संभावना

### वज्रपात की आशंका को ले कर येलो अलर्ट जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** बंगाल की खाड़ी में बना साइक्लोनिक सकुर्लेशन और साउथ-वेस्ट मानसून झारखंड में सक्रिय है। राजधानी रांची में बीते 24 घंटे में हल्की बारिश देखी गयी। रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने गुरुवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर राज्य में अच्छा खासा पड़ने वाला है। कुछ जिलों में तेज बारिश के साथ वज्रपात की आशंका है, इसलिए लोगों को काफी सचेत रहने की जरूरत है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी कर दिया है।

उन्होंने बताया कि राज्य में 16 सितंबर तक भारी बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 13 सितंबर को राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्से में भारी बारिश होने की संभावना है जबकि अन्य हिस्से में मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। इसमें दुमका, गोड्डा, गढ़वा, पाकुड़, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, साहेबगंज में भारी बारिश की संभावना है। 14 और 15 सितंबर को मध्य, दक्षिणी पश्चिम और उत्तर पूर्व में भारी बारिश की जानकारी दी गयी है। इसे लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। इसके तहत दुमका, गोड्डा, गढ़वा, पाकुड़, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, साहेबगंज, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां समेत अन्य जिलों में भारी बारिश की जानकारी दी गयी है। इस दौरान इन जिलों में भारी बारिश के साथ ही वज्रपात के लिए भी चेतावनी जारी की गयी है। 16 सितंबर को राज्य के पश्चिमी हिस्से में भारी बारिश की चेतावनी है। इसके लिए विभाग ने येलो अर्लट जारी किया है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 85000 रु./प्रति किलो |




# करम पर्व की पूर्व संध्या पर लाखों बहनों को बड़ी सौगात

मंईयां

### 45 लाख महिलाओं के खाते में सीएम आज भेजेंगे दूसरी किस्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बोकारो के लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोम गाढ़ की पवित्र भूमि ललपनिया से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करम पर्व की पूर्व संध्या पर लाखों बहनों को बड़ा उपहार देंगे। शुक्रवार को सीएम झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत राज्य की 45 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खाता में दूसरी किस्त का हस्तांतरण करेंगे। इससे पहले विभिन्न चरणों में पहली किस्त का हस्तांतरण किया जा चुका है। योजना का लाभ देने के लिये अबतक 48,15,048 महिलाओं का निबंधन हुआ है। अबतक 45,36,597 महिलाएं सम्मान राशि से लाभान्वित हो चुकी हैं। हर महीने की 15 तारीख तक हर बहन के खाते में सम्मान राशि दी जा चुकी है।

**18 से 50 वर्ष की बहनों को लाभ**

सीएम के आदेश और कैबिनेट की स्वीकृति के बाद अब राज्य की 18 से 20 वर्ष की बेटियों को भी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जोड़ने की पहल शुरू हो चुकी है। जल्द इन्हें भी सम्मान राशि प्राप्त होने लगेगी। मालूम हो कि इससे पहले तक 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को योजना से जोड़ने का प्रावधान था।

**ऐसे बढ़ रहा योजना का कारवां**

03 अगस्त 2024 से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए आवेदन लेना प्रारंभ हुआ। 18 अगस्त को पहली बार योजना के तहत पाकुड़ की 80 हजार से अधिक, 22 अगस्त को पलामू प्रमंडल के लातेहार, मेदिनीनगर और गढ़वा की 2.50 लाख से अधिक, 24 अगस्त को उत्तरी छोटानागपुर के रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद और बोकारो जिले की 13 लाख 94 हजार से अधिक महिलाओं के खाते में सम्मान राशि भेजी जा चुकी है। इसी तरह संताल परगना के देवघर, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज, दुमका और जामताड़ा, कोल्हान प्रमंडल और दक्षिणी छोटानागपुर के रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा की 07 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खाते में 70 करोड़ 50 लाख का हस्तांतरण किया गया है।

## सीएम से मिले नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक

**रांची।** झारखंड क्षेत्रीय कार्यालय नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक एसके जहागीरदार ने गुरुवार को सीएम आवास में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से से मुलाकात की। श्री जहागीरदार ने कहा कि राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक राज्य में ग्रामीण आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार एवं नाबार्ड के बीच जल्द एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये जाने को लेकर मुख्यमंत्री के साथ उनकी चर्चा हुई। सीएम से उन्होंने कहा कि एमओयू के बाद नाबार्ड द्वारा प्राथमिकता के साथ राज्य में ग्रामीण आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिये अतिरिक्त फंड उपलब्ध कराया जा सकेगा। इस अवसर पर सीएम ने नाबार्ड इन झारखंड पुस्तक का विमोचन भी किया।



पुस्तक में वित्तीय वर्ष 2023-24 में नाबार्ड द्वारा राज्य में किये गये विकास कार्यो का ब्यौरा समाहित है। मौके पर सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, नाबार्ड के महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

### अल कायदा से जुड़े रांची के डा इश्तियाक 26 तक न्यायिक हिरासत में

**नयी दिल्ली।** रांची के डॉ. इश्तियाक समेत आतंकी संगठन अल कायदा से जुड़े आतंकी मॉड्यूल के 11 आरोपियों को 26 सितंबर तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली पुलिस ने इन आरोपितों को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया था। दरअसल, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अगस्त में झारखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की पुलिस के साथ मिलकर 17 ठिकानों पर दबिश डालकर एक संयुक्त अभियान के तहत इन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस आतंकी मॉड्यूल का नेतृत्व रांची निवासी डॉ. इश्तियाक कर रहा था।


चैनपुर प्रखंड के कर्पूरी चौक के टेंपो व छोटे-बड़े वाहनों से हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है जिसमें स्कूली वाहन इत्यादि का आना-जाना हमेशा दुर्लभ बना रहता है।

## स्पीड न्यूज

### विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड बिहार के पुलिस अधिकारियों की बैठक



**औरंगाबाद/ पलामू।** आगामी विधानसभा चुनाव (झारखंड) के मद्देनजर गुरुवार को जिलाधिकारी औरंगाबाद, एसपी औरंगाबाद, एसपी पलामू की संयुक्त बैठक सर्किट हाउस औरंगाबाद में हुई। जिसमें झारखंड राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के एसडीपीओ, एसडीएम एवं थाना प्रभारी, औरंगाबाद जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों के एसडीपीओ, एसडीएम, थानाध्यक्ष एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ अंतराज्यीय सीमा समन्वय बैठक हुई। इस बैठक में बूथों की सुरक्षा, अपराधियों और नक्सल गतिविधियों के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी।

### भाजपा की रायशुमारी में जुटे रहे लोग

**छतरपुर पलामू।** विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व चुनाव जीतने के लिए कई प्रकार की तैयारी कराई जा रही है। इस कड़ी में छतरपुर पाटन विधानसभा में भाजपा का प्रत्याशी कौन होगा, जनता और कार्यकर्ता की क्या मंशा है इन सारी बातों को समझने के लिए पार्टी के लोगों ने रायशुमारी की प्रणाली अपनाया है। बुधवार को पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत छतरपुर के गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल डिग्री कालेज में रायशुमारी के लिए भाजपा नेताओं की जमावड़ा दिन भर लगा रहा। कार्यक्रम में चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी पुष्पा देवी, घूरन राम, प्रभात भुइयां, अनीता देवी समेत उनके समर्थक भी पूरे जोश में नारेबाजी करते पहुंचे।

### ओबीसी एकता व अधिकार मंच की गढ़वा रंका विस स्तरीय बैठक 15 को: गोरखनाथ




**विश्रामपुर पलामू।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच की प्रेस वार्ता में केंद्रीय सचिव ओ बी सी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के गोरखनाथ चौधरी, रविंद्र नाथ ठाकुर, सोनू यादव, डॉ इश्तियाक रजा ने कहा कि 15 सितंबर को गढ़वा शहर के उत्सव गार्डन में गढ़वा रंका विधानसभा स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक होगी। जिसमें गढ़वा विधानसभा के छः प्रखंड से पिछड़ा वर्ग के नेता शिरकत करेंगे। इसमें पूरे विधानसभा क्षेत्र में जागरूकता रथ निकालकर पिछड़ा समाज के लोगों को एकत्रित करने, नुक्कड़ सभा करने सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी। इसके मुख्य अतिथि मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद होंगे। सभी पिछड़ा वर्ग के साथियों से इस महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लेने की अपील की गई है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से हमीदुल्लाह अंसारी, पप्पू कमलापुरी, रवि पटेल, धीरज गुप्ता आदि मौजूद थे।

### सघन जांच कई वाहन किये गये जब्त



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक इंचार्ज समाल अहमद के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस लगातार सघन वाहन जांच अभियान चला रही है। गुरुवार को शहर के छह मुहान चौक पर बाइक चेकिंग अभियान चला। पुलिस ने तीन पहिया, चार पहिया व दो पहिया वाहनों को रोक चालकों से वाहनों के कागजात व ड्राइविंग लाइसेंस देखे। कई चालकों के पास वाहनों के कागजात नहीं थे। कई वाहनों का बीमा नहीं था। कई चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं थे। पुलिस ने नो पार्किंग में सवारी बैठाने पर वाहनों को जब्त कर शहर थाना ले आयी है। इसमें 22 टेंपो तथा ई रिक्शा जब्त किया गया है। 01 ट्रक नो एंट्री में पकड़ा गया। सीजीएम कार्यालय से 15 बाइक का चालान राशि 35,000 तथा 05 टेंपो का फाइन 6,250 रुपया आया है। वाहन चालकों ने कुल चालान राशि 44,750 रुपये जमा कर वाहनों को ले गये।

### श्रीराम के चरित्र को आत्मसात करने की जरूरत है : चंद्रशेखर सिंह छोटू



**मेदिनीनगर।** रामलीला में श्रीराम के चरित्र का चित्रण होता है। रामलीला देख बच्चों से लेकर बड़े लोग राम के चरित्र को आत्मसात करते हैं। उक्त बातें अजसू पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य चंद्रशेखर सिंह छोटू ने कही। वे बुधवार को चैनपुर प्रखंड के पतरिया खूर्द गांव में आयोजित गणेश पूजा पर रामलीला कार्यक्रम के शुभारंभ मौके पर बोल रहे थे। कहा कि संबंध कैसे निभाया जाये, ये रामलीला से सीखने को मिलता है। मौके पर पार्टी नेता जिला संगठन सचिव सतीश तिवारी, राजीव पांडे, बबलू डोगरा, परमानंद सिंह, प्रेम सिंह, ओम प्रकाश सिंह, प्रमोद प्रजापति, मनदीप चौधरी, दारोगा सिंह, अमन, बुधन चौधरी, राजेश चौधरी, रवि पांडे भी थे।

### बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ने की वार्षिक आम सभा



**चैनपुर पलामू।** बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड चैनपुर प्रखंड के लघु एवं सीमांत किसानों द्वारा संचालित वार्षिक आम सभा की गयी। मुख्य अतिथि चैनपुर जिला पार्षद प्रमोद सिंह, चैनपुर प्रखंड उप प्रमुख सुनील सिंह, भाजपा के पथरा मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी, बासडीह मुखिया लालबहादुर भुइयां, जिला उद्यान अधिकारी शैलेंद्र कुमार, चैनपुर बीओ अभिषेक कुमार, बीटीएम चैनपुर प्रियंका कुमार भी थे।

# सरकार की नीति के विरोध में उतरा पलामू झासा काला बिल्ला लगाकर किया विरोध

- सरकार जब तक हमारी मांगों पर विचार नहीं करती है तब तक आंदोलन रहेगा जारी : डीडीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**


काला बिल्ला लगाकर लोगों का काम करते डीडीसी शब्बीर अहमद।

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ शाखा पलामू सरकार के विरोध में कमर कसकर आंदोलन में उतर चुकी है। पलामू के झारखंड प्रशासनिक पदाधिकारियों ने गुरुवार को काला बिल्ला लगाकर अपने अपने कार्यालयों में कार्यों का निष्पादन किया। डीडीसी मो शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने बैठक की। डीडीसी ने कहा कि झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के अनुसार हमलोगों को आंदोलन में भाग लेना है। 13 सितंबर तक हम सभी काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे। लंबित मांगों को लेकर राज्य संगठन समय समय पर सरकार के समक्ष रखा है लेकिन अभी तक सरकार हमारी मांगों पर कोई विचार नहीं की है। हमें सिर्फ आश्वासन देकर छला जा रहा है। इस कारण सरकार के उदासीन रवैये के विरोध में संघ आंदोलन छेड़ा है। जिसमें झारखंड के तमाम प्रशासनिक सेवा के अधिकारी आंदोलनरत्त हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य अलग होने के बावजूद सरकार द्वारा झारखंड प्रशासनिक सेवा का पुनर्गठन नहीं किया गया है जो बिहार मॉडल पर ही आधारित है।

**खास बातें :** उन्होंने कहा कि सेवा संरचना का सुधार कर उसे बेहतर बनाने के बजाय राज्य सरकार द्वारा गैर राज्य असैनिक सेवा के पदाधिकारी को भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति देने का काम किया जा रहा है। जिसका संघ विरोध करता है। उन्होंने कहा कि सरकार जब तक हमारी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए समाधान नहीं करती है तो यह आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में एसी कुंदन कुमार, एलार्ड डीसी प्यारे लाल, एसडीएम अनुराग तिवारी, डीएसओ प्रीती कुजूर, सदर सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा, डीडब्लूओ रामसेवक साहु, जिला दंडाधिकारी रश्मि रंजन, बिक्रम आनंद, जिला निर्वाचन उप पदाधिकारी, पंडवा सह विश्रामपुर बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद समेत जिले के कई अधिकारियों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रकट किया।

# 11 सूत्री मांगों पर सरकार नहीं दिखा रही गंभीरता : सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- सदर सीओ ने काला बिल्ला लगाकर जनता का किया काम, प्रथम चरण में पूरे राज्य के प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने 13 सितंबर तक लगाया काला बिल्ला


काला बिल्ला लगाकर जनता का कार्य कर रहे सदर सीओ अमरदीप सिंह।

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के द्वारा सरकार के विरोध में आंदोलन चलाया जा रहा है। प्रथम चरण में पूरे राज्य के प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने 13 सितंबर तक काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रकट कर रहे हैं। इसी के तहत सदर सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा ने काला बिल्ला लगाकर अपने कार्यालय कक्ष में बैठकर जनता के कार्यों का निष्पादन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य संगठन के द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में पलामू जिला के झासा के तहत जितने भी प्रशासनिक अधिकारी हैं वे अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रकट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी की मांग लंबित है जिस पर सरकार अपनी गंभीरता नहीं दिखा रही है। इसलिए बाध्य होकर राज्य संगठन के द्वारा 11 सूत्री लंबित मांगों को लेकर आंदोलन छेड़ा गया है। इस आंदोलन के तहत पलामू में भी विरोध प्रकट किया जा रहा है।

**पर्यावरण धर्म :** ट्री मैन डॉ कौशल ने पौधा लगाकर किया कार्यक्रम का उद्घाटन, बोले

# गर्मी-जल संकट से मुक्ति के लिए अपनाना ही होगा पर्यावरण धर्म

- डॉ कौशल ने डाली में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आये पदाधिकारी को थाईलैंड का आम पौधा देकर किया विदा

**खबर मन्त्र संवाददाता**


पौधा लगाते पर्यावरणविद पार्षद अमित, मुखिया पूनम, अधिकारी व अन्य।

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर में नेशनल मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क सह जैविक उद्यान में बुधवार को विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने सरकार की ओर से आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में आए पदाधिकारी को थाईलैंड का आम का पौधा देकर उन्हें विदा किया। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम के पौधा लगाकर किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण व भीषण गर्मी व जल संकट को नहीं रोका गया तो एक दिन लोग डायनासोर की तरह विलुप्त हो जायेंगे। इससे बचने के लिए दुनिया के तमाम लोगों को अपना धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों को अपनाना होगा।

**खास बातें :** कौशल नगर बाजार प्रांगण में ट्री मैन डॉ कौशल, प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार, नोडल पदाधिकारी संजय प्रसाद, छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, प्रखंड के बड़ाबाबू नवाब खान, सीडीपीओ शीला, 20 सूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह, प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख संतोष यादव, डाली पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल, चराई मुखिया रविंद्र राम सुपरवाइजर मनीषा कुमारी, उप मुखिया नगीना खातून पंसस शहाबुद्दीन अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया।

# पिछले कार्यकाल में बनाये गये पथ का किसी ने मरम्मत नहीं कराया : कमलेश

- विधायक ने हुसैनाबाद की चार महत्वपूर्ण सड़क निर्माण का किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**


सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करते विधायक व उपस्थित अन्य।

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद प्रखंड की चार महत्वपूर्ण सड़कों देवरी मुख्य पथ से ग्राम कुसुआ, छतरपुर मुख्य पथ से बसडीहा, कचरा मुख्य मुख पथ का शिलान्यास के मौके पर हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की सभी सड़कों का निर्माण उन्होंने 2005 के कार्यकाल में कराने का काम किया था। उन सड़कों पर किसी जन प्रतिनिधि ने मरम्मत तक नहीं कराना उचित समझा। पुनः उन सड़कों का इस कार्यकाल में जीर्णोद्धार उन्होंने ही किया। यह जनता देख रही है।

**खास बातें :** जिन कथित नेताओं को विकास नहीं दिख रहा है, उन्हें जनता दिखा देगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने हुसैनाबाद हरिहरगंज की एक एक समस्या सड़क स्वास्थ्य बिजली शिक्षा के साथ साथ अनेक उल्लेखनीय कार्य किया है, जिसे गिनने में पूरा दिन लग जायेगा। अगर किसी ने उनसे पहले भी कुछ किया है, तो जनता की अदालत में प्रस्तुत कर सकते हैं। कमलेश की कथनी और करनी में अंतर नहीं होता है। उन्होंने कहा कि वह जात धर्म संप्रदाय की राजनीति में विश्वाश नहीं रखते हैं। सिर्फ क्षेत्र के विकास की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के 95 प्रतिशत समस्या का समाधान उन्होंने करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आगे भी यह जारी रहेगा। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, अभिषेक सिंह उर्फ हरी, सतेंद्र सिंह, ओम प्रकाश राजवंशी, बबिता सिंह, पप्पू सिंह गोरख पासवान, गुडु पाल, शिवलाल राम, रजनीश सिंह,विमलेश सिंह, विजय राजवंशी, राजू सिंह, हंसराज सिंह, सतेंद्र सिंह, रतन लाल, रजनीश मिश्रा, अपु सिंह, अजय सिंह, उपेंद्र राजवंशी के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

# संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में हिंदी दिवस पर विचार गोष्ठी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में गुरुवार को हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभागार में एक विचार गोष्ठी आयोजित किया गया जिसका उदघाटन प्राचार्य संतोष मिश्रा व रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के प्रो राकेश कुमार शुक्ला ने किया। प्राचार्य संतोष मिश्रा ने कहा कि आज मॉडर्न दिखने - दिखाने के चक्कर मे लोग विश्व की सबसे महान भाषा हिंदी को भूलते जा रहे हैं। हिंदी भाषा को सही तरीके से समझने की जरूरत है। अपनी मातृभाषा हिन्दी को दैनिक बोलचाल की भाषा में ज्यादा प्रयोग करें। मौके पर थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि हम सब हिंदी भाषी होने पर गौरवांवित हैं। पूरे गर्व के साथ हम सब को हिंदी भाषा का प्रयोग करना चाहिए। हिंदी भाषा देश की एकता का सूत्र भी है।

# गणिनाथ गोविंदजी महाराज का 44वां महोत्सव धूमधाम से मनेगा: प्रभात गुप्ता

- 14 को अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा मनायेगा गणिनाथ महोत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी परमपूज्य बाबा संत शिरोमणि श्रीश्री गणिनाथ गोविंद जी महाराज का 44वां वार्षिक महोत्सव का आयोजन अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा पलामू के द्वारा गांधी स्मृति टाउन हॉल में 14 सितंबर को किया जायेगा। इसकी जानकारी होटल रिलेक्सीन में जिलाध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता पिंटु ने प्रेस वार्ता में दिया। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव 14 सितंबर को टाउन हॉल में मनाया जा रहा है। जिसमें युवा कमिटी व महिला कमिटी के लोगों द्वारा आकर्षक शोभा यात्रा निकाली जायेगी। साथ ही साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जायेगा। उन्होंने वैश्य समाज के लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में पलामू जिला के प्रत्येक प्रखंड, पंचायत व गांव से स्वजाति बंधु सपरिवार कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी एकजुटता का परिचय दें।

### अंजू-अभिमन्यु टीम की प्रखंड कमेटी में ओम बने अध्यक्ष



**विश्रामपुर (पलामू)।** अंजू-अभिमन्यु टीम के विश्रामपुर प्रखंड कमेटी का गठन गुरुवार को हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व पंसस ओम प्रकाश पांडेय उर्फ गुड्डू को प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। अभिमन्यु सिंह उर्फ बब्लू सिंह ने श्री पांडेय को एक सादे समारोह में मनोनयन पत्र सौंपा। कहा कि विश्रामपुर प्रखंड में अब टीम और मजूबत होकर उभरेगी। मौके पर टीम के मीडिया प्रभारी राहुल दुबे सहित कई लोग मौजूद थे।

### मुरूमदाग में एक दिवसीय शिविर का आयोजन



**छतरपुर पलामू।** प्रखंड मुख्यालय में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत गुरुवार को मुरुमदाग पंचायत में एकदिवसीय शिविर लगा। जिसमें सरकार के कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने हेतु ग्रामीणों ने आवेदन दिया। वहीं प्राप्त आवेदन को संबंधित विभाग से लेकर उनका पंजीकरण किया जा रहा है कई लोगों का शिविर स्थल पर ही उनके शिकायतों का निष्पादन भी किया जा रहा है। इसमें जिला से नोडल पदाधिकारी के रूप में नियुक्त संजय कुमार, बीडीओ आशीष कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह, छतरपुर प्रखंड के प्रधान लिपिक नवाब खान, प्रखंड कोऑर्डिनेटर विवेक कुमार सहित संबंधित विभाग के कर्मी स्टॉल लगाकर उपस्थिति दर्ज करते दिखे।

# प्राक्कलन के अनुसार नहीं बनी पीसीसी सड़क, बरती गयी है घोर अनियमितता

**प्रेमरंजन तिवारी**



**चैनपुर (पलामू)।** प्रखंड के सेमरा पंचायत गांव निवासी सतेंद्र पांडे के घर से पीडब्ल्यूडी सड़क तक जोड़ने वाली दोनो तरफ का सड़क पर पीसीसी पथ निर्माण 2 लाख 49 हजार की लागत से हुई हैं। जानकारी के अनुसार पीसीसी पथ निर्माण की लंबाई में भारी अनियमितता बरती गयी है जबकि प्राक्कलित राशि के अनुसार लंबाई ज्यादा होना चाहिए लेकिन जनप्रतिनिधियों के मनमानी के कारण सड़क की लंबाई में कटौती की गईं हैं। साथ ही सड़क की गुणवत्ता में भी भारी अनियमितता बरती गईं हैं। जहां एक तरफ सरकार पंचायत के विकास के लिए पंचायत प्रतिनिधियों का चुनाव कराती हैं और ससमय विकास कार्य के लिए जनप्रतिनिधियों के कोटे में राशि उपलब्ध कराती हैं जिससे की पंचायत की चहमुखी विकास हो सकें और विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं हो सके।

# सरकार आपके द्वार में तीन बजे के बाद कर्मचारी नदारद जनता परेशान

- सिरमा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** प्रखंड के सिरमा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पाटन प्रमुख शोभा देवी, मुखिया संघ के संरक्षक राकेश दुबे, उप मुखिया अमित कुमार, उप प्रमुख अमरेश वर्मा, पंसस धर्मेंद्र दुबे ने किया। शिविर में विभिन्न विभागों के लगे स्टॉल में आये हुए लोगों से आवेदन प्राप्त किया गया तथा संबंधित विभाग ने ऑनलाइन किया। शिविर में बड़े पैमाने पर अबुआ आवास एवं मैया सम्मान योजना को लेकर बड़े पैमाने पर शीवीर में आवेदन प्राप्त किये गये। वहीं सिरमा पंचायत सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कोई भी पदाधिकारी उपस्थित नहीं रहे। पाटन सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने लगभग एक बजे शिविर में पहुंचे तथा कुछ समय के बाद कार्यक्रम वे निकल गये। तीन बजे तक सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से सभी विभागों के कर्मी चले गये जिससे आये हुए लाभुकों का आवेदन जमा नहीं हो पाया।

### डालटनगंज-भंडरिया विधानसभा की समस्याओं के समुचित निदान के लिए हैं प्रतिबद्ध : के एन त्रिपाठी



**मेदिनीनगर।** पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी की प्रतिज्ञा यात्रा तीसरे दिन गुरुवार को शाहपुर के सेमरटांड से प्रारंभ हुआ। गुरुवार को यह यात्रा सेमरटांड़ से कल्याणपुर, बिरसा नगर के कई क्षेत्रों के साथ शाहपुर पहुंचा। श्री त्रिपाठी का लोगों ने स्वागत गर्मजोशी से किया। जहां सैकड़ों लोगों ने उनके संबोधन एवं विचार को गंभीरता से सुना और स्थानीय लोगों ने आवाज बुलंद किया कि हम आपके विचार से शत प्रतिशत सहमत हैं। यात्रा के दौरान सैकड़ों स्थानीय लोग और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित रहे, जो इस यात्रा के महत्व को दर्शाता है। सभा की अध्यक्षता रंजन दुबे ने की। श्री त्रिपाठी ने कहा कि किस प्रकार और कैसे डालटनगंज विस क्षेत्र का चहुंमुखी व सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हो।

सीनियर डीओ एकेडी दुबे के नेतृत्व मे एजेंटस मीट का आयोजन

# टीम के कई अभिकर्ता सम्मानित

- ईमानदार व भ्रष्टाचारमुक्त संस्था है एलआइसी : एसबीएम इश्हाक एक्का
- म्यूचअल फंड से बेस्ट है यूलिफ पॉलीसी : एसओ प्रणव कुमार
- गारंटेड प्लान पर जोर देने की है जरूरत : एबीएम अनुज सिन्हा
- अभिकर्ता हैं एलआईसी के पीलर : सीनीयर डीओ एकेडी दुबे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते एसबीएम व उपस्थित अन्य।

**मेदिनीनगर।** भारतीय जीवन बीमा निगम ईमानदार व भ्रष्टाचारमुक्त संस्था है। उक्त बातें भारतीय जीवन बीमा निगम डालटनगंज शाखा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक इश्हाक एक्का ने कही। वे सीनियर डीओ एकेडी दूबे द्वारा आयोजित एजेंटस मीट सह सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। सम्मान समारोह की अध्यक्षता आयोजक सह सीनियर डीओ एकेडी दूबे ने की। मौके पर श्री दुबे के टीम सहित उपस्थित अधिकारियों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**खास बातें :** मुख्य अतिथि एसबीएम ने कहा कि 1956 में एलआईसी के गठन का मुख्य उद्धेश्य समाज के अंतिम व्यक्ति को बीमित करना था। इसमें डालटनगंज शाखा की भागीदारी बढ़-चढ़ कर रही है। 2000 में आईआरडी के गठन के बाद करीब 24 जीवन बीमा कंपनियों को भारत सरकार ने अधिकार दिया। तब से एलआईसी प्रतियोगी दौर में भी बेहतर कर दुनिया की नंबर वन जीवन बीमा कंपनी है। एलआइसी का मार्केट सेल 61 प्रतिशत है। साथ ही 20 मई 2022 को स्टॉक एक्सचेंज में भी एलआईसी लिस्टेड कंपनी के रूप में स्थापित हुई। एलआईसी पूरी तरह जन कल्याण का संस्था है। इस संस्था से लोगों का भावनात्मक जुड़ाव है। सरकारीकरण के 68 वर्ष गुजरने बाद भी हुए परिवर्तन के बावजूद एलआईसी के प्रति आमजन का विश्वास बढ़ा है। सीनियर डीओ एकेडी दुबे की सराहना करते हुए एसबीएम श्री एक्का ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी एलआइसी ने श्री दूबे के अनुभव को देखते हुए दोबारा मौका दिया जो प्रशंसनीय है।

# लहलहे में फोरलेन सड़क निर्माण कंपनी व प्रशासन का किया गया जोरदार विरोध

- इंटक प्रदेश सचिव विवेका का दावा : डेढ़ एकड़ जमीन का नहीं मिला मुआवजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**


सड़क निर्माण कार्य का विरोध करने को लेकर एकजुट ग्रामीण।

**सतबरवा पलामू।** लहलहे के रैयत और ग्रामीणों ने गुरुवार को जिला प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि 50 प्रभावित रैयतों को बिना मुआवजा राशि दिए हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर भारत वाणिज्य ईस्टर्न प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा कार्य को कराया जा रहा है। करीब डेढ़ एकड़ जमीन का कागजात रहते हुए एक साल से मुआवजा की राशि के लिए रैयत दौड़ लगा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पूरा रविदास मोहल्ला का घर और खेत पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया निर्माण कार्य करा रही है।

### प्रशासन से मांगे गये छह बिंदुओं पर दिया जवाब : विवेका

इंटक के प्रदेश सचिव विवेका त्रिपाठी ने कहा कि डेढ़ एकड़ जमीन मेरे पूर्वजों का है, जिसका बीते साल तक जमीन का अप टू डेट रसीद है। उन्होंने कहा कि 24 अगस्त2023 को पहला नोटिस प्रशासन के द्वारा मिला जिसमें प्रशासन ने छह बिंदुओं पर जवाब मांगे थे। उसमें कहा गया था कि पूर्व की जमीन जमींदार के द्वारा दी गई है। उन्होंने कहा कि गांव के भूतपूर्व जमींदार हमलोग हैं। भूमि गैरमजरुआ नहीं है। एनएच39 में खाता 53 प्लॉट संख्या 551, 54, 555, 249, 268, 237 एवं रकबा लगभग एक एकड़ 20 डिसमिल है। श्री त्रिपाठी ने उपायुक्त पलामू से आग्रह किया है कि जांच करने के बाद लगान का निर्धारण किया जा रहा है, इसका आरपीएस नंबर भी उल्लेखित है।

**ये रहे उपस्थित**

मौके पर बृजेश तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, मनोज तिवारी, सुदर्शन पाल, सुभाष तिवारी, पुरुषोत्तम पाल, महिमानंद तिवारी, रामनिवास तिवारी, अमित तिवारी, सुभाष तिवारी, सुदेश्वर तिवारी, दामोदर तिवारी, कौशल किशोर पांडे, उमेशचंद्र झा, पुरुषोत्तम शाह समेत कई लोग मौजूद थे।

# रेल सुरक्षा पर सवाल

दुनिया के चौथे सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क पर हम भारतीय गर्व करते रहे हैं। करीब बारह लाख से अधिक कर्मचारियों वाला भारतीय रेलवे दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी व्यावसायिक इकाई है। लेकिन गाहे-बगाहे होने वाली रेल दुर्घटनाएं हमें विचलित करती हैं कि रेल यात्री की जिंदगी इतनी सस्ती क्यों है? जिन लोगों के पास रेलवे सुरक्षा का जिम्मा है क्या वे अपने दायित्वों का निर्वहन सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं? निस्संदेह, देश में भारतीय रेलवे दशकों तक राजनीतिक हित साधने का शार्टकट माध्यम रहा है। गठबंधन सरकारों में घटक दलों के सांसदों में रेल मंत्रालय लेने की होड़ रहा करती थी। वजह थी कि अपने राज्य व संसदीय क्षेत्रों के बेरोजगारों को विशाल रेल तंत्र में खपाया जा सके। यह यक्ष प्रश्न है कि राजनीतिक हस्तक्षेप से की गई नियुक्तियां किस हद तक किसी विभाग या काम की गुणवत्ता को प्रभावित करती हैं। विडंबना यह भी कि राजनीतिक लाभ के लिये नित नयी ट्रेनों की घोषणा करने वाले राजनेताओं ने रेलवे में सेवा की गुणवत्ता व सुरक्षा के पहलुओं को उतनी गंभीरता से नहीं लिया। कोई वैज्ञानिक अध्ययन सामने नहीं आया जो इस बात की व्याख्या कर सके कि पुराना रेलवे ढांचा क्या तेज गति की ट्रेनों के दबाव को सह लेगा? सर्वविदित है कि तमाम छोटी-बड़ी रेल दुर्घटनाओं के मूल में मानवीय चूक का पहलू भी सामने आता रहा है। लेकिन हाल के दिनों में रेलों को पटरी से उतारने की साजिश का जो एंगल सामने आया है, वह बेहद डरावना है। दरअसल, आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर रेल की पटरी पर ऐसे अवरोधक पाये गए हैं, जो रेल को पटरी से उतारकर बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते थे। इस बाबत कुछ वीडियो सुर्खियों में रहे, जिसमें पाक में सक्रिय कट्टरपंथी भारतीय रेलों को पटरी से उतारने की बात कर रहे थे।

# तर्क संगत हो जीएसटी

जीएसटी परिषद ने जो अहम निर्णय लिए उनमें एक यह भी था कि विदेशी विमानन सेवाओं को देश के बाहर स्थित संबंधित पक्षों से सेवा आयात में छूट दी जाए, खासकर जब ऐसे बदलाव बिना विचार किए गए हों। इससे कई विदेशी विमान सेवाओं को लाभ होगा जिन्हें कर नोटिस दिए गए थे। परिषद ने प्रायोगिक तौर पर कारोबार से उपभोक्ता ई-इनवॉइसिंग की भी अनुशंसा की। परिषद का अनुमान है कि इससे व्यवस्था में अधिक किफायत आएगी। इससे समय के साथ कर संग्रह में भी सुधार होना चाहिए। इसके अलावा परिषद ने कैंसर की कुछ दवाओं पर जीएसटी कम किया। कुछ अहम निर्णय जो परिषद आने वाले महीनों में ले सकती है उनमें से एक है बीमा पर जीएसटी। केंद्र सरकार के नेताओं समेत कई जगह से ऐसी मांग आई हैं कि स्वास्थ्य बीमा योजनाओं पर लगने वाले कर की समीक्षा की जाए। मंत्री समूह इस विषय पर समग्रता में निगाह डालेगा और जीवन बीमा और चिकित्सा बीमा दोनों को इसमें शामिल करेगा। एक अनुमान के मुताबिक 2023-24 में बीमा की पहुंच वैश्विक स्तर पर 6.5 फीसदी थी जबकि भारत में यह केवल 3.8 फीसदी रही। जीएसटी दरों में कमी करने से यह जाहिर तौर पर अधिक किफायती बनेगी और पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी। बहरहाल, मंत्री समूह और परिषद को राजस्व को लेकर भी विचार करना चाहिए। दरों में कमी से अन्य सेवाओं के लिए ऐसी मांगों को प्रोत्साहन मिलेगा। दूसरा मुद्दा जिस पर विचार किया जा रहा है वह है दरों और स्लैब को युक्तिसंगत बनाना।

महामारी के दौरान राज्यों की क्षतिपूर्ति के लिए लिया गया था। यह न तो केंद्र के पास जा रहा है, न ही राज्यों के पास। ऐसे में कर संग्रह में सुधार, जिससे सरकार को दोनों स्तरों पर मदद मिलेगी, के लिए दरों और स्लैब को इस प्रकार युक्तिसंगत बनाना होगा।

# आम लोगों की ताकत है हिंदी, चुनौती के साथ





-सत्यनारायण गुप्ता

> बोलने वालों की संख्या के अनुसार अंग्रेजी और चीनी भाषा के बाद हिंदी संसार में तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। भारत में 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है,पर विश्व स्तर पर हिंदी दिवस 10 जनवरी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य है विश्व में हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए वातावरण निर्मित करना तथा हिंदी को विश्व भाषा के रूप में प्रस्तुत करना।

भारतीय संविधान और राजभाषा भारत में न्यायालयों की भाषा आज भी अंग्रेजी है, उच्च शिक्षा में अंग्रेजी का बोलबाला है, भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रवेश हेतु होने वाली परीक्षा में अंग्रेजी का एक विषय अनिवार्य है ,तथाकथित संभ्रांत लोगों व अमेरिका और पश्चिम से प्रभावित लोगों को अंग्रेजी प्रिय है। फिर भी भारत में हिंदी बची हुई है । कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक , सिलचर से लेकर द्वारिका तक और अंडमान निकोबार द्वीप समूह से लेकर लक्षद्वीप तक आप कहीं भी चले जाएं और हिंदी जानते हो तो आपका काम चल जाएगा। हिंदी फिल्मों के गाने गुनगुनाते हुए लोग मिल जाएंगे और हिंदी भाषी राज्यों के प्रवासी लोग भी मिल जाएंगे, जो दैनिक वेतनभोगी मजदूर, रेहड़ी पटरी वालों से लेकर उच्च पदों पर आसीन अधिकारी हो सकते हैं। 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा में यह निर्णय लिया गया कि हिंदी भी केंद्र सरकार के आधिकारिक भाषा होगी क्योंकि भारत में अधिकतर क्षेत्रों में हिंदी भाषा बोली जाती है ।1953 से 14 सितंबर को प्रतिवर्ष हिंदी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। भारतीय संविधान के भाग 17 के अध्याय के अनुच्छेद 343 (1)में वर्णित है कि संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी ।

बोलने वालों की संख्या के अनुसार अंग्रेजी और चीनी भाषा के बाद हिंदी संसार में तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। भारत में 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है,पर विश्व स्तर पर हिंदी दिवस 10 जनवरी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य है विश्व में हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए वातावरण निर्मित करना तथा हिंदी को विश्व भाषा के रूप में प्रस्तुत करना। प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित हुआ था। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी 2006 को प्रतिवर्ष विश्व हिंदी दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी।

दक्षिण भारत में उग्र हिंदी विरोध के कारण इसे अमलीजामा पहनाया नहीं जा सका। संविधान में भारतीय भाषाओं के संबंध में निम्नलिखित उपबंध हैं --- संविधान के अनुच्छेद 120 (1)व(2) के अनुसार संसद में कार्य हिंदी और अंग्रेजी में किया जाएगा । परंतु यथास्थिति राज्यसभा का सभापति लोकसभा का अध्यक्ष अथवा उस रूप में कार्य करने वाला व्यक्ति किसी सदस्य को जो हिंदी में या अंग्रेजी में अपनी पर्याप्त अभिव्यक्ति नहीं कर सकता है अपनी मातृभाषा में सदन को संबोधित करने की अनुज्ञा दे सकेगा। साथ ही जब तक संसद विधि द्वारा अन्यथा उपबंध ना करे तब तक इस संविधान के प्रारंभ से 15 वर्ष की समाप्ति के पश्चात यह अनुच्छेद ऐसे प्रभावी होगा ,मानो या अंग्रेजी में शब्दों का उसमें से लोप कर दिया गया हो। यही प्रावधान राज्य के विधान मंडलों के लिए संविधान के अनुच्छेद 210(1) और (2) में किया गया है। राजभाषा संबंधी उपबंध संविधान के भाग 17 में किए गए हैं जिसके अनुच्छेद 343 (1) के अनुसार संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अंतरराष्ट्रीय रूप होगा। 343 (2)के अनुसार खंड 1 में किसी बात के होते हुए भी संविधान के प्रारंभ से 15 वर्षों की अवधि तक के उन सभी शासकीय प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा का प्रयोग किया जाता रहेगा जिनके लिए उसका ऐसे प्रारंभ से ठीक पहले प्रयोग किया जा रहा था। परंतु राष्ट्रपति उक्त अवधि के दौरानआदेश द्वारा संघ के शासकीय प्रयोजनों में से किसी के लिए अंग्रेजी भाषा का और भारतीय अंकों के अंतरराष्ट्रीय रूप के अतिरिक्त देवनागरी रूप का प्रयोग प्राधिकृत कर सकेगा। इस अनुच्छेद में होते हुए भी संसद उक्त 15 वर्ष की अवधि के पश्चात विधि द्वारा -- (क)अंग्रेजी भाषा का प्रयोग, (ख) अंकों के देवनागरी रूप का ऐसे प्रयोजनों के लिए प्रयोग उपबंधित कर सकेगी जो ऐसी विधि में विनिर्दिष्ट किए जाएं। अनुच्छेद 344 द्वारा राजभाषा के संबंध में संसद की समिति बनाने का अधिकार राष्ट्रपति को दिया गया है ?।

**चैट जीपीटी के दौर में हिन्दी दिवस**

कहा जा रहा है कि एआई और चैट जीपीटी बहुत लोगों की नौकरियां खा जाएंगी। पत्रकारों और लेखकों की भी। यही पता करने के लिए मैंने चैट जीपीटी से पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशन हेतु हिन्दी दिवस पर लेख लिखने के लिए कहा, तो इसने यह लिख कर दिया हिंदी दिवसः हमारी भाषा, हमारी पहचान

प्रस्तावनाः

हिंदी भाषा और इसके महत्व को रेखांकित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। हिंदी, भारत की सबसे व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषा, न केवल संचार का माध्यम है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक और राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक भी है। हिंदी दिवस का उद्देश्य हिंदी के प्रति प्रेम, सम्मान और जागरूकता को बढ़ाना है ताकि यह भाषा सदा जीवंत और प्रासंगिक बनी रहे।

**हिंदी भाषा की विशेषताएं:**

हिंदी एक सरल, सुबोध और लचीली भाषा है, जो देश के विभिन्न कोनों में बोली और समझी जाती है। हिंदी साहित्य में प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद, महादेवी वर्मा, हरिवंश राय बच्चन जैसे महान साहित्यकारों ने अमूल्य योगदान दिया है। हिंदी भाषा में कविता, कहानी, उपन्यास और निबंध लेखन की समृद्ध परंपरा रही है, जिसने इसे विश्व साहित्य में एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाया है।

**आज के संदर्भ में हिंदी की चुनौतियां:**

आज के दौर में, जब अंग्रेजी और अन्य विदेशी भाषाओं का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है, हिंदी भाषा को संरक्षित और संवर्धित करना एक चुनौती बन गया है। शहरीकरण और वैश्वीकरण के प्रभाव के कारण हिंदी के प्रति लोगों का रुझान कम हो रहा है। शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में अंग्रेजी का प्रभाव हिंदी को पीछे छोड़ने का प्रयास कर रहा है। इन चुनौतियों का सामना करते हुए हमें हिंदी के प्रचार-प्रसार और प्रयोग को बढ़ावा देना होगा।हिंदी दिवस हमें हमारी भाषा के प्रति हमारे कर्तव्यों का स्मरण कराता है। यह दिन केवल औपचारिकता के लिए नहीं, बल्कि हिंदी के प्रति हमारी जिम्मेदारी को समझने और उसे निभाने का एक अवसर है।

## खास बात
## हिंदी और हम

**आरपी पाण्डेय**

**हिंदी** हमारी भाषा ही नहीं अपितु हमारे भारतीयता की पहचान भी है। सदियों पूर्व हमारे देश में विदेशी आक्रांताओं के कारण हमारी भाषा की पहचान भी धूमिल हो गई थी। जिस संस्कृत से समस्त भाषाओं का पल्लवन एवं पोषण हुआ आज वह पूजा पाठ की भाषा तक ही सीमित है। यह विचारणीय पहलू है कि जिस देश ने अपनी भाषा को कामकाज के साथ-साथ तकनीकी एवं चिकित्सा विज्ञान तथा शोध की भाषा बनाई वह देश समृद्धि के अंतिम शिखर पर विराजमान हो गया। हिंदी के साथ अपने ही देश में लोग सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। आधुनिक सम्राट कहे जाने वाले कतिपय भारतीय अंग्रेजी को अपना स्टेटससिंबल मानते हैं। अंग्रेजी बोल कर वे अपने अहं की तुष्टि करते हैं, और सामाजिक मयार्दाओं का कदाचित उन्हें ध्यान नहीं होता। हमारी भारतीय भाषा में सबसे समृद्ध भाषा हिंदी है, जिसमें लगभग साढे आठ लाख शब्द हैं। जिनका प्रयोग यह बतलाता है कि इतनी विपुल शब्दावली किसी अन्य भाषा में नहीं है। हिंदी हृदय की भाषा है। यह जन जन का कंठहार है।

यह हमारी संस्कृति और संस्कार की भाषा है। सरलता, मृदुलता, ध्वन्यात्मकता, वैज्ञानिकता, सरसता, सौम्यता, सुशीलता और भाव प्रवणता इसकी पहचान है। हिंदी बोधगम्य भाषा है तथा सीखने, बोलने, पढ़ने तथा सुनने में अर्थ ग्रह एवं सुखदाय है। प्रत्येक वर्ष हिंदी दिवस पर कुछ औपचारिक आयोजन कर, कुछ तोता रटंत भाषण होता है और हिंदी फिर अपने घर में ही वीरानी हो जाती है। एक हिंदी शिक्षक से आज हमारी बात हो रही थी। उन्होंने कहा कि सर स्कूल में हमारी उपयोगिता ही लोग कम आंकते हैं। वे कहते हैं कि जबकि सभी लोग हिंदी बोलते हैं, इसलिए उन्हें इस भाषा की महत्व ठीक-ठीक मालूम नहीं। दरअसल अंग्रेजी के हावभाव ने हिंदी लोगों के मन में व्यथा का भाव घोल दिया है। जबकि हिंदी अनिकेत है, आदित्य है, अनंत, अलंकृत, ओजस्वी, अमर आदरणीय, आकर्षक, अनादि, अनश्वर, आधार युक्त और अनुराग मय है। शत-शत नमन प्राचीनतम भाषा संस्कृत की पुत्री हिंदी को।

(सेवा निवृत हिंदी शिक्षक)

**जहां** कोई नहीं जाता, वहाँ उम्मीद लेकर हम पहुंचे हैं। आपके हक और हककीकत की लड़ाई में साथ खड़े हैं। आपके सपनों को साकार करने का संकल्प!

**– जयश्री सोरेन, दुर्गा सोरेन सेना**

## रोचक ट्वीट

चुनाव की घंटी बजने वाली है और यहां अन्य राज्यों से गिद्ध मंडराने लगे हैं।मणिपुर एक साल से जल रहा है, वहां बहन-बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है, वहां के लोग पलायन को विवश हैं, लेकिन केंद्र सरकार के मुखिया एक बार भी वहां नहीं गए। **–हेमंत सोरेन,सीएम**





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूजनीय सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर से आपके स्वस्थ जीवन एवं दीघार्यु की कामना करती हूँ।

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

# मोह का बंधन

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**तुलसीदास** जिस युवक के साथ काशी में रहते थे अनजाने में वह युवक उनके गांव राजापुर का निकला जो उनके पिता रामचन्द्र दूबे को भी जानता था। लेकिन उसे तुलसीदास के बारे में यही जानकारी थी कि वे जन्म लेते ही मृत्यु को प्राप्त हो गये थे। इसके बाद उस युवक के साथ तुलसीदास गांव लौटे। गांव आते ही शोर मच गया कि आत्माराम दूबे का लड़का गांव आया है। भीड़ जुट गई। हजारों लोग तुलसीदास को देखने आये। लोगों में चर्चा हुई कि लड़का जवान है, सुदंर है इसकी शादी कर दूबे जी का परिवार बसा दिया जाए। उनके पांडित्य की चर्चा हो ही चली थी। उनका विवाह यमुनापार विक्रमपुर के रहनेवाले दीनबंधु पाठक की पुत्री से कराने का प्रस्ताव रखा। सबने सहमति दे दी। उनका विवाह पंडित दीनबंधु पाठक की पुत्री रत्नावली से हो गयी। वह अतिसुदंर थी। तुलसीदास उसके प्रेम में सबकुछ भुल गये। कथावाचन भी कम कर दिया। पत्नी के समझाने पर भी वे नहीं माने। एक दिन पत्नी नाराज होकर उनकी अनुपस्थिति में अपने पिता के घर चली गयी। रात होने पर जब तुलसी घर लौटे तो पत्नी को न पाकर व्याकुल हो गये। वे रात में पत्नी से मिलने चल दिये। रात में नाव न मिलने की स्थिति में लाश को लकड़ी समझकर उसके सहारे ही नदी पार कर ससुराल पहुंच गये। रात में वे जब पत्नी से मिले तो पत्नी उनको देखकर अप्रसन्न हो गयी। वह उपेक्षा से बोली अरे आप यहां भी आ गये। कथावाचन तो आपने छोड़ ही दिया। (ब्रम्ह विद्यालय आश्रम)

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### मोदी की लोकप्रियता

भारतीय राजनीति दरअसल ऐसी ही है। लोगों से पूछिए कि क्या उन्हें परेशानी हो रही है तो वे कहेंगे हां। क्या वे इसके लिए मोदी को दोष देते हैं? याद कीजिए कुछ महीने पहले कठिन परिस्थितियों में पैदल अपने घरों को लौट रहे प्रवासी श्रमिकों में से अनेक का कहना था कि मोदी क्या कर सकते हैं? आज भी मोदी लोकप्रियता पर नबंर एक हैं लेकिन महंगाई के मोर्चे पर विफल हैं। **– रवि, रांची**

### मानसिक भय

इस वक्त तन के साथ-साथ मन की सेहत पर भी ध्यान दिये जाने की जरूरत है। इन दिनों बच्चे घर पर ही हैं। घर के अन्य सदस्यों को भी ज्यादातर समय घर पर रहना पड़ता है। ऐसे में कई बार खटपट भी हो जाती है। खटपट के साथ ही मन में कई तरह की आशंकाएं। कहीं बीमार हो गये तो आइसोलेशन में जाना पड़ेगा। फिर अकेले रहने का भय। इन सब का असर मन पर पड़ता है। **–आनंद, जमशेदपुर**

# राष्ट्रभाषा समृद्ध हो तब देश भी समृद्ध होता है


**अन्नू अंबालिका**

राष्ट्र बनता है समृद्ध विरासत, समेकित संस्कृति, स्वतंत्र चेतना और निज भाषा से। ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जब आजादी की लड़ाई लड़ी जा रही थी, तब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित सभी प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों ने राष्ट्रीय एकता एवं स्वतंत्रता की चेतना के विस्तार के लिए हिंदी के महत्व को स्वीकार किया था। उत्तर भारत के विभिन्न शहरों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए तो अनेक संस्थाएं बनी ही थीं। साथ ही दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत में भी हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए अनेक संस्थाएं बनाई गई थीं। 1918 में इंदौर हिंदी साहित्य सम्मेलन में बापू की पहल पर दक्षिण भारत प्रचार सभा का गठन किया गया था। किसी तरह पूर्वोत्तर भारत में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए 1938 में असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति तथा केरल में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए केरल हिंदी प्रचार सभा का गठन किया गया था। मुंबई प्रांत में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, प्रथम मुंबई हिंदी विद्यापीठ सहित अनेक संस्थाएं कार्यरत थीं। 1924 में कांग्रेस के बेलगांव सम्मेलन में कांग्रेसी कार्यकताओं द्वारा हिंदी का प्रचार-प्रसार करने और 1925 में कानपुर अधिवेशन में कांग्रेस के सभी कार्य हिंदी भाषा में करने संबंधित प्रस्ताव पारित हुए थे।

## विचार

15 अगस्त,1947 को जब देश आजाद हुआ तो सब को लगा कि ब्रिटिश शासन के साथ-साथ विदेशी भाषा से भी मुक्ति मिल गई है। हिंदी भाषा के प्रेमियों ने विशेष उत्साह दिखाया। सबको उम्मीद थी कि एकमत से राष्ट्रीय चेतना जगाने वाली भाषा हिंदी को देश की राजभाषा और सरकारी कामकाज की भाषा के रूप में स्वीकार कर लिया जाएगा। 14 सितंबर,1949 को संविधान सभा ने संघ की राजभाषा के रूप में हिंदी और देवनागरी को लिपि के रूप में स्वीकार किया। साथ ही अंकों के अंतरराष्ट्रीय मानक रूप को स्वीकार किया गया। लेकिन, दुर्भाग्य से भाषा की राजनीति ने पूरे देश की भाषा के रूप में हिंदी के विकास के मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी को भी सरकारी कामकाज की भाषा के रूप में स्वीकार कर लिया गया और अंग्रेजी को न्यायालयों की भाषा मान लिया गया। इस प्रावधान के कारण सरकारी तंत्र को ब्रिटिश व्यवस्था के अंधानुकरण की सुविधा मिल गई। अधिकांश वरिष्ठ कर्मी अंग्रेजी में कार्य करते रहे। स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 साल के बाद भी कमोबेश यही स्थिति बनी हुई है। कंपनियों के दफ्तरों में अंग्रेजी में काम करने वाले कर्मचारी उत्पादों को बेचने के लिए हिंदी भाषा में ही संवाद करते हैं और हिंदी भाषा में ही प्रचार सामग्री बनवाते हैं। तकनीकी विकास और यूनिकोड के कारण हिंदी में टाइप करना आसान हो गया है। ऐसे में हिंदी प्रांतों के अधिकांश युवा सोशल मीडिया पर भी हिंदी में ही अपनी भावनाओं और विचारों को अभिव्यक्त कर रहे हैं। इससे हिंदी को ताकत मिल रही है। वैश्वीकरण और सूचना-तकनीकी क्रांति के बाद हिंदी भाषा में दूसरी भाषाओं के शब्दों को तेजी से स्वीकार किया जाने लगा है। जिस भाषा में जितने अधिक शब्द होते हैं, वह भाषा उतनी ही समृद्ध होती चली जाती है। पिछले एक दशक में हजारों देसज और विदेशी शब्दों कों हिंदी समाज ने स्वीकार किया है जिससे भाषा के रूप में हिंदी को विस्तार मिला है।

बोलने वालों की संख्या के आधार पर विश्व की सबसे चौथी बड़ी भाषा हिंदी नई चेतना से लबरेज है और सबको सम्मान देते हुए सबकी स्वीकृति के लिए सतत प्रयत्नशील है। निश्चित रूप से यह अच्छी बात है।

# वैश्विक बाजार में हिंदी विश्व भाषा बनने की ओर


**प्रशांत झा**

**निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल**

निस्संदेह भारतेंदु हरिश्चंद्र की यह पंक्ति हमारे दिल को छूती है पर भाषा के प्रति एकांगी दृष्टिकोण रखना गलत है। भाषा संस्कृति को दशार्ने का जरिया होती है। हिंदी समन्वय ,सौहार्द ,स्नेह तथा करुणा की भाषा है ।हिंदी एक लोकतांत्रिक भाषा है। इससे किसी अन्य भाषा या बोली को खतरा नहीं है। लेकिन भाषा के सवाल पर हिंदी- हिंदू- हिंदुस्तान का दृष्टिकोण हिंदी भाषा के विकास और इसकी अस्मिता को बनाए रखने में घातक ही होगा। क्योंकि इस भाषा के सवाल पर हमें कुछ बातों को, तल्ख सवालों का जवाब देना पड़ेगा? क्यों 73 साल की आजादी प्राप्त करने के बावजूद भी हमारे देश में कोई राष्ट्रभाषा नहीं है ? हिंदी संपर्क की भाषा तो बनी ,मनोरंजन की भाषा तो बनी लेकिन ज्ञान और रोटी की भाषा वह आज भी क्यों नहीं है? क्यों सिर्फ 10 राज्यों में ही हिन्दी राजभाषा है? क्यों दक्षिण और पुर्वोत्तर प्रदेशों में हिंदी का विरोध है या प्रचार प्रसार नहीं हुआ? भारत के २०राज्यों में हिंदी बोलने वालों की संख्या कम क्यों है? त्रिभाषा फामूर्ला अब तक कर्मों नहीं अपनायी गयी? हिंदी पट्टी के राज्यों में अन्य राज्यों की भाषा की पढ़ाई क्यों नहीं है? अदालती एवं सरकारी कार्यों में हिंदी संपूर्ण तरीके से प्रयोग में क्यों नहीं है?कक्षा 9 वीं से ही हिंदी को वैकल्पिक विषय रखने का क्या औचित्य है? कक्षा 12 वीं तक हिंदी को अनिवार्य विषय बनाने में क्या दिक्कत है? वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावलियों को सरल,सहज, बोधगम्य बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए जिससे जनता हिंदी से जुड़ सके और दूर न हो? सवाल और भी हैं जिनका जवाब हिंदी का भविष्य तय करेगा । हिंदी देश की सामूहिक आवाज है । देश की प्राणवायु है ।शिक्षा में क्रांति अपनी भाषा को प्रयोग में लाने से ही आएगी। लेकिन भारत की भाषाई पॉलिसी का सारा ध्यान क्षेत्रीय भाषाओं को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में जोडने पर रहा है ।भाषा के सवाल पर राजनीति की गई । बहु भाषायी देश में जनता के गुस्से को कम करने की तिकड़म हिन्दी को मजबूत नहीं करेगी। भारतीय संविधान में किसी भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं मिला हुआ है ।दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर प्रदेशों में हिंदी का प्रचार प्रसार किए बिना भाषा की बात करना बेमानी है ।एक राष्ट्र की सही संज्ञा प्राप्त करने हेतु संविधान स्वीकृत भाषाओं में कोई एक भाषा होनी चाहिए जिससे संपर्क और राष्ट्रभाषा दोनों का काम लिया जा सके । यह हिंदी हो सकती है । इसमें दम खम है । परंतु इसको थोपने से काम बिगड़ सकता है । दुनिया का हर छठा इंसान हिंदी बोलता है । 150 देशों में हिंदी भाषी लोग रहते हैं ।भारत में इसके बोलने वालों की संख्या लगभग 48 करोड़ है। वर्ल्ड इकोनामिक फोरम ने पावर लैंग्वेज इंडेक्स में हिंदी का स्थान टाप टेन में है ।हिंदी दुनिया की सबसे बड़ी तीसरी भाषा है। हिंदी का क्षेत्रफल, भौगोलिक विस्तार आज देश के चौहद्दी तक नहीं सिमटा हुआ है बल्कि विदेशों में भी प्रचार प्रसार बढा है। आज बाजार की सर्वाधिक लोकगृहित भाषा हिंदी है। उदारीकरण एवं वैश्वीकरण के कारण यह संभव हुआ है ।भूमंडलीकरण के कारण दुनिया के सारे सौदागर भारत को एक बड़ा बाजार मानते हैं । व्यापार के लिए वहां की भाषा पर पकड़ जरूरी है।

## हिंदी दिवस

हर पीढ़ी अपनी भाषा खुद ढूंढ लेती है ।आज मोबाइल, इंटरनेट का जमाना है। सोशल मीडिया पर हिन्दी की धमक है। बाजार के मांग एवं जरूरत के हिसाब से हिन्दी को ढलना होगा। हिन्दी के वैश्विक भाषा बनने की राह यहीं से शुरू होती है । परंतु जरूरत है हिंदी को तकनीकी अभिव्यक्ति के लिए समर्थ बनाने की।गुगल पर ९५ सामाग्री अंग्रेजी में है शेष ५ में हिंदी और अन्य। भाषा तो जनता की जबान पर गढ़ी जाती है। भाषा के ?विकास की असली ताकत उनके स्वाभाविक प्रयोगकर्ता पर निर्भर करती है। यूनीकोड के आते ही हिंदी के प्रयोग करने वालों में इजाफा दर्ज किया गया ।जिस दिन हम हिंदी वासी पूर्णतया तकनीक से जुड़ जाएंगे हिंदी को राष्ट्रभाषा ही नहीं विश्व की सबसे बड़ी भाषा बनने से कोई नहीं रोक सकता।

## स्पीड न्यूज

### सेहदा में संजीव बेदिया ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

बड़कागांव। सेहदा में प्राकृतिक त्योहार करमा के अवसर पर वनडे फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कमेटी ने मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत किया। श्री बेदिया ने कहा कि खेलकूद से शारीरिक और मानसिक दोनों विकास होता है शरीर हमेशा स्वस्थ रहता है खेलकूद के माध्यम से भी युवा साथी अपना लक्ष्य बना रहे हैं। मौके पर मुखिया वासुदेव यादव प्रखंड कोषाध्यक्ष इंद्रदेव राम, पंचायत अध्यक्ष चुरामन, पंचायत सचिव राजेश हंसदा,फलेंद्र गंझु बादम पंचायत अध्यक्ष महेंद्र पासवान,वनडे फुटबॉल टूर्नामेंट के अध्यक्ष सोहोत हंसदा,सचिव दीपक हेम्ब्रम,कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार भोक्ता,रेफरी सोनथ हंसदा,विनोद हंसदा,बैजनाथ कुमार,महादेव कुमार, सावन सोरेन,यदुवीर गंझू सहित सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

### कर्णपुरा कॉलेज में करमा महोत्सव

**बड़कागांव।** कर्णपुरा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा करमा महोत्सव का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य कृतिनाथ महतो व संचालन प्रो. सुरेश महतो ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो एवं विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय सचिव पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद थे।वही लोकनाथ महतो ने कहा कि संस्कृति की पहचान को जिंदा रखने के लिए ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए वही विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय सचिव टूकेश्वर प्रसाद ने कहा कि सरहुल के बाद करमा पूजा झारखण्ड का दूसरा सबसे बड़ा प्रकृति पर्व है।प्राचार्य कीर्तिनाथ महतो ने कहा कि करमा पर्व झारखंड,बिहार के अलावा उड़ीसा, बंगाल,छत्तीसगढ़ ,असम में आदिवासी समुदाय द्वारा धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व में बहने अपने भाइयों की सुख समृद्धि की कामना के साथ दीघार्यु के लिए पूजा करती है। मौके पर डॉ. बालेश्वर कुमार,प्रो. अनु कुमारी,ऋतुराज, लालदेव महतो सहित सैकड़ो छात्र-छात्राएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### धनवार पंचायत में लगा शिविर

**बरही।** प्रखंड के धनवार पंचायत में कल आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि यह कार्यक्रम सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक सीधे पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने पंचायत वासियों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल होकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम लोगों को सरकारी सुविधाओं और सेवाओं के प्रति जागरूक करेगा, साथ ही उन तक योजनाओं को पहुंचाने में मददगार साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे, जो लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे और सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान करेंगे।

### चुनाव को लेकर एकदिवसीय प्रशिक्षण

बड़कागांव।प्रखंड सभागार में चुनाव की तैयारी को लेकर बड़कागांव पुलिस अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारियो का एकदिवसीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम किया गया जिसमें बड़कागांव पुलिस अनुमंडल के अंतर्गत सभी थाना के थाना प्रभारी सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में सर्किल इंस्पेक्टर अनिल कुमार थे। प्रशिक्षण में इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने पुलिस पदाधिकारियो को चुनाव से संबंधित तैयारी और चुनाव से पूर्व अपराधियों को चिन्हित करने की बात कही। वही श्रीकुमार ने कहा कि यह प्रशिक्षण इसलिए हो रहा है कि चुनाव के पूर्व और चुनाव में पुलिस पदाधिकारी की भूमिका अहम होती है जिसको लेकर सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में मुस्तैदी से कार्य करें।प्रशिक्षण में बड़कागांव थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल,गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार,केरेडारी थाना प्रभारी अजीत कुमार,उरीमारी ओपी प्रभारी राजकुमार राम,डाडी कला ओपी प्रभारी पिंटू कुमार सहित बड़कागांव पुलिस अनुमंडल के सभी थाना के एएसआई, हवलदार सहित पुलिस के जवान उपस्थित थे।

### पेलावल ओपी में शांति समिति की बैठक

**कटकमसांडी।** पेलावल ओपी में विश्वकर्मा पूजा और ईद मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति का बैठक अंचल निरीक्षक बिनोद कुमार की अध्यक्षता में हुई। विश्वकर्मा पूजा और ईद मिलादुन्नबी पर्व में थाना क्षेत्र में आपसी भाईचारा, सौहार्दपूर्वक, दोनों त्यौहार मनाने के लेकर क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, ने शांतिपूर्ण तरीके से पर मनाने का निर्णय लिया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी शाहीना परवीन एवं अंचल निरीक्षक पदाधिकारी विनोद कुमार ने थाना क्षेत्र में राजनीतिक सामाजिक जन प्रतिनिधियों से अपील किया है कि त्यौहार में शांतिपूर्ण तरीके से पर्व को मनाए। शांति समिति बैठक में अंचल निरीक्षक पदाधिकारी विनोद कुमार, थाना प्रभारी शाहीना परवीन, राजस्व कर्मचारी अशोक पांडेय,चौकिदार अजय पासवान,अशोक राणा, नारायण साव, एजाज आलम, निसार खान, मनीष ठाकुर,मो सेराज,अजय साव,भोला राणा,मो एकलाख, गुलाम मोईनुद्दीन, इम्तियाज हुसैन,सबनम प्रवीण, दर्जनों लोगों उपस्थित थे।

### येचुरी के निधन पर माले ने जताया शोक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड सीताराम येचुरी 72 वर्ष के निधन पर गुरूवार को सीपीआईएमएल के नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सीपीआईएमएल (माले)के वामपंथी युवा नेता सह ऑल इंडिया झारखंड रैयत विस्थापित-प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार ने सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सीपीआई (एम) नेता स्व. सीताराम येचुरी कम्युनिस्ट पार्टी और किसान-मजदूरों के मसीहा थे। उनका निधन कम्युनिस्टों के लिए अपूरणीय क्षति है। इसकी भरपाई नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि देश को अभी उनकी जरूरत थी। उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके निधन पर कॉल माइंस वर्कर्स यूनियन के भुरकुंडा शाखा सचिव राहुल सिंह, मधु बाउरी, नकुल प्रसाद, सुरेंद्र राम, प्रतिभा पटेल, देवनारायण कोल, बलराम नायक, नरेश नायक आदि ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए सीताराम येचुरी को श्रद्धांजलि दी।

# रील बनाने वाले सड़कों पर कर रहें हैं स्टंटबाजी

## व्यूज और लाइक्स के लिए जोखिम में डाल रहे जान

अभय कुमार सिंह

**हजारीबाग।** सोशल मीडिया के इस जमाने में लोग अब बस व्यूज और लाइक्स के लिए ही जी रहे हैं। इसके अलावा लोगों को ना कुछ दिखाई दे रहा और ना ही कुछ समझ में आ रहा है।सोशल मीडिया पर रील बनाने की यह बीमारी कई लोगों को खा चुकी है। लोग कुछ व्यूज, लाइक्स और वायरल होने के लिए अश्लीलता का सहारा लेते हैं और समाज में खूब अश्लीलता फैलाते हैं

। वहीं, कुछ लोग रील के चक्कर में अपनी जान को खतरे में डाल लेते हैं। लेकिन दिक्कत तो तब हो जाती है, जब इन लोगों की वजह से किसी दूसरे पर जान का खतरा मंडराने लगता है।ऐसे रीलबाज अपनी और दूसरों की जान खतरे में डालने से पहले एक बार भी नहीं सोचते। हजारीबाग कोर्रा थाना में गुरूवार हो ये नजारा देखने में जहां



झिंझरिया पूल के पास एक बाइक पर दो लड़के और एक लड़की सवार थी। तीनो टीनेजर थे । बाइक काफी तेज रफ़्तार में थी। उस बाइक के पीछे तेज रफ़्तार में एक और बाइक थी। पीछे वाले बाइक पर बैठे लड़को की रील लड़की बना रही थी। कुछ आगे जाने पर पीछे वाले बाइक सवार ने एक विपरित दिशा से आ रहे स्कूटी सवार को टक्कर मार दी जिसमें स्कूटी सवार

### हजारीबाग जिले में कभी भी घट सकती है बड़ी दुर्घटना

घायल हो गया। वे दोनों बाइक सवार इतने शातिर थे की धक्का लगने के बाद वे रुके नहीं बल्कि और तेज गति से फरार हो गए। इधर दुर्घटना ग्रस्त स्कूटी सवार को हाथ और चेहरे पर चोट लगी थी। गनीमत ये रही की चोट गंभीर नहीं थी नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

ज्ञात हो कि जिले में पुलिस प्रशासन की ओर से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के लगातार कार्रवाई के बाद भी युवाओं में सुधार नहीं हो रहा है। आए दिन युवाओं के वीडियो स्टंट बाजी देखने को मिल रही है। अगर इसपर लगाम नहीं लगा तो जल्द ही रील बनाने वाले अपनी या किसी की और की जान ले लेंगे।

# उपायुक्त ने दो ठेकेदारों पर लगाया 17.72 लाख जुर्माना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करने पर दो ठेकेदारों को 17.72 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। डीसी ने गुरुवार को बताया कि डीएमएफटी के तहत कार्यकारी एजेंसी ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा दुलमी प्रखंड में दो योजनाओं की जांच की गई थी। जांच के दौरान ईचातु पंचायत में 98 लाख 96 हजार 712 रुपए की राशि से धीमन मुंडा के घर से हुडगू पत्थर तक पीसीसी पथ व कलभर्ट निर्माण तथा उसरा



पंचायत अंतर्गत ग्राम कोरचे में 78 लाख 24 हजार 10 रुपए की राशि से करमाली टोला से लावालौंग होते हुए पहाड़ी आरईओ रोड तक पीसीसी व गार्ड वाल निर्माण किया गया था। इन दोनों योजनाओं में डीएमएफटी पीएमयू टीम द्वारा की गई जांच के आलोक में गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करने पर रामगढ़ के संवेदक पंकज प्रसाद तिवारी एवं लातेहार के संत कुमार गुप्ता पर योजना की मापी पुस्त राशि का 10%, 17 लाख 72 हजार 72 रुपए का आर्थिक दंड लगाया है। साथ ही उपायुक्त ने अन्य कार्यों में इस तरह की पुनरावृत्ति होने पर संवेदकों को काली सूची (ब्लैकलिस्ट) में डालने एवं कार्यकारी एजेंसी के अभियंताओं के विरुद्ध अनुशंसात्मक कार्रवाई करने की कड़ी चेतावनी दी है।

### बरही आइटीआइ में नामांकन की अंतिम तिथि 17 सितंबर तक

**बरही।** गया रोड स्थित बरही प्राइवेट आईटीआई में सत्र 2024-2026 के लिए सीधा नामांकन की अंतिम तिथि 17 सितंबर, 2024 निर्धारित की गई है। राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीटी) के अंतर्गत संचालित इस संस्थान में ट्रेड इलेक्ट्रीशियन और फीटर की कुछ ही सीटें शेष हैं, जो भी अभ्यर्थी आईटीआई में प्रवेश लेना चाहते हैं, वे 17 सितंबर से पहले संस्थान पहुंचकर अपना नामांकन सुनिश्चित कर सकते हैं। जानकारी के लिए 8541036661 या 9523993750 पर संपर्क किया जा सकता है। प्राचार्य चंदन यादव ने बताया कि भारत सरकार की स्किल इंडिया योजना के तहत आईटीआई का महत्व बढ़ गया है।

### बिजली बिल माफ

**बड़कागांव।** मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत सरकार द्वारा बकाए बिजली बिल को माफ कर दिया गया है । विभाग के कनीय अभियंता प्रभास कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि किसी दलाल के चक्कर में न पड़ें और किसी को बिजली बिल माफी को लेकर पैसे न दें। बिजली बिल माफी मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के अंतर्गत योजना का लाभ 200 यूनिट से कम खपत करने वाले घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को दिया गया है।

# बिचौलियों से सावधान रहें उपभोक्ता : वारसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ी राहत की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं का 200 यूनिट तक का बिजली बिल माफ किया जाएगा। इस फैसले से लाखों परिवारों को सीधा फायदा मिलेगा, खासकर उन लोगों को जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और बिजली बिल के बोझ से परेशान थे। बरही कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने इसे एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह निर्णय राज्य के गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए बेहद राहतकारी साबित होगा। श्री वारसी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह फैसला सरकार की जनहितैषी नीतियों का प्रमाण है। अब्दुल मनान वारसी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाते समय बिचौलियों से सावधान रहें। उन्होंने बताया कि सरकार के स्तर पर सीधे तौर पर सभी उपभोक्ताओं के बिजली बिल माफ किए जा रहे हैं, इसलिए किसी भी प्रकार के बिचौलियों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। वारसी ने कहा कि कुछ लोग इस योजना का गलत लाभ उठाने की कोशिश कर सकते हैं, जिससे जनता को सावधान रहने की जरूरत है। कहा कि यह फैसला राज्य सरकार की ओर से जनता को राहत पहुंचाने की दिशा में एक और अहम कदम माना जा रहा है। पहले भी सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं, जिनका मकसद राज्य के गरीब और जरूरतमंदों की मदद करना है।

# रामगढ़ : स्वच्छता अभियान को लेकर डीडीसी ने की बैठक

## 17 सितंबर से चलेगा अभियान

**रामगढ़।** 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बैठक हुई।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता विषय पर 17 सितंबर से 1 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस मनाया जाना है। उन्होंने स्वच्छता ही सेवा अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, जेएसएलपीएस, पंचायती राज, मनरेगा, नगर परिषद सहित अन्य विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान का सफल आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत निर्धारित कैलेंडर के अनुरूप अलग अलग तिथियों पर संचालित की जाने वाली गतिविधियों को लेकर जानकारी देते हुए अधिकारियों को गतिविधियों से संबंधित फोटोग्राफ नियमित रूप से पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़ को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने 17 सितंबर से शुरू हो रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के पूर्व 15 सितंबर तक जिले के अलग-अलग क्षेत्र में



सीटीयू(क्लीनलीनेस टारगेट यूनिट) चिन्हित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने विद्यालयों में स्वच्छता रैली, स्वच्छता शपथ, सेमिनार, विभिन्न प्रतियोगिताएं आदि का आयोजन कर बच्चों को स्वच्छता ही सेवा अभियान से जोड़ने का निर्देश दिया।

मौके पर उप विकास आयुक्त ने जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के जिला समन्वयक आईईसी कॉर्डिनेटर, यूनिसेफ सहयोगी संस्था के जिला समन्वक के द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत निर्धारित गतिविधियों एवं अभियान के सफल आयोजन को लेकर किए जाने वाले कार्यों को लेकर सभी को जानकारी दी गई। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, डीआरसीएचओ, डीपीएमएसएलपीएस, परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए, डीपीओ नमामि गंगे, नगर प्रबंधक नगर परिषद, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### किशोरी राणा ने खिलाड़ियों को दिया जर्सी



**दारु।** नव झारखंड फाउंडेशन के तत्वाधान में दारू प्रखंड के हर्ली फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया 32 टीम के प्रतिभागियों ने भाग लिया। नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा पहुंचे। श्री राणा ने कहा कि युवा देश के कर्णधार हैं युवाओं में देशभक्ति की भावना का संचार होना समाज को एक अद्भुत अनुभूति देता है देश सेवा के लिए युवा दृढ़ और संकल्पित हो। युवा देश का ही नहीं विदेशों में भी भारत का प्रतिनिधित्व एवं परचम लहरा रहा है। किशोरी राणा ने 32 टीम के खिलाड़ियों को जर्सी देकर मनोबल बढ़ाया गया। कर्यक्रम मे उपस्थित उमेश यादव, धनजय पांडेय, सतीश पांडेय जगदेव राणा, अनुज यादव, विक्की सिंह संजय,समीर, आदि कई लोग उपस्थित थे।

### थाना प्रभारी ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**टाटीझरिया ।** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के अमन कुमार पिता सुरेंद्र साव को सीसी 397/2018 के तहत 1. भादवि 190/18 धारा 138 एनआईएक्ट तथा 2. सीसी कांड संख्या 3270/22 एवं 3. सीसी 3270/18 जेएमएफसी धनबाद का अभियुक्त है।जिसे प्रशासनिक नियमावली के अनुसार गिरफ्तार कर टाटीझरिया थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने न्यायिक हिरासत में लेकर हजारीबाग व्यवहार न्यायलय भेज दिया।

### दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने रविंद्र वर्णनवाल

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ रमुआ श्री श्री दुर्गा मंदिर प्रांगण में पूजा को लेकर दुर्गा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मिश्रीलाल आजाद तथा संचालन गुरु प्रसाद साव ने किया। बैठक में पिछले वर्ष हुए आय-व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से श्री श्री दुर्गा पूजा समिति कि सफलता के लिए कमेटी का चयन किया जिसमें रविन्द्र कुमार बरनवाल ( दीपू भाई) को अध्यक्ष, बिनोद कुमार सिंह (इटवाटांड़) को उपाध्यक्ष,अजय कुमार को सचिव,मुकेश कुमार प्रजापति को सह-सचिव,शशि कुमार लाहकार को कोषाध्यक्ष,अजय कुमार बरनवाल को सह-कोषाध्यक्ष,जीवन सोनी को मीडिया प्रभारी चुना गया। कमिटि का विस्तार करते हुए 25 सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्य चुना गया जिसमें मनोज यादव,प्रकाश प्रसाद बर्मन, कारू प्रजापति( बड़ा), कारू प्रजापति (छोटा),माणिक यादव,सुरेश कुमार चंद्रवंशी,संजय कुमार(बबलू),जय प्रकाश सिंह,विवेक कुमार गुप्ता,अनुभव भारती,अविनाश कुमार,दिलीप साव,कारू मिश्रा, दीपक सोनी,संदीप लाहकार, अनुज कुमार,दिनेश प्रसाद(शीतल होटल),अजय साव(बबलू),किशोर कुमार मंडल, अरुण कुमार सिन्हा, महेश प्रसाद,राकेश कुमार बरनवाल,पवन कुमार महतो,राजकुमार ठाकुर,हिरामन महतो को शामिल किया गया।दुर्गा पूजा के प्रारंभ और निर्माण से जुड़े अभिभावकों को श्री श्री दुर्गा पूजा समिति में बतौर संरक्षक, पथप्रदर्शक के तौर परगुरुप्रसाद साव,जयवीर प्रसाद बर्मन, किशोर कुमार मंडल,विनोद सिंह,मिश्रीलाल आजाद,त्रिवेणी प्रसाद बर्मन की गरिमामयी उपस्थिति में भव्य पूजनोत्सव की रूप रेखा तैयार की गई।

## कार्यालय नगर परिषद रामगढ़।

निविदा रद्द संबंधीत सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता ह कि रामगढ़ नगर परिषद् द्वारा निकाले गए निविदा संख्या–NIT/RGH/NP/14/2024-25 जिसका PR No.- 335229 District (24-25)#D द्वारा निविदा प्रकाशित की गई थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा को रद्द किया जाता है।

प्रशासक
नगर परिषद रामगढ़।

PR 335491 District(24-25)D

e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
SPECIAL WORKS DIVISION, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, Ranchi

e-Procurement Notice (Very Very Short Notice)
Tender Reference No:- BCD/EE, Special Works Div, BCD, Ranchi-20/2024-25 Date:-11.09.24

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Boundary Wall (750'0") with Camp Office at Proposed New Jharkhand Bhawan Site, Navi Mumbai, Maharashtra.. | Rs. 77,84,600.00 | 06 (Six) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 13.09.2024 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 19.09.2024 को अपराह्न 1.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 20.09.2024 को अपराह्न 1.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e- Procurement Cell, Office of the Executive Engineer Special Works Division Building Construction Department, Ranchi | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 8092415503 | |
| vi | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 8092415503 | |

Note:- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://jharkhandtenders.gov.in
Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders. gov. in
Any Other information can be on Website http:// Jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Special Works Division
Building Construction Department, Ranchi

PR 335564 Building (24-25)_D

## कार्यालय नगर पंचायत, बुण्डू (राँची)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना स. 07/24-25

विभाग का नाम – नगर पंचायत ,बुंडू
विज्ञापनदाता का पदनाम – कार्यपालक पदाधिकारी ,नगर पंचायत ,बुंडू, (रांची)
परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान – नगर पंचायत कार्यालय, बुंडू, दिनांक – 19.09.2024 कार्यालय अवधि तक
निविदा प्राप्ति / खोलने का स्थान – कार्यालय नगर पंचायत, बुंडू
निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.09.2024 को 02:00 अपराहन तक
निविदा खोलने की तिथि – दिनांक 21.09.2024 को 12:00 बजे अपराहन से

कार्य का विवरण

| क्रम | योजना का नाम | वार्ड | प्राक्कलित राशि (रू०) | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्यादेश की तिथि से कार्य पूर्ण कि तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Drain from Rajesh Sahu to Culvert and prajapati store to Rai Store at Ward No.- 01 | 01 | 664158.00 | 13500.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 2 | Construction of Drain from house of Ajay Laheri to house of Basant Sahu at Ward No. - 01 | 01 | 708800.00 | 14500.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 3 | Construction of Drainage system near Nandi complex beside NH33 Ward 3 | 03 | 649300.00 | 13000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 4 | Construction of Drain near Hanuman Mandir beside NH33 at Kathar Toli Ward 06 | 06 | 999900.00 | 20000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 5 | Constuction of Drain with cover slab from Chandan machuwa to Anandi machuwa at Fulwartoli Ward No:-09 | 09 | 344700.00 | 7000.00 | 1000.00 | 45 दिन |

नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट/विभागीय Website www.udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, बुण्डू

PR 335575 Urban Development (24-25)D

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत

# जिले के विभिन्न पंचायतों में शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न पंचायतों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरूवार को डोमचांच प्रखंड के जानपुर, कोडरमा प्रखंड के कौआवर गझंडी व जयनगर प्रखंड के पिपचो पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान प्रखंड के पदाधिकारियों व स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा जेएसएलपीएस के सखी दीदियों को सशक्त बनाने के लिए क्रेडिट लिंकेज का चेक दिया गया।



साथ ही स्कूली बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र और साईकिल वितरण किया गया। शिविर में कई लोगों का आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए योजना का लाभ दिया गया। शिविर में राज्य सरकार की योजनाओं यथा झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड समेत लंबित दाखिल-खारिज वादों का निष्पादन करने, भूमिमापी के लंबित मामलों का निष्पादन एवं लगान रसीद निर्गत करने संबंधी आवेदन लिया गया।

**यहां लगेगा शिविर :** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को चंदवारा प्रखंड के पथलगड्डा एवं मरकच्चो प्रखंड के पुरनानगर में शिविर का आयोजन किया जायेगा। वहीं 18 सितम्बर 2024 को सतगांवा प्रखंड के कोठियार, कोडरमा प्रखंड के चाराडीह, जयनगर प्रखंड के गोहाल पंचायत, 19 सितम्बर 2024 को डोमचांच प्रखंड के पारहो, मरकच्चो प्रखंड के दशारोखुर्द पंचायत, 20 सितम्बर 2024 को कोडरमा प्रखंड के छतरबर, 21 सितम्बर 2024 को सतगांवा प्रखंड के खुटटा, डोमचांच प्रखंड के काराखुट, कोडरमा प्रखंड के झुमरी, चंदवारा प्रखंड के मदनगुंडी, जयनगर प्रखंड के कटहाडीह एवं मरकच्चो प्रखंड के मरकच्चो दक्षिणी, 23 सितम्बर 2024 को डोमचांच प्रखंड के ढोढाकोला, 24 सितम्बर 2024 को चंदवारा प्रखंड के आरागारो, जयनगर प्रखंड के तेतरौन एवं मरकच्चो प्रखंड के मरकच्चो मध्य में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## एक नजर में

### प्रखंड मुख्यालय परिसर के गेट के पास

## जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय परिसर के गेट के पास बृहस्पतिवार को जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया क्योंकि पीएम आवास का आवंटन प्रखंड के सभी पंचायत में समान रूप से नहीं हुआ था। पंचायत समिति के तहत योजनाओं में भुगतान न होने को लेकर भी प्रखंड प्रमुख अनीता यादव के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया। लोगों का कहना था कि प्रखंड के कर्मी बहुत ज्यादा लापरवाही बरत रहे हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने लिखित चिट्ठी देकर जनप्रतिनिधियों को आगे से जांचों उपरांत मांग करने की बात लिखी है।धरना प्रदर्शन में मझगांवा पंचायत मुखिया सरिता देवी, बारियातू पंचायत मुखिया डेगान गंझु, बारिसाखी पंचायत मुखिया सुमीरा कुमारी, गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी के साथ-साथ दर्जनों ग्रामीण जनता मौजूद थे।

# लेदर फुटवियर हस्तशिल्पकारों का 50 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड रांची के बैनर तले गुरुवार को सतगावां प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गांव में लेदर फुटवियर प्रशिक्षण एजेंसी जन जागरण केंद्र हजारीबाग के तत्वाधान में 50 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ कौशल उन्नयन योजना के अंतर्गत किया गया। वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ पंसस ज्योति देवी, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड के जिला उद्यमी समन्वयक अघनु उरांव, प्रखंड उद्यमी समन्वयक अजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान चयनित 20 हस्तशिलकार प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए जिला उद्यमी समन्वयक अघनु उरांव ने कहा की लेदर फुटवियर का प्रशिक्षण देकर कर सभी हस्तशिल्पकार को आत्मनिर्भर बनाना तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देना ही सरकार का लक्ष्य है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर डीसी ने बैठक में दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त में अभियान की जानकारी देते हुए अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान में सभी विभागों की भागीदारी सुनिश्चित हो, एक पखवाड़े तक आयोजित होने वाले उक्त अभियान में स्वच्छता की भागीदारी, सम्पूर्ण स्वच्छता श्रमदान, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आदि




शामिल होंगे, ऐसे में आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करें। साथ ही अभियान को शतप्रतिशत सफल बनाने के लिए समयबद्ध गतिविधियों के आयोजन के लिए कैलेंडर बना कर उसे प्रस्तुत करें। उपायुक्त ने कहा की ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के क्लबों, एनजीओ, संस्थाओं, व्यापार मंडलों समेत अन्य सामाजिक संगठनों को इस अभियान से जोड़ें। अभियान के तहत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि अभियान के दौरान स्वच्छता की शपथ, स्वच्छता सन्देश रैली, सरकारी कार्यालयों व स्कूलों के आस पास साफ सफाई सुनिश्चित करें। वहीं उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित कचरा स्थलों को चिन्हित कर वहां साफ सफाई करवाएं। वहीं उन्होने सफाई मित्रों के स्वास्थ्य जांच के लिए सिविल सर्जन को निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को स्वच्छता का शपथ दिलवाया। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, एसी पूनम कुजूर, डीएसई अजय कुमार के अलावे प्रखंडों के बीडीओ, नगर प्रशासक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## नौकरी के नाम पर ठगी मामले में बड़ी कार्रवाई

# चतरा पुलिस ने सीएफ ऑफिस के लिपिक को लिया हिरासत में




खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** पुलिस ने वन विभाग में नौकरी के नाम पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये की ठगी के मामले में घटना में संलिप्त सीएफ ऑफिस के लिपिक अवधेश तिवारी को हिरासत में ले लिया है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार आरोपी लिपिक पर आरोप है कि उसने नौकरी के नाम पर लोगों से बड़ी रकम ऐंठी है। पुलिस अब उसकी पूछताछ कर रही है और ठगी से जुड़े अन्य तारों की भी जांच कर रही है। मामले में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। चतरा पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा कर सकती है। फिलहाल, टीम ठगी के इस बड़े नेटवर्क की तहकीकात में जुटी हुई है।

# ढिबरा लदे टाटा मैजिक जप्त, चालक गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** वन विभाग की टीम ने गुरुवार की सुबह नवलशाही के समीप अवैध रूप से ढिबरा लदे टाटा मैजिक को जप्त किया। जिसमें लगभग एक टन ढिबरा लोड पाया गया। घटना के सम्बां में मिली जानकारी के अनुसार वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी रविन्द्र कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली कि बंदरचुंवा जंगल से टाटा मैजिक वाहन में अवैध रूप से ढिबरा लोड कर उसे झुमरीतिलैया भेजा जा रहा है, सूचना के आलोक में रेंजर श्री सिंह के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने उक्त ढिबरा लदे वाहन को नवलशाही के समीप से जप्त किया, साथ ही वाहन चालक को भी गिरफ्तार किया।

वहीं गिरफ्तार आरोपी की पहचान अजय कुमार मेहता बंदरचुंवा निवासी के रूप में हुई है। घटना को लेकर मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## आत्महत्या एक गम्भीर समस्या बनकर उभर रही है : डॉ. आशीष

**कोडरमा।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विश्व आत्महत्या रोकथाम के निमित जयनगर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के पदाधिकारी डॉ. आशीष राज ने आत्महत्या के कारणों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान समय में लगभग लोग किसी न किसी अवसाद में रहते हैं, हालांकि अधिकतम लोग धीरे धीरे अवसाद से मुक्त हो जाते हैं परन्तु कुछ लोग इससे उबर नही पाते हैं, ऐसे लोग



आत्महत्या के लिए सोचते हैं, जबकि यह गलत है। उन्होंने कहा की वर्तमान परिपेक्ष्य में देखा जाय तो आत्महत्या एक गम्भीर समस्या बनती जा रही है। मौके पर सिद्धांत ओहदार, सभी शिक्षिकाएं एवं छात्राएं मौजूद थे।

## झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की टीम ने पांच विद्यालय का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी अरुणा लता केरकेटा ने गिद्धौर स्थित बीआरसी बलबल का निरीक्षण किया और संतुष्ट दिखे। उत्क्रमित उच्च विद्यालय द्वारी के निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिन्हा की लापरवाही से नाराजगी व्यक्त की और इसकी जांच रिपोर्ट राज्य को सौंपने की बात कही। इसके बाद टीम प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर पहुंची, जहाँ उन्होंने उपस्थिति पंजी, वर्ग कक्ष, शौचालय, प्रयोगशाला समेत अन्य की जांच की। मध्य विद्यालय गिद्धौर में रिसोर्स सेंटर और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गिद्धौर में मीनू चाट पंजी समेत की जांच की और विद्यालय छात्राओं से जानकारी जुटाई। इस मौके पर परियोजना पदाधिकारी आदिल नजम, अनुश्रवण सदस्य विजय ठाकुर, अमर कुमार वर्मा, सीआरपी प्रेमचंद साव, राजकुमार राजू समेत शिक्षक मौजूद थे।

### सेक्रेड हार्ट की पूर्व छात्रा अलंकृता साक्षी का चयन गूगल में इंजीनियर पद पर

# 60 लाख रुपये सालाना पैकेज पर हुई है नियुक्ति

## सेक्रेड हार्ट स्कूल परिवार ने दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल झुमरी तिलैया से 2012 में पास आउट छात्रा अलंकृता साक्षी का चयन देश की सबसे बड़ी कंपनी गूगल में इंजीनियर के रूप में हुआ है। फिलहाल अलंकृता विदेश में हैं। अलंकृता को 60 लाख सालाना पैकेज पर गूगल ने जॉब पर रखा है। वह मूलतः बिहार के भागलपुर की रहने वाली है और झुमरीतिलैया में अपने नाना-नानी के साथ रहकर सेक्रेड हार्ट स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा पास की थी। उसकी मां रेखा मिश्रा शहर के एक निजी स्कूल में पढ़ाती थीं। मिली जानकारी के अनुसार अलंकृता साक्षी ने सेक्रेड हार्ट स्कूल से मैट्रिक, जवाहर नवोदय विद्यालय से इंटर और हजारीबाग से बीटेक की परीक्षा पास की थी। वहीं अलंकृता की इस बड़ी उपलब्धि ने उनके माता-पिता को ही नहीं बल्कि सेक्रेड हार्ट स्कूल फैमिली को भी गौरवान्वित किया है। अलंकृता की सफलता पर विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, प्राचार्य प्रमोद शर्मा सहित पूरे विद्यालय परिवार ने बधाई दी है। वहीं निदेशक प्रमोद कुमार ने बताया की अलंकृता शुरू से ही कुशाग्र बुद्धि की थी। वह पढ़ाई के साथ-साथ विद्यालय के सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती थी। उसकी यह सफलता विद्यालय के लिए गौरव की बात है।

# बालू का अवैध उत्खनन और अवैध निर्माण रोकने के लिए डीसी को आवेदन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के इटखोरी प्रखंड में अवैध बालू खनन और सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। इटखोरी प्रखंड प्रमुख प्रिया कुमारी ने डीसी रमेश घोलप को आवेदन देकर अवैध खनन और अवैध निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है। प्रखंड प्रमुख का आरोप है कि इटखोरी प्रखंड के प्रशासनिक पदाधिकारियों की मिलीभगत से लगभग 150 ट्रैक्टरों से प्रति माह 5000 रुपये की वसूली की जा रही है, जिससे बालू की कीमतें बढ़ गई हैं। इसके अलावा, राजस्व जमीन पर कई अवैध कब्जे किए गए हैं, जिससे अराजकता का माहौल बन गया है। कुछ मामलों में, लोगों की जमीन पर जबरन अवैध निर्माण किया जा रहा है, जिससे वे भूमिहीन हो रहे हैं। न्यायालय में विचाराधीन मामलों में भी दूसरे पक्ष द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा है। अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी जनता की समस्याओं को लेकर उदासीन हैं और जनप्रतिनिधियों को पक्ष विपक्ष में बनाया जा रहा है। इसके अलावा, एनजीटी लागू होने के बावजूद महाने और बसाने नदी के विभिन्न घाटों से अवैध रूप से बालू निकाला जा रहा है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## झारखंड समृद्ध लेकिन पिछड़ापन अधिक: अनुपम मिश्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने झारखंड के मौजूदा राजनीतिक परिस्थिति पर चर्चा करने के लिए समाजसेवी चंदन मिश्र से मुलाकात की। अनुपम मिश्रा झारखंड में संगठन विस्तार, आगामी विधानसभा चुनाव और राज्य की स्थानीय समस्याओं पर चर्चा करने के लिए रांची पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के समृद्ध खनिज संसाधनों के बाद भी यहां की अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे में घोर पिछड़ापन देखा जा सकता है। शासन और प्रशासन में ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार और अक्षमता का बोलबाला है। बेतहाशा बेरोजगारी, बदहाल स्वास्थ्य सेवाएँ और राजनीतिक अस्थिरता जैसी विकट समस्याएं झारखंड के समग्र विकास के मार्ग में सबसे बड़ा अवरोध हैं। राष्ट्रीय लोक दल इन सभी अवरोधों और चुनौतियों के समग्र समाधान के लिए एक संगठित दृष्टिकोण के साथ जनता के बीच जाएगा ताकि प्रदेश की जनता अपने संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए समृद्धि के मार्ग पर बढ़ सके। झारखंड की बेहतरी स्थानीय जनता के हाथ में है और उन्हें सजग रहना होगा ताकि उनके अधिकारों पर कोई और डाका न डाल सके।

## डोमचांच थाना प्रभारी मेरे जीने के अधिकार का हनन कर रहा है : विक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला के डोमचांच थाना क्षेत्र के बगडो पंचायत निवासी विक्रम कुमार पिता भुनेश्वर सुंडी ने एसपी को आवेदन देकर यह आरोप लगाया है की डोमचांच थाना प्रभारी हमारे साथ गन्दा व्यवहार कर रहे हैं। मैं जब भी थाना जाता हूं हमें गाली गलौज कर थाना से भगा देते हैं और कहते हैं कि तुम्हारा कोई विकलांग प्रमाण पत्र काम नहीं आएगा, यहां से जाते हो की नहीं नहीं थो जेल में डाल देंगे। वहीं विक्रम बात करते हुए पूछता है की अगर मैं विकलंग हूं तो क्या मेरा जीने का अधिकार नहीं है। वहीं

**मैं जब भी थाना जाता हूं हमें गाली गलौज कर थाना से भगा दिया जाता है**

उन्होंने कहा है कि थाना प्रभारी मेरे अधिकार का हनन कर रहा है। जब मेरे आवेदन में थाना के लोग जांच करने आते हैं तो गाड़ी से उतरते भी नहीं है और पूछ ताछ कर चले जाते हैं, जैसे मै इन्सान नही हूं। विक्रम के सवाल संविधान के धारा 21 जीवन जीने के अधिकार की सुरक्षा पर सवाल खड़ा कर रहा है। जिसे डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम कुमार के द्वारा हनन किया जा रहा है।

# तैयारी में किसी प्रकार की लापरवाही ना हो: डीसी

## मुख्यमंत्री के इटखोरी आगमन को लेकर उपायुक्त ने किया स्थल निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निदेर्शानुसार, राज्य के सभी पंचायतों में लाभुकों को लाभान्वित करने के लिए 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत, 24 सितंबर को इटखोरी भद्रकाली मैदान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण, योजनाओं का स्वीकृति पत्र, करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास और जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्घाटन करेंगे।



कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए, उपायुक्त रमेश घोलप ने इटखोरी कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और हेलीपैड स्थल, लोगों के आवागमन और अन्य आवश्यक तैयारियों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से आपस में समन्वय बनाते हुए कार्य करने को कहा। इस मौके पर उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा संदीप सुमन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, जिला खेल कूद पदाधिकारी तुषार रॉय, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर शशिकांत कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# 200 यूनिट बिजली मुफ्त दे रही है सरकार : बिपिन

## शिविर में आए 948 आवेदन में 342 का हुआ ऑन द स्पॉट निपटारा

खबर मन्त्र संवाददाता


गोद भराई करती बीडीओ रेशमा रेखा मिंज।

**बरवाडीह।** गुरुवार को राज्य के उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह के गृह पंचायत मंगरा में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर में ग्रामीणों की काफी भीड़ उमड़ी। हालांकि अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के चलते विधायक शिविर में उपस्थित नहीं हो सके। शिविर का उदघाटन बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष अफजल अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह और मुखिया बिपिन बिहारी सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके बाद बारी- बारी से हेमंत सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए लोगों से अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। मुखिया बिपिन बिहारी सिंह ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लोगों को सुगम रूप से प्रदान किया जा रहा है। लोगों को भटकना नहीं पड़े, इसलिए लगातार चौथे वर्ष पंचायत में ही शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हेमंत सरकार राज्य के प्रत्येक कंज्यूमर को 200 यूनिट बिजली मुफ्त दे रही है, और ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत पिछला बकाया बिल माफ कर रही है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों की समस्याओं से जुड़े आवेदन प्राप्त किए गए। साथ ही कई आवेदनों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। जिसके बाद अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं का लाभ व परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म के साथ ही छोटे बच्चों का अन्नप्रासन्न संस्कार भी संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में अंचल निरीक्षक सुरेश राम, जेएसएलपीएस के बीपीएम अरुण कुमार, ब्लॉक कॉर्डिनेटर मंजीत सिंह, पशुपालन पदाधिकारी प्रमोद कुमार, प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद रवि, आवास कॉर्डिनेटर दीपक कुमार, पंचायत समिति राज महेंद्र सिंह, अधिवक्ता रवि कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि और अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## झारखंड पोषण माह के तहत निकाली गई जागरूकता रैली

# कुपोषण को दूर भगाना हमारा उद्देश्यम : अर्चना सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में उपस्थित सीडीपीओ व महिलाएं।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में पोषण माह 2024 के तहत बच्चों को कुपोषण से बचाव,एनीमिया से बचाव एवं कुपोषण मुक्त झारखंड अभियान को सफल बनाने को लेकर दिन गुरूवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। वहीं रैली कार्यक्रम का नेतृत्व सीडीपीओ अर्चना सिन्हा के द्वारा किया गया साथ ही रैली की शुरूआत पचफेड़ी चौक के समीप से की गई और समापन प्रखंड कार्यालय परिसर में किया गया। मौके पर सीडीपीओ अर्चना सिन्हा ने बताया कि पोषण माह 2024 का आयोजन 1 सितंबर से 30 सितंबर तक किया जा रहा है जिसमें सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में गर्भवती महिलाओं और धात्री माता सहित 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को पोषाहार उपलब्ध कराना है और सभी महिलाओं को अपने बच्चों को कुपोषण एवं एनीमिया से बचाव के प्रति जागरूक भी करना है। साथ ही इस वर्ष पोषण माह का थीम एनीमिया, वृद्धि निगरानी, ऊपरी आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर शासन के लिए तकनीक का वृहत उपयोग एवं समग्र पोषण है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को जागरुक करते हुए कुपोषण को दूर भागना ही कार्यक्रम का उद्देश्य है। मौके पर प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों से काफी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं सहायिकाएं उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### झारखंड आंदोलनकारी मंच की बैठक में कई मुद्दो पर हुयी चर्चा



**चंदवा।** स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में गुरुवार को झारखंड आंदोलनकारी मंच की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता लातेहार जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह व संचालन धनेश्वर उराँव ने की। सर्वप्रथम बैठक में सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड आंदोलनकारी चिंहित्तिकरण आयोग के कार्यकाल को एक वर्ष बढ़ाने के निर्णय का स्वागत करते हुए बधाई दिया गया। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने कहा कि लातेहार जिले में वैसे आंदोलनकारी जिनका अभी तक चिंहितिकरण नहीं हुआ है उनका चयन करने, जेल की बाध्यता समाप्त करने, 50000 मासिक पेंशन देने समेत अन्य मांगों को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में फूलचंद गंझू, रोहित यादव, महेश गंझू, महेश उरांव, नवल मिंज, सरयू उराँव, सरस्वती देवी, सोहरी देवी समय दर्जनों आंदोलनकारी शामिल थे।

### माकपा के केन्द्रीय कमेटी सदस्य सीताराम येचुरी के निधन पर शोक

**चंदवा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के केंद्रीय कमेटी के सदस्य एवं माकपा के पूर्व महासचिव कॉ. सीताराम एचुरी का निधन नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद ज्ञान संस्थान एम्स में चेस्ट इन्फेक्शन के कारण हो गयी। उनके निधन पर भाकपा व अखिल भारतीय किसान सभा प्रखंड कमेटी चंदवा गहरी शोक संवेदना शोक व्यक्त की है। शोक व्यक्त करते हुये किसान नेता प्रमोद साहू व अयुब खान ने कहा कि सीताराम एचुरी का निधन से पार्टी को गहरी क्षति हुयी है। यह माकपा ही नहीं बल्कि पूरे वामपंत सहित विपक्षी आंदोलन को भी गहरी क्षति पहुंची है। एक कार्यक्रम के दरमियान हैदराबाद में मेरी उनसे मुलाकात हुई थी जो एक यादगार पल मेरे जीवन का था। कॉ. सीताराम एचूरी सरल स्वभाव के मृदभाषी नेता थे, मनमोहन सरकार के गठन में उनकी अहम भूमिका थी, 1975 में इमरजेंसी के दौरान उन्हें अंडरग्राउंड भी रहना पड़ा था। छात्र जीवन में राजनीतिक का शुरूआत कर जेएनयू के अध्यक्ष रहे उनके निधन शोक व्यक्त करने वालों में किसान सभा के मो अलाउद्दीन, अनिल साहू, तेजू उरांव, इंदू भूषण पाठक, माखन चौरसिया, माकपा के जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता अयुब खान, बैजनाथ ठाकूर, रसीद मियां, कमल गंझु, पचु गंझु, सनीका मुंडा, अनिल मुंडा, जितन गंझु, द्वारिका ठाकुर, साजीद खान, बीनोद परहैया, बुधराम बारला समेत अन्य शामिल हैं।

# महुआडांड में मिला केन बम, जांच में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता


बरामद केन बम।

**महुआडांड।** जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रेंगाई गांव में गुरुवार को एक केन बम बरामद हुआ है। मामले की सूचना होने के बाद पुलिस की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर बम निरोधक दस्ते के साथ मामले की छानबीन की। हालांकि अभी पता नहीं चल पाया है कि यह बम ही है या कुछ और है। पुलिस भी मामले में कुछ भी स्पष्ट रूप से बताने में असमर्थ है।

दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि रेंगाई गांव निवासी जजीत खलखो के घर के पास एक केन बम पड़ा हुआ है। सूचना पाकर पुलिस की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और संदिग्ध स्थल की घेराबंदी कर दी। पुलिस टीम द्वारा इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को भी दी गई। बाद में बम निरोधक दस्ते को डॉग स्क्वॉड के साथ घटनास्थल पर बुलाया गया। बम निरोधक दस्ता स्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

इस संबंध में लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन कर रही है। छानबीन पूरी होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। इधर, गांव में केन बम मिलने की सूचना के बाद ग्रामीणों में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। लोगों को यह समझ नहीं आ रहा है कि आखिर किसने और क्यों यहां बम रखा होगा? हालांकि कुछ ग्रामीणों का कहना है कि आपसी विवाद के कारण इस प्रकार का मामला हो सकता है। पुलिस की टीम के आने के बाद भारी संख्या में ग्रामीण यहां पहुंच गए। पुलिस की टीम ने ग्रामीणों को घटनास्थल से हटाकर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर में

### बालूमाथ पंचायत भवन में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का बीडीओ ने किया उद्घाटन


लाभुको स्वीकृति पत्र देते।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी विद्यालय परिसर में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन सोमा उराँव दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बोलते हुए लातेहार विधायक बीडीओ सोमा उरांव ने कहा की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ देना है। उन्होंने लोगों से शिविर में भाग लेकर अधिक से अधिक लाभ उठाने का अपील किया। आयोजित शिविर में कई सरकारी योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। जिसमे अबुआ आवास 491 आवेदन प्राप्त हुआ, वही किसान क्रेडिट कार्ड कर मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 20 बिजली बिल संबंधित शिकायत तीन, हरा राशन कार्ड तीन, स्वास्थ्य सुरक्षा योजना 40 गुरुजी क्रेडिट कार्ड तीन, आधार कार्ड संशोधन 10, आवासीय प्रमाण पत्र 14 आय प्रमाण पत्र 13 झारखंड मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना 86, वृद्धा पेंशन 66 विकलांग पेंशन दो, विधवा पेंशन एक आवेदन प्राप्त हुआ। मौके पर धोती साड़ी लूंगी वितरण 70 लोगों को किया गया। प्राप्त आवेदन में से कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। बाकी का जांचोंउपरांत निष्पादन किया जाएगा।

### चंदवा: चंचल यात्री बस व हाइवा के बीच भीषण टक्कर, खलासी समेत आधा दर्जन यात्री घायल


दुर्घटनाग्रस्त बस।

**चंदवा।** एनएच-99 (अब 22) रांची-चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत हिसरी पम्प के समीप गुरुवार की सुबह चंचल नामक यात्री बस जेएच-01-एएन-5301 व हाइवा के बीच भीषण टक्कर हो गयी, जिसमे बस का आगे का हिस्सा (केबिन) बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया व केबिन में बैठा बस का खलासी आदित्य प्रसाद (चतरा), यात्री दौलतिया देवी व रीता कुमारी दोनो मां-बेटी (रामगढ़) समेत आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना के बाद चंदवा पुलिस मौके पर पहुंची व स्थानीय लोगो की मदद से सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस व निजी वाहनों से चंदवा सीएचसी व बालूमाथ अस्पताल भ्रोजा गया। घायलों में दौलतिया देवी व आदित्य प्रसाद को गम्भीर चोट आई है। बताया जाता है रांची-चतरा रूट पर चलने वाली चंचल बस दर्जनों यात्रियों को लेकर चंदवा से बालूमाथ की ओर जा रही थी, वहीं हाइवा बस आगे-आगे चल रही थी, हिसरी गांव के समीप किसी त्योहार को लेकर चंदा कर रहे लोगो के द्वारा हाइवा को रोक दिया गया, इसी दौरान पीछे से आ रही बस अनियंत्रित हो गयी व हाइवा से टक्कर हो गयी। घटना के बाद बस में सवार अन्य यात्रियों को दूसरे वाहन से गंतव्य के लिए भेज दिया गया। इधर चंदवा पुलिस मामले में दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है।

### माइक्रो फाइनेंस कंपनी के मैनेजर से लूट के प्रयास, एक लुटेरा धराया, दूसरा फरार

**चंदवा।** चंदवा शहर के गैरेज लेन के समीप से बादुर बगीचा जाने वाले मार्ग पर बुधवार की दोपहर बाद पैसे लेकर बैंक जमा करने जा रहे कैश ऑन माइक्रोफाइनेंस कंपनी के मैनेजर सुजीत कुमार के साथ बाइक सवार 2 अपराधियों ने लूट का प्रयास किया। हालांकि सह कर्मियों एवं स्थानीय लोगो की तत्परता के कारण लुटेरे अपने मंसूबे में फेल हो गए व एक लुटेरा पुलिस के हत्थे भी चढ़ गया। जिसकी पहचान ओमप्रकाश पासवान पिता जीतन मांझी (चौरा पलामू) में हुई। मामले में माइक्रो फाइनेंस कंपनी के मैनेजर सुजीत कुमार के द्वारा दिये गए आवेदन के आधार पर चंदवा थाना में कांड संख्या 129/24 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार ओमप्रकाश पासवान को अग्रतर कार्रवाई के बाद जेल भज दिया गया। जबकि मौके से फरार दूसरे अपराधी की धर पकड़ को लेकर चंदवा पुलिस अभियान में जुट गई है।

### महुआडांड़ प्रखंड में सरना आदिवासी एकता मंच द्वारा करमा महोत्सव मनाया गया


महोत्सव का उद्घाटन करते अतिथि।

**महुआडांड़।** प्रखंड वन विभाग समीप नये सरना भवन परिसर में प्राकृतिक एवं भाई-बहन स्नेह का पावन पर्व करमा सरना आदिवासी एकता मंच के द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पूरे पारंपरिक रीति रिवाज के साथ करमा लोकगीत गाती हुई महिलाएं एवं युवतियां हाथों में करम डाल लिए हुए पारंपरिक नृत्य करती हुई आखरा पहुंची। जहां बैगा पाहन रघुवा नगेसिया, कैतका मुंडा, सूले मुंडा के द्वारा पूरे विधि विधान से करम डाल स्थापित करते हुए पूजा अर्चना की गई।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह के रूप में शामिल हुए। विधायक द्वारा नये सरना भवन का उद्घाटन फीता काटकर किया।कार्यक्रम के दौरान विधायक खुद मांदर टांगकर नृत्य मंडली के साथ मांदर की थाप थिरकते नजर आये। इसके पश्चात महुआडांड़ प्रखंड के हामी, लोध, परेवा, चटकपुर, गोठगांव, चिरो पाठ, चुटिया, परहाटोली, जराहाटोली, चंपा समेत विभिन्न गांव से आए हुए सैकड़ो युवक-युवतियां, महिला-पुरुष के द्वारा ढोल मांदर की थाप पर करम गीत गाते हुए करम डाल के चारों ओर घेरा बनाकर सांस्कृतिक झूमर नृत्य किया गया। मौके पर विधायक के साथ-साथ इस्तेखार अहमद, उपप्रमुख अभय मिंज, अजित पाल कुजुर, रामनरेश ठाकुर, किशोर तिर्की सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।इस पर्व को लेकर प्रदीप नगेसिया, फतेह मुंडा, किरण देवी, विनोद नगेसिया, अनूप मुंडा समेत प्रखंड भर के विभिन्न गांव से आए हुए लोगों ने इस पुजन कार्यक्रम में भाग लिया।

## युवाओं ने विधायक रामचंद्र सिंह की मौजुदगी में थामा कांग्रेस का दामन


कांग्रेस में शामिल होते युवा।

**महुआडांड।** महुआडांड़ में युवाओं ने राहुल गांधी की विचारधारा व मनिका विधायक रामचन्दर सिंह के चहुमुंखी विकास से प्रभावित होकर कांग्रेस नेता इफ्तेखार अहमद, अजित पाल कुजुर, रामनरेश ठाकुर, अभय मिंज के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह के समक्ष पार्टी का दामन थाम।वही शामिल होने वाले मे कुछ भाजपा युवा के सक्रिय सदस्य है। कुछ नये चेहरे भी है जो कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी व युवाओं से आवाहन किया कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने का कार्य करें। कांग्रेस में शामिल होने वाले महुआडांड़ बाजार के युवक थे। जिसमें मुख्य रूप से राजा उफ शुभम कुमार, आयुष जयसवाल, अविनाश कुमार, विकास कुमार, मोहित कुमार, राजन गुप्ता हिमांशु जयसवाल, श्याम सुंदर सहित कुल 22 युवक ने कांग्रेस में शामिल हुए। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर सोहेल, रानू खान, नुरूल हसन सहित कई अन्य कार्यकर्त्ता मौर्जूद रहे।

## वित्त मंत्री ने करमा पूजा कमिटी के बीच किया नगाड़ा एवं मांदर का वितरण

# अपनी परंपरा एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने का लें संकल्प : रामेश्वर उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता


लोगों से संवाद करते मंत्री।

**मनिका।** मनिका प्रखंड कार्यालय के सभागार में झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के द्वारा आगामी करमा पूजा को लेकर दिन गुरुवार को क्षेत्र के सभी पंचायतों के करमा पूजा कमिटी को नगाड़ा एवं मांदर का वितरण किया गया। वहीं क्षेत्र वासियों ने आदिवासी रीति-रिवाज के साथ ढोल, मांदर एवं नृत्य करते हुए उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर उन्होंने क्षेत्र वासियों को प्राकृतिक पर्व कर्म की बधाई दिया और हर्षोल्लास एवं श्रद्धा-भाव से पर्व मनाने की बात कही उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति एवं सभ्यता को बचाए रखते हुए हमारे परंपरा और संस्कृति को आगे बढ़ाने की संकल्प लेने की जरूरत है। वहीं उन्होंने लोगों के साथ संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी लिया और कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, पंकज तिवारी, मुखिया बहादुर उरांव, देवेंद्र कुमार कुजूर, श्याम सुंदर उरांव, नागेंद्र उरांव, रामसेवक उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## चंदवा : खेलो झारखंड प्रतियोगिता का शुभारंभ

▶▶ विद्यार्थियों के प्रतिभा की परख में अहम साबित होगी कार्यक्रम : सरोज देवी


कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

**चंदवा।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के पहल पर गुरुवार को स्थानीय खीस्त राजा उच्च विद्यालय प्रांगण परिसर में दो दिनी प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ हुआ। बतौर मुख्य अतिथि पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, विशिष्ट अतिथि उपप्रमुख अश्विनी कुमार मिश्र, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजश्री पुरी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विदित हो कि खेलो इंडिया कार्यक्रम दो दिनों तक आयोजित है। कार्यक्रम के प्रथम दिन एथलेटिक्स प्रतियोगिता के तहत तीनों वर्गों का 100 मी, 200 मी, 400 मी, 600 मी एवं रिले रेस, कबड्डी एवं खोखो की प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा विजेता प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित भी किया गया। शेष प्रतियोगिताएं शुक्रवार को आयोजित की जाएगी। मुख्य अतिथि जिपस सरोज देवी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूली स्तर पर ही विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिले इसमें यह कार्यक्रम काफी सार्थक सिद्ध होगी। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में बौद्धिक व शारीरिक विकास भी होता है। बीपीओ सुबोध कुमार चंदेल ने बताया कि प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी आगामी 18 से 20 सितंबर तक आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम का संचालन पारा शिक्षक संघ अध्यक्ष बेलाल अहमद ने किया। मौके पर डीडीओ केदारनाथ महतो, जेई कृष्णा पासवान, शिक्षिका प्रियंका कुमारी, अनुराधा सिंह, उदयचरण भारती समेत कई विद्यालयों के शिक्षक व छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## बालूमाथ : विधानसभा चुनाव को लेकर डीएसपी ने की बैठक


बैठक में शामिल पदाधिकारी।

बालूमाथ। राज्य के डीजीपी एवं पलामू जोन के डीआईजी के निर्देश पर बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बालूमाथ बरियातू एवं हेरहंज थाना के प्रभारी, एसआई,ए०एसआई, हवलदार एवं अन्य पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चुनावी प्रक्रिया, निर्वाचन संबंधी अपराधो,पोल डे ड्यूटी, आईडी से बचाव, चुनाव में पुलिस की भूमिका लेकर प्रशिक्षण दिया। मौके पर जानकारी देते हुए बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान केंद्र में तैनात पुलिस पदाधिकारी को हर हाल में विधि व्यवस्था पर पैनी नजर रखनी है। और मतदाताओं को कतारबद्ध होकर मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। मौके पर बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय,बरियातू थाना प्रभारी राजा दिलावर हेरहंज थाना प्रभारी विक्रम कुमार, सब-इंस्पेक्टर अमित कुमार, मिथिलेश कुमार, रितेश तिग्गा समेत पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

# सम्पूर्ण ओपीएस प्राप्ति तक हम सभी का आंदोलन चलता रहेगा: सुनील सिंह

## वार्ता और आंदोलन के माध्यम से यूनियन मांगों को पूरा कराने के लिए संकल्पित : बी के सिंह

▶▶ ईसीआरकेयू को ईसीआरएमयू का बिना शर्त समर्थन

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

**बरवाडीह।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर यूनियन ने रेलवे यूनियन के मान्यता के लिए 4-5 दिसम्बर 2024 को निर्धारित चुनाव में इसबार स्वतंत्र रूप से चुनाव न लड़ने तथा बिना शर्त ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन को समर्थन देने की घोषणा की है। आगामी चुनाव के आलोक में ईसीआरकेयू के केन्द्रीय पदाधिकारियों की बैठक 11 सितम्बर को पटना में आयोजित की गई। जिसमें ईसीआरएमयू के महामंत्री श्री बी के सिंह भी शामिल हुए और उन्होंने बिना शर्त आगामी चुनाव में ईसीआरकेयू को समर्थन देने की घोषणा की। अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि इस बार ई सी रेलवे मजदूर यूनियन यूनियन के रिकॉग्नाइजेशन हेतु गुप्त मतदान में भाग नहीं ले रही है। वैसे भी मैं और हमारे सहयोगी साथी गण मूल रूप से ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन/ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के ही कैडर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपीएस पर कटेगोरिकल एसोसिएशनों द्वारा दुष्प्रचार किया जा रहा है, और इस यूनियन तथा फेडरेशन को दोषी ठहराया जा रहा है, जबकि कुछ मामलों में यह ओपीएस से अच्छा भी है, और जो कमी रह गई है उसके लिए सरकार के तरफ से भी आश्वासन दिया गया है कि बातचीत का रास्ता खुला रहेगा। वार्ता और आंदोलन के माध्यम से यूनियन आपके आकांक्षा को पूरा करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने रेलकर्मियों का आह्वान करते हुए कहा कि इस आसन्न चुनाव में ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन को अपना वोट देकर मान्यता प्राप्त करवाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर ईसीआरकेयू के केन्द्रीय अध्यक्ष डी के पाण्डेय, महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव, कार्यकारी अध्यक्ष एस एस डी मिश्रा, अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन, कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार, एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। यह जानकारी ईसीआरकेयू डालटनगंज बरवाडीह के शाखा सचिव सुनील कुमार सिंह ने देते हुए कहा कि सम्पूर्ण ओपीएस प्राप्ति तक हम सभी का आंदोलन चलता रहेगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## चांडिल में वार्षिक करम महोत्सव की धूम



चांडिल। गुरुवार को चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के सुकसारी स्कूल मैदान में जेबीकेएसएस के द्वारा वार्षिक करम महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य जेबीकेएसएस के केन्द्रीय वरिय उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी देवेन्द्र नाथ महतो उपस्थित थे। इस दौरान लक्ष्मी मनी महतो झुमूर दल झालदा पुरुलिया पश्चिम बंगाल से आए हुए तथा पुरुलिया से करम नृत्य दल ने नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर केंद्रीय संगठन महासचिव फुलचांद महतो, केंद्रीय सचिव गोपेश महतो, सुरज महतो, मंगल मांझी, राकेश रंजन महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

# हेमंत के नेतृत्व में फिर बनेगी सरकार : जोबा माझी

- चाकुलिया में साबुआ हांसदा के शहादत दिवस समारोह में शामिल हुई सांसद जोबा माझी

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**




शहादत दिवस कार्यक्रम को संबोधित करती सांसद जोबा माझी। साथ में मंचस्थ हैं बायें से विधायक मंगल कालिंदी, मंत्री रामदास सोरेन, विधायक समीर महंती और विधायक सबिता महतो।

**चाकुलिया।** जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए शहीद होने वाले चाकुलिया के साबुआ हांसदा के 37वीं शहादत दिवस समारोह में सिंहभूम सांसद जोबा माझी शामिल हुई। इस दौरान सांसद ने केरूकोचा ग्राम में साबुआ हांसदा के समाधि स्थल एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शहादत दिवस समारोह में सांसद के अलावा जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन, आदिवासी कल्याण एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा, बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती, ईचागढ़ विधायक सविता महतो, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, पोटका विधायक संजीव सरदार, पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां, मोहन कर्मकार, शेख बदरुद्दीन, पवन सिंह समेत सैकड़ों लोग शामिल होकर साबुआ हांसदा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर सांसद समेत मंत्री और विधायकों ने हाट मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। सांसद जोबा माझी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की जनता आने वाले दिनों में फिर से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनाने का मन बना चुकी है। सांसद ने कहा हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य का सर्वांगीण विकास हो रहा है। आज हर बहन-बेटी को पेंशन और सम्मान मिल रहा है। इसके अलावा तेजी से विकास योजनाओं को भी धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने साबुआ हांसदा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा हेमंत सोरेन की सरकार ही शहीदों को मान सम्मान के साथ उनके परिवार वालों को नौकरी देने का काम किया है।

## स्पीड न्यूज




### जमशेदपुर एफसी ने स्ट्राइकर मनवीर सिंह को किया साइन

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी ने भारत के पूर्व अंडर-19 स्ट्राइकर मनवीर सिंह को एक सीजन के लिए साइन करके अपनी आक्रामक लाइन को मजबूत किया है। पंजाब से आने वाले 23 वर्षीय मनवीर सिंह नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी से जुड़े और फिर उन्होंने अलग अलग स्तरों पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। मनवीर की प्रतिभा को पहली बार पंजाब में उनके अकादमी के दिनों में पहचाना गया था, जब उन्हें अंडर-17 विश्व कप कैंप के लिए चुना गया था। उन्होंने वानुअतु में आयोजित ओएफसी डेवलपमेंट टूर्नामेंट में भारतीय अंडर-19 टीम का भी प्रतिनिधित्व किया है और सऊदी अरब में आयोजित एएफसी अंडर-19 क्वालीफायर 2018 टीम का हिस्सा थे। उनका फुटबॉल सफर स्थिर रहा है, जिसमें उन्होंने शीर्ष क्लबों में खेला और कई पुरस्कार जीते। अपने तेज गोल-स्कोरिंग सहज ज्ञान के लिए जाने जाने वाले, उन्हें एक विश्वसनीय खिलाड़ी माना जाता है, जो सबसे ज्यादा जरूरत पड़ने पर अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम हैं और उन्हें विंगर और स्ट्राइकर दोनों के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। मनवीर ने कहा, मैं देश के शीर्ष क्लबों में से एक जमशेदपुर एफसी के लिए साइन करके रोमांचित हूं। मैं एक प्रभाव बनाने और अपने करियर में एक नया अध्याय शुरू करने के लिए उत्सुक हूं। कोचिंग स्टाफ का समर्थन अविश्वसनीय रहा है और मुझे सच में विश्वास है कि टीम लीग में शानदार चीजें हासिल कर सकती है। जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच खालिद जमील ने नए खिलाड़ी की तारीफ करते हुए कहा, मनवीर एक शानदार युवा खिलाड़ी है, जिसमें बहुत ही बहुमुखी प्रतिभा है। वह स्ट्राइकर और विंगर दोनों के रूप में खेल सकता है और उसकी मजबूत, दृढ़ खेल शैली उसे हमारी टीम के लिए एक मूल्यवान खिलाड़ी बनाती है। मनवीर के बारे में सबसे खास बात यह है कि वह सीखने और सुधार करने के लिए उत्सुक है, जो उसे अपार संभावनाओं वाला खिलाड़ी बनाता है।

### जलियांवाला बाग ट्रेन बंद न करने की गुहार

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय सनातन सिख सभा के राष्ट्रीय संयोजक कुलविंदर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू से आग्रह किया है कि जलियांवाला बाग एक्सप्रेस ट्रेन दिसंबर से फरवरी तक बंद नहीं होनी चाहिए। अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने ट्वीट कर उन्हें बताया है कि 4 दिसंबर से लेकर 28 फरवरी तक ट्रेन को बंद रखने का रेलवे मंत्रालय ने फैसला किया है जो पूरी तरह से गलत है। कुलविंदर सिंह के अनुसार विज्ञान इतनी प्रगति कर चुका है और भारत यह दावा करता है कि विपरीत मौसम के प्रभाव से हमारी ट्रेन अछूती है। उस दावे को झूठलाने का काम रेल मंत्रालय नहीं करें। फिर यह ट्रेन बनारस, अयोध्या, हरिद्वार, अमृतसर जैसे पावन तीर्थ स्थल को जाती है और बिहार उत्तर प्रदेश उत्तराखंड हरियाणा और पंजाब के यात्री सफर करते हैं।

# पीएम का आगमन 15 को, प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को किया दुरुस्त

- टाटा -पटना समेत दो बंदे भारत को दिखायेंगे झंडी
- बिष्टुपुर वोल्टास बिल्डिंग से गोपाल मैदान तक करेंगे रोड शो
- गोपाल मैदान में जनसभा को लेकर तेजी से चल रही तैयारी
- डीसी ने की उच्च स्तरीय बैठक, तैयारियों की समीक्षा की

**विशेष संवाददाता**







1. तैयारियों की समीक्षा करते डीसी अनन्य मित्तल। 2. टाटानगर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर यूं हो रही तैयारी। 3. गोपाल मैदान में पीएम की सभा के लिए बनाया जा रहा पंडाल।

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 15 सितंबर को जमशेदपुर आगमन प्रस्तावित है। इस दौरान प्रधानमंत्री टाटानगर रेलवे स्टेशन से वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे। वहीं स्टेशन परिसर में ही आयोजित सभा में लाभुकों को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात वोल्टास गोलचक्कर से गोपाल मैदान तक रोड शो एवं गोपाल मैदान में आयोजित जनसभा में शामिल होंगे। एसपीजी टाटानगर स्टेशन को अपनी निगरानी में ले लिया है।

ट्रेनों और यात्रियों का आवागमन सिर्फ बर्मामाइंस गेट से हो रहा है। यात्री ट्रेनें प्लेटफार्म नंबर 2,3,4 और 5 से रवाना हो रही हैं। प्लेटफार्म नंबर-एक से लेकर पुराना प्रवेशद्वार और पार्किंग एरिया को एसपीजी ने सुरक्षा घेरे में ले लिया है।

दूसरी ओर, प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। इसी क्रम में डीसी अनन्य मित्तल द्वारा समाहरणालय सभागार में बैठक कर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया तथा तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। बैठक में सोनारी एयरपोर्ट स्थित हेलीपैड पर प्रधानमंत्री के हेलीकॉप्टर की लैंडिंग, टाटानगर स्टेशन, स्टेशन परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल, रोड शो, गोपाल मैदान स्थित सभा स्थल, अतिथियों की सूची आदि पर विस्तार से चर्चा की गयी।

बैठक में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से पदाधिकारियों को अलग-अलग टास्क सौंपें गये। भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा के दृष्टिकोण से कहां-कहां बैरेकेडिंग होने है इसका आकलन किये जाने, भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता को स्टेज के साइज का आकलन करने व प्रोटोकॉल व नियमानुसार प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर निर्देशित किया। इसी तरह स्थल के चारों ओर व विभिन्न स्थानों पर मजिस्ट्रेट का डेप्लॉयमेंट करने को जिम्मेदारी दी गयी। इसी क्रम में प्रॉक्सिमिटी पास, वर्क फोर्स पास व प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी के पास को लेकर संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। सिविल सर्जन को हॉस्पिटल को स्टैंड बाई मोड पर रखने व एंबुलेंस की व्यवस्था, फूड सेफ्टी ऑफिसर, फायर सेफ्टी ऑफिसर को भी उनके क्षेत्र से संबंधित कई टास्क सौंपे गये। कार्यक्रम का अंतिम ड्राई रन 14 सितंबर को होगा।

बैठक में डीडीसी मनीष कुमार, पीडी आईटीडीए श्री दीपांकर चौधरी, प्रतिनियुक्त अन्य भा. प्र. से के अधिकारी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, निदेशक एनईपी, अपर नगर आयुक्त मानगो नगर निगम, उप नगर आयुक्त जेएनएसी, डीटीओ, डीपीओ, डीपीआरओ( पंचायती राज), डीपीआरओ (जनसंपर्क), विभिन्न लाइन डिपार्टमेंट के पदाधिकारी व अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## साइकिल से अयोध्या के लिए निकले 100 सदस्यों के जत्थे का भव्य स्वागत



**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**चांडिल।** ओडिशा के बालासोर बलियापाल से बाघा जतीन स्मृति परिषद के 100 सदस्यों का जत्था साईकिल से अयोध्या के लिए निकले जत्था विभिन्न स्थानों से गुजरते हुए यह जत्था गुरुवार को चांडिल पहुंचा। चांडिल में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के आचार्यो सुब्रतो चटर्जी के नेतृत्व में जत्था का भव्य रूप से स्वागत किया गया। सुब्रतो चटर्जी ने बताया कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर रुचाप में रात्रि विश्राम तथा खाने का व्यवस्था की गयी है।

## पीएम के जमशेदपुर आगमन को विशेष बनाने में जुटा है भाजयुमो

- मार्ग पर की जा रही पार्टी के झंडे बैनर व पोस्टर से साज-सज्जा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** 15 सितंबर को पीएम मोदी के जमशेदपुर आगमन पर प्रस्तावित रोड शो और बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में विशाल जनसभा को सफल बनाने में भाजपा विभिन्न स्तरों पर तैयारी कर रही है। इसी कड़ी में, गुरुवार को भाजयुमो, जमशेदपुर महानगर की एक महत्वपूर्ण बैठक साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में मोर्चा अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें पीएम के कार्यक्रम पर युवा मोर्चा के जिम्मेदारियों और कार्यों पर व्यापक चर्चा हुई। बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी के स्वागत में उनके आगमन-प्रस्थान और रोड शो के मार्ग एवं चौक-चौराहों पर पार्टी के झंडे, बैनर-पोस्टर एवं अन्य प्रचार सामग्रियों से सजाने को लेकर रूपरेखा बनायी गयी। इस दौरान कार्यकर्ताओं को साज-सज्जा के निमित्त जिम्मेदारियां प्रदान की गयी। वहीं, युवा मोर्चा द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक युवाओं को जनसभा से जोड़ने पर रूपरेखा बनायी गयी।

## हेमंत सरकार ने विभिन्न योजनाओं से लाखों लोगों को किया लाभान्वित : मंगल कालिंदी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



हुरलुंग में एक बच्चे की मुंहजुठ्ठी करवाते विधायक मंगल कालिंदी।

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत हुरलुंग पंचायत भवन में और जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत पश्चिम घोड़ाबाँधा पंचायत भवन में आज आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई के लोकप्रिय विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए और कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस दौरान विधायक और पदाधिकारियों ने प्रखंड एवं अंचल के विभिन्न विभागों के लगाए स्टॉल का निरीक्षण कर स्टॉल में उपस्थित कर्मियों को लाभुकों का सहयोग करने का निर्देश दिया। मौके पर शिविरों में विधायक द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के बीच स्वीकृति पत्र,साइकिल वितरण, परिसम्पत्ति आदि का वितरण किया गया।

## रांची सीट में भाजपा प्रत्याशियों पर जटाशंकर पांडेय और गीता ने करायी रायशुमारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** भाजपा झारखंड प्रदेश के निर्देश पर आगामी विधानसभा चुनाव में लोकतांत्रिक तरीके से संभावित भाजपा प्रत्याशी के चयन हेतु आज पूरे राज्य में विधानसभा स्तरीय आयोजित रायसुमारी में रांची विधानसभा के पर्यवेक्षक के रूप में डॉ जटाशंकर पांडेय और गीता बालमुचु शामिल हुए। रांची विस की रायशुमारी बैठक के तत्पश्चात रायशुमारी व्यवस्थित और शांतिपूर्ण संपन्न हुई। रायशुमारी समाप्ति के बाद अपेक्षित कार्यकर्ताओं ने तीन नामों की सूची पत्र डब्बे में डालने के बाद दोनों पर्यवेक्षक ने सुरक्षित प्रदेश को सौंप दिया।

## जनता का उत्साह बता रहा कि झारखंड में आ रही भाजपा की सरकार : चंपई सोरेन

- झारखंड आंदोलनकारी एवं पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का डिमना चौक पर हुआ भव्य स्वागत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



डिमना चौक पर चंपई सोरेन का भव्य स्वागत करते उत्साही कार्यकर्ता।

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड आंदोलनकारी चंपाई सोरेन का गुरुवार को डिमना चौक पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नेता बिमल बैठा एवं एसटी मोर्चा के जिला महामंत्री विजय सोय ने हजारों समर्थकों के साथ चंपाई सोरेन का जोरदार स्वागत किया। डिमना चौक पर आदिवासी परंपरा के अनुसार सांस्कृतिक नृत्य और गाजे-बाजे के साथ आदिवासी-मूलवासी संगठनों ने उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर चंपाई सोरेन ने बाबा तिलका मांझी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात, भाजपा नेता बिमल बैठा और विजय सोय के नेतृत्व में हजारों समर्थकों के साथ चंपई सोरेन जुगसलाई विधानसभा के 6 पंचायतों में स्थित नेशनल हाईवे 33 के नरगा सभा स्थल पहुंचे। सभा को संबोधित करते हुए चंपाई सोरेन ने कार्यकताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके हर दौरे पर जिस तरह से भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता का प्यार, समर्थन और आशीर्वाद मिल रहा है, उसके लिए मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं। जनता का यह जोश और समर्थन इस बात का संकेत है कि आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार झारखंड में बनेगी और जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में भी कमल जरूर खिलेगा।

कार्यक्रम के दौरान, चंपई सोरेन के समर्थकों द्वारा जोरदार नारे लगाये गये झारखंड टाइगर जिंदाबाद, चंपाई सोरेन जिंदाबाद, और चंपाई सोरेन तुम बढ़ो, हम तुम्हारे साथ हैं... के नारों से पूरा नेशनल हाईवे गूंज उठा।

मौके पर पन्नालाल सोरेन, राजा राम मुर्मू, मंगल सोरेन, छूटू सोरेन, गुरुबोदो हेंब्रम, जर्मन सोरेन, प्रदीप बेसरा, बासुदेव मंडल, अभिलाष चंद्रा, आकाश श्रीवास्तव, जीतू कुमार, मंगल टुडू, सूरज बास्के, शशि सरदार सहित हजारों आदिवासी-मूलवासी समर्थक और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बेबी क्लिनिक में बच्चियों के लिए टीकाकरण कैंप




**जमशेदपुर।** इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने टाटा मोटर्स अस्पताल के डॉक्टरों की देखरेख में बेबी क्लिनिक में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर टीकाकरण अभियान चलाया। खालसा स्कूल की 14 वर्ष से कम आयु की 10 छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन की पहली खुराक दी गई। चूंकि इस उम्र में टीका लगवाना एचपीवी संक्रमण, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर और अन्य एचपीवी से संबंधित कैंसर को रोकने का एक अत्यधिक प्रभावी तरीका है। उन्हें 6 महीने बाद दूसरी खुराक दी जायेगी। क्लब की सदस्यों ने उनके बीच बिस्किट, हॉर्लिक्स और केले बांटे और एहतियात के तौर पर उन्हें पैरासिटामोल दिया। इस अभियान के समन्वय के लिए डॉ नीलम सिन्हा और पीपी रमा खन्ना ने मुख्य रुप से योगदान किया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष अध्यक्ष मधुमिता सान्याल, उपाध्यक्ष पूनम वर्मा और आईएसओ पीपी रमा खन्ना आदि उपस्थित थीं।

### वीमेंस यूनिवर्सिटी के एनुएल स्पोर्ट्स मीट में टेनिस टीम का शानदार प्रदर्शन



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेन्स यूनिवर्सिटी के पहले मीट श्रृंखला में गत 11 सितंबर को बिष्टुपुर कैंपस के इंडोर स्टेडियम में टेबल टेनिस की प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में कुछ 23 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। विजेता खिलाड़ियों ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया। प्रथम स्थान पर बीपीएड द्वितीय वर्ष की निधि गुप्ता रहीं द्वितीय स्थान पर बीपीएड द्वितीय वर्ष की दीक्षा कुमारी एवं तृतीय स्थान पर बायोटेक तृतीय वर्ष की खुशी कुमारी अग्रवाल रहीं। माननीय कुलपति प्रो डॉ अंजिला गुप्ता ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय में प्रतिभावान छात्राएं हैं सिर्फ इनके लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ सनातन दीप, सुश्री तेजा, प्रभात महतो एवं स्पोट्स कमिटी के सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही ।

### आंध्र समिति सोनारी कर रही भव्य गणेश पूजा



**जमशेदपुर।** सोनारी आंध्रा समिति द्वारा पिछले पांच दिनों से गणेश पूजा महोत्सवम का भव्य तरीके से आयोजन सोनारी राम मंदिर परिसर में किया गया। सोनारी आंध्रा समिति पिछले 26 सालों से गणेश महोत्सव का आयोजन कर रही है। इस गणेश महोत्सव के अवसर पर कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार के दिन तेलुगु समाज के महिलों के साथ साथ समाज के सभी वर्ग के महिलों ने कुमकुम पूजा में भाग लिया. सोमवार के दिन साईं भजन का भी आयोजन किया गया था। सोनारी आंध्रा समिति के अध्यक्ष के श्रीनिवास राव ने समाज के सभी लोगों को जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रतिक्ष तरीके से इस महोत्सव को सफल बनाने में मदद की उनके प्रति आभार ब्यक्त किया।

### सोना देवी विवि परिसर में किया गया पौधरोपण



**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्वविद्यालय परिसर घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम में भारतीय जीवन बीमा निगम के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, कदमा, जमशेदपुर द्वारा पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । यह कार्यक्रम प्लांट ए लाइफ (पीएएल) -2 एक पेड़ मां के नाम अभियान का हिस्सा है । इस अभियान के तहत भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा 10 विश्वविद्यालय, 10 महाविद्यालय और 10 स्कूलों में लगभग 100 पौधारोपण किया जाना है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की थी। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र कदमा, जमशेदपुर के वरिष्ठ डी एम कुंटल राव, प्रशासनिक अधिकारी ए. कुमार, सेवानिवृत्ति डी एम बी एन पी गुप्ता, प्राचार्य शकुंतला मुर्मू समेत सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह के अलावा कई गणमान्य अतिथि, शिक्षक एवं शिक्षककेत्तर कर्मचारी व अनेक छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### जमशेदपुर एफसी ने डिजिटल टिकट बिक्री के लिए खोला बॉक्स ऑफिस




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के गेट नंबर 1 पर अपने आगामी घरेलू मैचों के लिए आधिकारिक तौर पर बॉक्स ऑफिस टिकट बिक्री शुरू कर दी है। इस शुक्रवार से फैंस अब डिजिटल टिकट खरीद सकते हैं, जबकि 16 सितंबर से फिजिकल टिकट उपलब्ध होंगे। इस साल क्लब ने स्टेडियम में पहली बार एक डिजिटल प्रवेश प्रणाली शुरू की है। डिजिटल टिकट खरीदार अब सीधे अपने निर्धारित गेट पर जा सकते हैं और टिकट खरीदने के बाद अपने ईमेल और फोन नंबर पर प्राप्त अपने क्यूआर कोड को स्कैन करके स्टेडियम में प्रवेश कर सकते हैं।

# रमना में बन रहे पुलिया में घटिया सामग्री से ग्रामीण नाराज


खबर मन्त्र संवाददाता


जांच करने पहुंचे पदाधिकारी।

**रमना।** झुरहा बाबुडीह से बुल्का प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य लोकसभा चुनाव से पूर्व प्रारम्भ हुआ था। विधानसभा चुनाव आने वाला है लेकिन इसकी निर्माण गति से लगता है कि इस क्षेत्र के जनता को चलने योग्य सड़क के लिए केवल इंतजार ही करना है। सलोनी शशांक जेभी कंस्ट्रक्शन द्वारा बाबुडीह से बुल्का सड़क निर्माण कार्य के अंतर्गत जिरुवा नदी पर बन रहे पुल निर्माण में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने घोर आपत्ति जताई और पुल निर्माण कार्य को रोक दिया। ग्रामीणों का कहना है कि इस पुल का कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं हो रहा है। इसके सिलाब में कवर ब्लॉक उलटा करके लगाया जा रहा है। इतना ही नहीं बालू में मिट्टी मिला हुआ है और गिट्टी कि गुणवत्ता भी ढलाई योग्य नहीं है। जिरुवा नदी में छलका के ऊपर बन रहे पुल को जिरुवा व खरदहा के ग्रामीणों ने रोक दिया। ग्रामीणों का कहना है कि प्रारम्भ से ही पुल का निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जा रही थी, जिसका विरोध किया गया था। कार्य करा रहे मुंशी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। ग्रामीणों द्वारा कार्य में अनियमिता को लेकर कार्य बंद कराने की सूचना पर संवेदक, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता कार्य स्थल पर पहुंच कर इसकी जांच की। लेकिन ग्रामीण उनके जांच से सहमत नहीं हुए। ग्रामीणों नें कहा कि जब तक इस पुल का निर्माण योजनानुसार नहीं किया जायेगा तब-तक कार्य नहीं होनें देंगे। ग्रामीण जितेंद्र सिंह, राणा प्रताप सिंह, रामशंकर सिंह, अनिल सिंह, हेमंत सिंह प्रभु सिंह मुन्ना सिंह देवेंद्र सिंह आदि ने बताया कि इस नदी पर पुल निर्माण का काम वर्षो इंतजार के बाद हो रहा है। यदि इस पुल का निर्माण भी योजना अनुसार नहीं हुआ तो हमलोग फिर से उसी समय में पहुंच जायेंगे जब पुल नहीं था। पुल निर्माण में अनियमितता की सूचना पर निर्माण कार्य स्थल पहुंची जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी नें कार्य स्थल पर मौजूद ग्रामीणों एवं अधिकारी से जानकारी लेकर योजनानुसार ही पुल का निर्माण कार्य करने की बात कही।

# आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


वितरण करते अतिथि।

**धुरकी।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन गनियारी कला पंचायत भवन में किया गया। जिसका उद्घघाटन बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी, मुखिया शंभू प्रसाद गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य अनिता देवी, सुरेन्द्र साह, उप मुखिया प्रतिनिधि तौसीफ अंसारी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में पंचायत के लोगों के समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, कृषि, 15वें वित्त आयोग, समाज कल्याण, ई श्रम पोर्टल, सामाजिक सुरक्षा, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, सहित कई अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए। इस दौरान बीडीओ सह सीओ, मुखिया, बीडीसी ने जेएसएलपीएस सखी मंडल की 400 महिलाओं को आईडी कार्ड वितरण किया। वहीं 20 लोगों को पेंशन, 4 लोगों को गोदभराई, 5 लोगों को मुहजूठी रोजगार के लिए प्रोत्साहन किया। शिविर में 1557 आवेदन मिले एवं कुछ लोगों का योजनाओं का निष्पादन किया गया। मौके पर सीआई विकास कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, मनीष कुमार, राजकिशोर सिंह, फैयाज आलम, शशि विश्वकर्मा, राहुल कुमार, इकबाल अंसारी, हाफिज अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### निगरानी ने जिलाधिकारी के मुकदमे में दाखिल किया क्लोजर रिपोर्ट

**पटना।** बिहार में निगरानी विभाग की विशेष इकाई ने सरकारी आवास में लगे कीमती पेड़ों को कटवाने और उनकी कीमत का गबन करने के मामले में आज अदालत में गया के तत्कालीन जिलाधिकारी अभिषेक सिंह के खिलाफ साक्ष्य की कमी पाते हुए अंतिम रिपोर्ट दाखिल की। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की विशेष इकाई ने यह अंतिम रिपोर्ट विशेष न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम की अदालत में गया जिले के पूर्व जिलाधिकारी अभिषेक सिंह के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 193 के तहत दाखिल किया है।

### बिहार में 13 जिलों के एसपी समेत 29 आईपीएस का तबादला

**पटना।** बिहार सरकार ने आज 13 जिलों के पुलिस अधीक्षक (एसपी) समेत भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के कुल 29 अधिकारियों का स्थानांतरण एवं पदस्थापना कर दिया। गृह विभाग की गुरुवार को यहां जारी अधिसूचना के अनुसार, पटना के चार पुलिस अधीक्षक भी बदल दिए गए हैं और सभी पुलिस अधीक्षकों को विभिन्न जिलों में पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थापित किया गया है। पटना ग्रामीण के एसपी रोशन कुमार को रोहतास का एसपी बनाया गया है। नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पटना भारत सोनी को नालंदा का एसपी, पटना मध्य के नगर एसपी चंद्र प्रकाश को जमुई का एसपी और पटना पश्चिम के एसपी अभिनव धीमन को नवादा एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया है।

### बालू माफिया ने पुलिसकर्मियों पर किया हमला, तीन घायल

**जमुइ।** बिहार के जमुई जिले के बरहट थाना क्षेत्र में बालू माफिया ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया, जिसमें गिद्धौर थाना अध्यक्ष पंकज कुमार समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि पुलिस को देखकर बालू माफिया ट्रैक्टर को नदी घाट से गुगुलडीह गांव के रास्ते भगाकर ले गए। पुलिस ने बालू माफिया का पीछा करते हुए गाड़ी जप्त करने के लिए बालू माफिया के घर पर दविश दी, जहां ग्रामीण एवं बालू माफिया इकट्ठा हो गए और पुलिस से उलझ गए। पुलिस ने ग्रामीणों को समझने की बहुत कोशिश की, लेकिन किसी ने एक न सुनी और सभी ने मिलकर पुलिस पर हमला कर दिया

# आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर निषाद समाज ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते लोग।

**गढ़वा।** महर्षि वेदव्यास परिषद जिला इकाई गढ़वा के तत्वाधान में निषाद समाज के प्रबुद्धजनों ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण बैठक की। जिसमें अपनी योग्यता और अनुभव के अनुसार लोगों ने विचार प्रकट किए। सभी लोगों ने एक मत से कहा कि झारखंड में निषाद समाज की आबादी के आधार पर अगर भाजपा, कांग्रेस, झामुमो, राजद सहित अन्य कोई भी राजनीतिक दल किसी दो या तीन सीट से चुनाव लड़वाती है तो उसे पूरे राज्य में समर्थन मिल सकता है। सबसे ज्यादा निषाद (मल्लाह) मतदाता गढ़वा और राजमहल विधानसभा क्षेत्र में हैं, जिसे हमेशा नजरअंदाज किया जाता है। इसके अलावा कई ऐसे सीट हैं जहां हार जीत का फैसला निषाद समाज के हाथ में है। सभी शीर्ष नेता को पता है कि यह दो सीट मल्लाहों का गढ़ माना जाता है अगर यहां से कोई भी पार्टी टिकट देती है तो उसकी जीत सुनिश्चित है। इसके अलावा डालटनगंज, विश्रामपुर, भवनाथपुर सहित झारखंड में कई ऐसे सीट हैं जहां हार जीत निषाद समाज के हाथ में है। कभी कभी छोटी पार्टियां एक दो सीट से टिकट दी है जिसका कोई क्रेज नहीं है। चुनाव जीतने के लिए पार्टी के कार्यकर्ता और जातीय समीकरण का होना भी जरूरी है। राजमहल से एकमात्र पूर्व विधायक स्व. अरुण मंडल के अलावा निषाद समाज से एक भी विधायक विधानसभा सभा के सदन नहीं पहुंचा जो अपने अधिकार के लिए आवाज उठा सके। सभी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को विशेष ध्यानाकृष्ट कराना चाहते हैं कि संवैधानिक रूप से समानता के अधिकार के तहत निषाद समाज को भी अवसर दें ताकि सामाजिक स्तर को बढ़ावा मिल सके। अगर ऐसा नहीं हुआ तो निषाद समाज निर्दलीय चुनाव लड़ने पर विचार करेगी।

जिला अध्यक्ष रविन्द्र कुमार चैधरी नें कहा कि निषाद समाज हमेशा उपेक्षित रहा है। झारखंड के सभी दल केवल वोट बैंक के रूप में उपयोग करती है, जबकि निषाद समाज के लोगों को मौका देकर विधानसभा के सदन तक पहुंचाने की जरूरत थी ताकि समान रूप से लोगों का विकास हो सके। संविधान में भी समानता के अधिकार का वर्णन है जिसके तहत हमें अधिकार मिलना चाहिए। महर्षि वेदव्यास परिषद के युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार चैधरी ने कहा कि आज सिर्फ कहने के लिए रह गया है कि युवा देश के भविष्य हैं, युवा राजनीति की रीढ़ है। लेकिन युवाओं को किसी भी क्षेत्र में उचित भागीदारी नहीं मिल रही है। मौके पर महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चैधरी, गढ़वा जिला अध्यक्ष रविन्द्र कुमार चैधरी, जिला संगठन मंत्री राजेन्द्र चैधरी, जिला सचिव गोपाल चैधरी, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार चैधरी, युवा प्रकोष्ठ के जिला सचिव सकेंद्र चैधरी, जिला उपाध्यक्ष रंजीत चैधरी, राजेन्द्र चैधरी सहित काफी संख्या में निषाद समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### धुरकी पुलिस ने छापामारी कर किया भारी मात्रा में नकली हार्पिक जप्त

**धुरकी।** धुरकी पुलिस ने थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान सगमा स्थित एक दुकान से 200 एमएल का भरा हुआ डब्बा 720 पीस, 200 एमएल का खाली डब्बा 751 पीस, 200 एमएल का रैपर 6500 पीस, नकली ढक्कन 651 पीस, केमिकल 8 लीटर, इआइपीआर अधिकृत पी एंड जी कंपनी का टाइड प्लस नकली भरा पैकेट 95 ग्राम का 900 पीस, इआइपीआर अधिकृत पी एंड जी कम्पनी का टाइड प्लस नकली खाली पैकेट 1100 पीस को जप्त कर दुकानदार हरी दर्शन यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया है। थाना प्रभारी उपेन्द्र ने बताया कि रेकिट बेनसिकर प्रा. लि के प्रमुख जांचकर्ता रंजीत कुमार सिंह के द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी की सगमा में एक दुकान में अवैध रूप से रेकिट बेनसिकर के हार्पिक के जगह पर उसी लोगो का इस्तेमाल कर नकली हार्पिक का निर्माण कर खरीद बिक्री किया जा रहा है। जिसके बाद उक्त सूचना का सत्यापन कर हरी दर्शन यादव के दुकान में छापामारी की गई।

### जीविका दीदी अपनी दस सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**अररिया।** सिमराहा थाना क्षेत्र के मदारगंज में जीविका दीदी अपनी दस सूत्री मांगों को लेकर गुरुवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली गई। 12 सितंबर को जारी संशोधित सामुदायिक कैडर व सीबीओ के विरोध में जीविका दीदी ने जीविका कार्यालय में प्रदर्शन करते हुए धरना प्रदर्शन दिया और अपने मांगों के समर्थन में एक ज्ञापन सौंपा।प्रदर्शन कर रही जीविका दीदियों ने बताया कि 12 सितंबर 2024 को जारी निर्देश से प्रखंड क्षेत्र की जीविका दीदी में आक्रोश है। जीविका प्रबंधक को सिर्फ रुपया बांटने से मतलब है।उस रुपए का जीविकोपार्जन में सदुपयोग हो उससे उसका कोई लेना देना नहीं है।

# नियम के विरुद्ध हो रहे हैं चुनाव पर ग्रामीणों ने किया विरोध

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पूरब टोला कुम्बा कला में गुरुवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व संयोजिका का चुनाव को लेकर ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। गुरुवार को ग्रामीण कुंबा कला पूरब टोला विद्यालय में एकत्रित हुए, जहां अध्यक्ष व संयोजिका का चयन होना था। इसी बीच ग्रामीणों ने बताया कि नियमावली के विरुद्ध यह चयन प्रक्रिया हो रही है। लेकिन नियम कानून को ताक पर रखकर नियमावली के विरुद्ध चयन किया जा रहा था। तभी ग्रामीणों ने चयन प्रक्रिया का जमकर विरोध करने लगे। सभी ने एक स्वर में बताया कि सरकार द्वारा नियमावली के तहत चुनाव हो तभी चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से होगा। मौके पर प्रधानाध्यापक कृष्णा राम, शिक्षक सत्येंद्र यादव, हर्षवर्धन सिंह, सुनील कुशवाहा, संध्या देवी, संदेश यादव, अहमद अंसारी, बालेश्वर यादव, विमल यादव, अमोल यादव, शैलेंद्र यादव, बलवंत यादव, जगदीप यादव, कामेश कोरवा, आसमा बीवी, प्रमिला देवी, संजय यादव आदि ग्रामीण मौजूद थे। शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए धुरकी थाना एसआई वामन कांडूला सशस्त्र बल के जवान के साथ मौजूद थे।

# भवनाथपुर में वार्षिक आम सभा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रमाण पत्र प्रदान करते अतिथि।

**भवनाथपुर।** एग्रीवीजन प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (कृषक उत्पाद संगठन, नाबार्ड पोषित) का वार्षिक आम सभा का आयोजन गुरुवार को मकरी पंचायत भवन में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बाजार समिति गढ़वा के सचिव राजन शेखर, विशिष्ट अतिथि विधायक आप्त सचिव भवनाथपुर विधानसभा सह मुखिया प्रतिनिधि मकरी पंचायत धनंजय साव, बोर्ड आफ डायरेक्टर प्रदीप चैबे, नवल किशोर गुप्ता, दीनानाथ राम, अंजू गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सीबीबीओ के जूनियर एग्जीक्यूटिव प्रिंस कुमार एवं कुंज प्रसाद के द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों के बीच पिछले वित्तीय वर्ष में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया एवं आगामी योजना पर चर्चा की गई। मौके पर मुख्य अतिथि ने ई नाम योजना एवं नाबार्ड द्वारा प्रायोजित एफपीओ के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

उन्होंने बताया कि एफपीए सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। मौके पर प्रदीप चैबे, दीनानाथ राम, नवल किशोर गुप्ता, धर्मेंद्र चैबे, अंजू गुप्ता, अनिता देवी, शबनम बीबी, लालती देवी, अलीम मियां, हनीफ मियां, अजमुद्दीन शेख, शहाबुद्दीन अंसारी, अक्षयवर साह, अनीता शर्मा, अभिषेक कुमार, सुरेंद्र प्रसाद यादव आदि उपस्थित थे।

# मंकीपॉक्स के प्रति जागरूक रहें: सिविल सर्जन

एजेंसी



**किशनगंज।** वर्तमान समय में मंकीपॉक्स वायरस का प्रकोप कई देशों में चिंता का विषय बना हुआ है। इस रोग के लक्षण और संक्रमण के फैलने के तरीके को लेकर विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि सावधानी बरतना बेहद आवश्यक है। मंकीपॉक्स वायरस एक दुर्लभ लेकिन गंभीर संक्रामक रोग है, जो जानवरों से मनुष्यों में और फिर एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है। यह वायरस, जो मुख्य रूप से जानवरों से मनुष्यों में फैलता है, अब व्यक्ति से व्यक्ति में भी संक्रमण का कारण बन रहा है। हालांकि यह कोविड-19 जितना संक्रामक नहीं है, लेकिन मंकीपॉक्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने और बचाव के उपाय अपनाने की जरूरत है। यह वायरस चेचक (स्मॉलपॉक्स) के समान है, लेकिन इसके लक्षण हल्के होते हैं। इसके सामान्य लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, पीठ दर्द, सूजी हुई लिम्फ नोड्स और त्वचा पर फुंसियों जैसी चकत्ते शामिल हैं। चकत्ते पहले चेहरे पर शुरू होते हैं और फिर शरीर के अन्य हिस्सों, खासकर हाथों और पैरों में फैल जाते हैं। लेकिन अब यह संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क में आने से भी फैल सकता है। यह वायरस शरीर के तरल पदार्थों, चकत्ते के सीधे संपर्क, और संक्रमित वस्त्रों या बिस्तर के माध्यम से भी फैल सकता है।

# राहुल गांधी कब क्या बोलते हैं उन्हें भी नही पता : प्रशांत किशोर



**पूर्णिया।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने पूर्णियां में गुरुवार को पत्रकार वार्ता में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर अपनी ही बात से पलटने के लिए तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कब क्या बोल दे उनको खुद को भी नहीं पता। कुछ महिनों पहले जब देश में लोकसभा चुनाव थे तब वह पूरे देश में घूम-घूमकर जाति जनगणना की बात कर रहे थे और कह रहे थे कि अगर जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट की तय 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को भी बढ़ाए जाना चाहिए। लेकिन अब वह अमेरिका जाकर अपनी ही बात से पलट गए हैं। इसलिए अब उनकी आरक्षण को लेकर क्या विचार और सोच हैं वह तो उनके साथी कांग्रेसी नेता ही बेहतर बता पाएंगे।

# पेज एक का शेष

### संथाल में आदिवासी...

**राज्य सरकार को मिलेगा पूरा सहयोग :** केंद्र सरकार ने कहा कि अवैध प्रवासन को लेकर भारत सरकार गंभीर है। वहीं संघीय ढांचे के तहत राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वह अवैध प्रवासियों को चिन्हित कर डिपोर्ट करे। इस काम में केंद्र सरकार हर सहयोग के लिए तैयार है।
**अगली सुनवाई 17 को :** बांग्लादेशी घुसपैठियों एवं धर्मांतरण से जुड़े मामले की धर्मांतरण को लेकर सोमा उरांव एवं झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध अवैध प्रवेश को लेकर दानियल दानिश ने हाइकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। खंडपीठ के आदेश के आलोक में केंद्र सरकार की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया लेकिन तकनीकी कारणों से गुरुवार को सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। हाईकोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई अब 17 सितंबर को होगी। पिछले सुनवाई में सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया जनरल तुषार मेहता ने हाइकोर्ट से मौखिक कहा, बांग्लादेशी घुसपैठियों की वजह से संथाल परगना में ट्राइबल आबादी घटना गंभीर मामला है। अदालत ने केंद्र और राज्य से पूछा था कि किन-किन जिलों में ट्राईबल्स का धर्मांतरण किया जा रहा है। इसे रोकने के लिए क्या-क्या कार्रवाई की जा रही है। कोर्ट को यह भी बताया गया था कि राज्य में चंगाई सभा के माध्यम से ट्राइबल लोगों को लालच देकर अन्य दूसरे धर्म में लाया जा रहा है। इस पर रोक लगाने की जरूरत है।

### नहीं रहे सीताराम...

इस शादी से उन्हें एक बेटा और एक बेटी हैं। इमरजेंसी के दौरान गिरफ्तार होने की वजह से श्री येचुरी की पीएचडी पूरी नहीं हो सकी थी। 1974 में वे स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया में शामिल हुए और छात्र राजनीति की शुरूआत की।
**नेताओं ने जताया शोक :** पीएम मोदी ने कहा कि वे वामपंथ के अग्रणी नेता थे और सभी राजनीतिक दलों से जुड़ने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाते थे। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कॉमरेड सीताराम येचुरी के निधन पर संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा कि वे एक विनम्र नेता थे। उदारवाद के एक मित्र और हमवतन को हमारा अंतिम सलाम, भारतीय राजनीति उन्हें बहुत याद करेगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सीताराम येचुरी के निधन पर शोक जताते हुए एक्स पर पोस्ट किया कि वे भारत के विचार के रक्षक और हमारे देश की गहरी समझ रखने वाले थे।

### शैलेश के यहां ...

**पूछताछ के बाद छोड़ा :** बुधवार की सुबह शुरू हुई कार्रवाई देर शाम तक चलने के बाद एसीबी की टीम दोनों अधिकारी शैलेश कुमार और मनोज कुमार को पूछताछ के नाम पर रांची लेकर गयी। इस दौरान दोनों से एसीबी के अधिकारियों ने पूरे मामले में पूछताछ की। पूछताछ के बाद दूसरे दिन एसीबी की टीम ने कई अन्य जगहों पर भी छापेमारी की। इसी दौरान कई सामान मिले। गुरुवार को एसीबी की रेड खत्म होने और पूछताछ की प्रक्रिया पूरी होने के बाद दोनों अधिकारी को
**क्या है पूरा मामला :** जमीन घोटाला मामले में एसीबी ने बुधवार को एक साथ दोनों अधिकारियों के कार्यालय, सरकारी आवासीय परिसर और निजी आवासीय परिसरों पर निगरानी कोर्ट से वारंट लेने के बाद सुबह छापेमारी शुरू की थी। एसीबी की टीम ने एक साथ नुवामुंडी में सीओ मनोज कुमार के टाटा स्टील स्थित अस्थायी आवास, नुवामुंडी अंचल कार्यालय स्थित दफ्तर, रांची के रामेश्वरम लेन में आरके इंक्लेव स्थित फ्लैट पर छापेमारी की। वहीं एसीबी की टीम ने शैलेश के गिरिडीह स्थित पैतृक आवास में पिता उदय सिन्हा के घर, हजारीबाग एसडीओ कार्यालय व सरकारी आवास में दबिश दी। छापेमारी के दौरान दोनों अधिकारियों के ठिकाने से जमीन में निवेश संबंधी डीड, बैंक खातों की डिटेल और इलेक्ट्रानिक साक्ष्य एसीबी ने जब्त किये हैं।

# मुख्यमंत्री ने सारण को दी अरबों की विकास परियोजनाओं की सौगात

**306 करोड़ की लागत से निर्मित वर्कशॉप और टेकलैब के भवन का किया उद्घाटन**

एजेंसी



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सारण जिला के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मढ़ौरा में 306.63 करोड़ रुपये की लागत से वर्कशॉप एवं टेकलैब के नवनिर्मित भवन का गुरुवार को उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने 59.93 करोड़ रुपये की योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके अलावे राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, मढ़ौरा में 300-300 की क्षमता वाले दो छात्रावासों का भी उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने सारण जिले के मढ़ौरा प्रखण्ड स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में कई योजनाओं का उद्घाटन और अनावरण किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, मढ़ौरा के नवनिर्मित छात्रावासों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में छात्रावासों में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा यह भवन मेंटेंन रहे और इसकी साफ-सफाई नियमित रूप से होती रहे, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। मुख्यमंत्री ने सारण जिला अंतर्गत 59.93 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले आठ मॉडल थाना भवन, यातायात थाना भवन सहित कुल 22 पुलिस भवनों के शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। इनमें सारण जिला अंतर्गत यातायात थाना भवन, सहाजितपुर थाना भवन एवं आउट हाउस, दरिहारा भुआल थाना भवन एवं आउट हाउस, अकीलपुर थाना भवन एवं आउट हाउस, मांझी थाना भवन एवं आउट हाउस, मकेर थाना भवन एवं आउट हाउस, पहलेजा थाना भवन एवं आउट हाउस, गौरा थाना भवन एवं आउट हाउस, नगरा थाना भवन एवं आउट हाउस के अतिरिक्त 13 थाना परिसरों में 20-20 महिला सिपाही बैरक का निर्माण कार्य किया जाना है।

# शेयर बाजार ने बनाया नया रिकॉर्ड

## सेंसेक्स 1440 अंक उड़ान भरकर 83 हजार के करीब पहुंचा

- निवेशकों का मार्केट कैप 6.40 लाख करोड़ रुपए बढ़ा
- निफ्टी 470 अंक उछलकर 25,389 के नये शिखर पर

एजेंसी

**मुंबई ।** अमेरिका में खुदरा महंगाई में बढ़ोतरी होने से फेडरल रिजर्व के सितंबर में ब्याज दर में चौथाई फीसदी की कटौती की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत गुरुवार को शेयर बाजार करीब डेढ़ फीसदी से अधिक की छलांग लगाकर नये शिखर पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1439.55 अंक अर्थात 1.77 प्रतिशत की उड़ान भरकर 82,962.71 अंक के नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 470.45 अंक यानी 1.89 प्रतिशत उछलकर 25,388.90 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया। शेयर बाजार में आई इस तेजी से निवेशकों की संपत्ति लगभग 6.40 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई है। मार्केट कैप बुधवार को 4,60,76,150 करोड़ रुपए था जो 12 सितंबर को बढ़कर 4,60,76,150 करोड़ रुपए पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 1.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,010.81 अंक और स्मॉलकैप 0.79 प्रतिशत मजबूत होकर 56,589.93 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4069 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2337 में तेजी जबकि 1609 में गिरावट रही वहीं 123 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 49 कंपनियों में लिवाली जबकि एक में बिकवाली हुई। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका में अगस्त में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई में 0.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसको ध्यान में रखते हुए अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के इस महीने ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने की संभावना है। साथ ही यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के ब्याज दर में एक बार और कटौती करने की उम्मीद से भी निवेश धारणा मजबूत हुई। इससे विश्व बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.90, जर्मनी का डैक्स 1.29, जापान का निक्केई 3.41 और हांगकांग के हैंगसेंग ने 0.77 प्रतिशत की छलांग लगाई। हालांकि चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.17 प्रतिशत फिसल गया। अंत में पिछले सत्र के 24,918.45 अंक की तुलना में 1.89 प्रतिशत उछलकर 25,388.90 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की जिन प्रमुख कंपनियों के शेयर लाभ में रहे उनमें भारती एयरटेल 4.36, एनटीपीसी 3.87, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.36, जेएसडब्ल्यू स्टील 3.06, अडानी पोर्ट्स 2.94, एसबीआई 2.57, टेक महिंद्रा 2.44, एलटी 2.43, टाटा स्टील 2.43, कोटक बैंक 2.08, इंफोसिस 2.07, अल्ट्रासिमको 1.95, रिलायंस 1.90, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.67, एचसीएल टेक 1.52, पावरग्रिड 1.49, इंडसइंड बैंक 1.48, एक्सिस बैंक 1.46, टाइटन 1.41, एचडीएफसी बैंक 1.32, मारुति 1.18, आईसीआईसीआई बैंक 1.17, बजाज फिन सर्व 1.13, टाटा मोटर्स 1.03, बजाज फाइनेंस 1.02, सन फार्मा 1.00, आईटीसी 0.93, एशियन पेंट 0.48 और टीसीएस 0.40 प्रतिशत शामिल है। वहीं, नेस्ले ने 0.09 प्रतिशत का नुकसान उठाया।



### इन कंपनियों के शेयर में जबरदस्त तेजी

बीएसई के सभी 20 समूहों में लिवाली हुई। इससे धातु 3.05, दूरसंचार 2.61, टेक 2.06, पावर 2.02, कमोडिटीज 1.85, सीडी 1.47, ऊर्जा 1.68, एफएमसीजी 0.97, वित्तीय सेवाएं 1.39, हेल्थकेयर 1.10, इंडस्ट्रियल्स 1.34, आईटी 1.53, यूटिलिटीज 1.93, ऑटो 1.99, बैंकिंग 1.52, कैपिटल गुड्स 1.64, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.54, तेल एवं गैस 1.64, रियल्टी 0.91 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.54 प्रतिशत चढ़ गए। कारोबार की शुरूआत में 407 अंक की तेजी के साथ 81,930.18 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से दोपहर से पहले 81,534.29 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं, कारोबार के अंतिम चरण हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत 83,116.19 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 81,523.16 अंक के मुकाबले 1.77 प्रतिशत मजबूत होकर 82,962.71 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी 141 अंक चढ़कर 25,059.65 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,941.45 अंक के निचले जबकि 25,433.35 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा।

## जुलाई में औद्योगिक उत्पादन 4.8 % बढ़ा

**नयी दिल्ली।** औद्योगिक उत्पादन सूचकांक पर आधारित देश के औद्योगिक उत्पादन में जुलाई, 2024 में सालाना आधार पर 4.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। सरकार द्वारा गुरुवार को जारी अनंतिम आंकड़ों के अनुसार जुलाई के आंकड़े में जून, 2024 के 4.7 प्रतिशत की तुलना में हल्का सुधरा है पर पिछले साल जुलाई की तुलना में कम है। जुलाई, 2023 में औद्योगिक वृद्धि 6.2 प्रतिशत रही थी। आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों (अप्रैल-जुलाई) में संचयी औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि 5.2 प्रतिशत रही जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 5.1 प्रतिशत थी। देश के औद्योगिक उत्पादन में 77 प्रतिशत से अधिक का योगदान करने वाले विनिर्माण में जुलाई में 4.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल इसी महीने में विनिर्माण क्षेत्र में 5.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार खनन क्षेत्र के उत्पादन में इस वर्ष जुलाई में वृद्धि 3.7 प्रतिशत रही, जबकि पिछले वर्ष इसी माह में उत्पादन 10.7 प्रतिशत बढ़ा था।

जुलाई, 2024 में बिजली उत्पादन 7.9 प्रतिशत के स्तर पर स्थिर बना रहा। पिछले वर्ष इसी महीने में बिजली उत्पादन वृद्धि आठ प्रतिशत थी।

## स्पीड न्यूज

### 'द बकिंघम मर्डर्स' आज होगी रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री करीना कपूर की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स दो भाषाओं में रिलीज होगी।द बकिंघम मर्डर्स के निर्माताओं ने इस फिल्म को अधिक दर्शकों तक पहुचाने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस फिल्म को दो अलग-अलग संस्करणों में रिलीज किया जाएगा। एक हिंदी-इंग्लिश मिश्रित (हिंग्लिश) और दूसरा पूरी तरह हिंदी डब्ड संस्करण।फिल्म की असली भावना को बनाए रखते हुए, निर्देशक हंसल मेहता ने स्थानीय कलाकारों को कास्ट किया है, जिसकी वजह से उनके एक्सेंट काफी वास्तविक हैं और शायद कुछ दर्शकों को समझने में कठिनाई हो सकती है। इसीलिए, निर्माताओं ने यह फैसला लिया है।

### ओडिशा में अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के नेतृत्व वाली कैबिनेट ने गुरुवार को राज्य की वर्दी सेवाओं में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी दे दी। पूर्व अग्निवीरों के लिए पुलिस, वन रक्षक, अग्निशमन सेवा और आबकारी ल्क विभाग में रिक्तियों का 10 प्रतिशत आवंटित आरक्षण देने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके साथ-साथ दो अन्य प्रस्तावों को भी मंजूरी प्रदान की गई है।

### बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिद जिया अस्पाल में भर्ती

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को बुधवार देर रात एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। समाचारपत्र ह्यढाका ट्रिब्यूनह्ण ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की मीडिया प्रकोष्ठ के सदस्य सैरुल कबीर खान के हवाले से बताया कि पार्टी अध्यक्ष (79) को उनके आवास गुलशन से बुधवार और बृहस्पतिवार की दरमियानी रात करीब 1:40 बजे एवरकेयर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिया के फिजिशियन ए.जेड.एम. जाहिद हुसैन ने कहा कि चिकित्सकों ने पूर्व प्रधानमंत्री की कई जांच कराने की सलाह दी है।

### मप्र में दो कांग्रेस पार्षद भाजपा में हुये शामिल

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के मध्यप्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष गुरुवार को प्रदेश पार्टी कार्यालय में सतना नगर निगम की कांग्रेस पार्षद श्रीमती माया कौल और श्रीमती अर्चना गुप्ता के अलावा पूर्व पार्षद के एल यादव और अनिल गुप्ता ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। श्री शर्मा ने सभी का अंगवस्त्र पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया। श्री शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि सतना में कुछ लोग राजनीति कर माहौल बिगाड़ने का काम कर रहे थे, आज उन्हें कांग्रेस के दो पार्षदों के पार्टी में आने के पश्चात जवाब मिल गया।

### शेख हसीना के प्रत्यर्पण की बात काल्पनिक : भारत

**नयी दिल्ली।** सरकार ने बंगलादेश की अंतरिम सरकार की ओर से देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण के अनुरोध की रिपोर्ट को काल्पनिक करार दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को नियमित ब्रीफिंग में हसीना को प्रत्यर्पित किये जाने संबंधी ढाका से आ रहीं रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया पूछे जाने पर कहा कि हमने पहले भी कहा है कि ये सवाल काल्पनिक है। जहां तक सीना की स्थिति का सवाल है तो बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बहुत कम समय के नोटिस पर सुरक्षा के संदर्भ में यहां आयीं थीं।

# सरफेस टू एयर मिसाइल का परीक्षण सफल

## ओडिशा के चांदीपुर में नौसेना ने दागी मिसाइल

- वीएल-एसआरएसएएम की रेंज 25 से 30 किलोमीटर
- 360 डिग्री में घूमकर दुश्मन को नेस्तनाबूत करता है मिसाइल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने भारतीय नौसेना के युद्धपोत से गुरुवार को अपराह्न 3:20 बजे ऐसी मिसाइल दागी है, जो दुश्मन के किसी भी हवाई हमले को नेस्तनाबूत कर सकती है। इसकी गति, सटीकता और मारक क्षमता इतनी घातक है कि ये राडार की भी पकड़ नहीं आती। ओडिशा तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से दागी गई वर्टिकल लॉन्च-शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल (वीएल-एसआरएसएएम) को फिलहाल कोई नाम नहीं दिया गया है लेकिन इसे बराक-1 की जगह जंगी जहाजों में लगाए जाने की योजना है। नौसेना ने परीक्षण के दौरान कम ऊंचाई पर उड़ रहे टारगेट को सतह से हवा में मार करने वाली ताकतवर गाइडेड मिसाइल से मार गिराया। कम ऊंचाई पर उड़ने वाले टारगेट का मतलब राडार को चकमा देकर आ रहा दुश्मन का विमान, ड्रोन, मिसाइल या हेलीकॉप्टर होता है। यानी भारत को अब दुश्मन इस तरीके से भी चकमा नहीं दे सकता, वर्ना भारतीय की यह मिसाइल दुश्मन की धज्जियां उड़ा देगी। यह मिसाइल 154 किलोग्राम वजनी है। इसे डीआरडीओ और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने मिलकर बनाया है। यह मिसाइल करीब 12.6 फीट लंबी है। इसका व्यास 7.0 इंच है। डीआरडीओ के अनुसार इसमें हाई-एक्सप्लोसिव प्री-फ्रैगमेंटेड वॉरहेड लगाया जाता है। वीएल-एसआरएसएएम मिसाइल की रेंज 25 से 30 किलोमीटर है। यह अधिकतम 12 किलोमीटर की ऊंचाई तक जा सकती है। इसकी गति बराक-1 से दोगुनी है। यह मैक 4.5 यानी 5556.6 किलोमीटर प्रतिघंटा की



रफ्तार से उड़ती है। इसे किसी भी जंगी जहाज से दागा जा सकता है। इस मिसाइल की तैनाती इसी साल होनी संभावित है। इस मिसाइल की खासियत ये है कि ये 360 डिग्री में घूमकर अपने दुश्मन को खत्म करके ही मानती है। परीक्षण के दौरान डीआरडीओ ने उड़ान मार्ग और वाहन के प्रदर्शन मापदंडों की निगरानी उड़ान डेटा का उपयोग किया। परीक्षण के लिए विभिन्न रेंज उपकरणों राडार, ईओटीएस और टेलीमेट्री सिस्टम को आईटीआर, चांदीपुर ने तैनात किया गया था। डीआरडीओ और भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी प्रक्षेपण की निगरानी की। भारतीय नौसेना के जहाजों पर तैनाती से पहले कुछ और परीक्षण किए जाएंगे। एक बार तैनात होने के बाद यह प्रणाली भारतीय नौसेना के लिए बहुउपयोगी साबित होगी। इस मिसाइल की टेस्टिंग इसलिए की जा रही है, ताकि भारतीय युद्धपोतों से बराक-1 मिसाइलों को हटाकर स्वदेशी हथियार लगाया जा सके। बराक-1 मिसाइल इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज और राफेल एडवांस्ड डिफेंस सिस्टम्स ने मिलकर बनाई है। इस मिसाइल का वजन 98 किलोग्राम होता है। बराक-1 सरफेस-टू-एयर-मिसाइल 6.9 फीट लंबी होती है। इसका व्यास 6.7 इंच होता है। इसकी खासियत ये है कि इसकी नाक में यानी सबसे ऊपरी नुकीले हिस्से में 22 किलोग्राम वॉरहेड रखा जा सकता है।

## टीएमसी विधायक सुदिप्त रॉय के घर सीबीआइ की रेड

**कोलकाता ।** आरजी कर अस्पताल कांड में अब तृणमूल कांग्रेस विधायक सुदिप्त रॉय की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गुरुवार दोपहर एक बजे के आसपास सीबीआई के अधिकारियों ने सुदिप्त रॉय के सिंथी मोड़ के पास बीटी रोड स्थित घर पर छापा मारा। साथ ही, सुदिप्त रॉय के स्वामित्व वाले निजी अस्पताल में भी तलाशी ली। सुदिप्त रॉय श्रीरामपुर से तृणमूल कांग्रेस के विधायक हैं और आरजी कर अस्पताल के रोगी कल्याण समिति के चेयरमैन भी हैं। इसके अलावा वे पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य भर्ती बोर्ड के सदस्य और पश्चिम बंगाल मेडिकल काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। जब सीबीआई अधिकारियों ने उनके घर पर छापेमारी की, उस समय सुदिप्त अपने घर के निचले तल के कार्यालय में ही मौजूद थे। सीबीआई का छापेमारी अभियान आरजी कर अस्पताल में हुई महिला डॉक्टर की बलात्कार और हत्या के मामले की जांच को आगे बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।

## दतिया में किले की 400 साल पुरानी दीवार गिरी, सात मरे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के दतिया जिले में गुरुवार तड़के रियासत कालीन राजगढ़ किले के नीचे के हिस्से वाली 400 साल पुरानी दीवार अचानक ढहकर कच्चे मकान और झोपड़ियों पर गिर गई। मलबे के नीचे नौ लोग दब गए, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। मृतकों में एक ही परिवार के 5 सदस्य थे, जबकि दो लोग बहन और बहनोई हैं। अंदेशा जताया जा रहा है कि बीते 30 घंटे से लगातार हो रही बारिश के चलते किले की दीवार कमजोर हो गई थी, जिसके चलते यह हादसा हुआ। गुरुवार अलसुबह करीब साढ़े तीन बजे तेज आवाज आई। लोग बाहर निकले तो देखा कि किले की दीवार गिर गई है। मलबे में दबे दो लोगों को तत्काल बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। जिस पर करीब साढे. पांच बजे कलेक्टर संदीप मकीन, एसपी वीरेंद्र कुमार

### मप्र में हादसा, एक ही परिवार के पांच लोगों की गयी जान



मिश्रा, कोतवाली टीआई धीरेंद्र मिश्रा और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंचे। हादसे के बाद करीब नौ घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में मलबे से सात शव निकाले गए। कलेक्टर संदीप मकीन ने घटना पर दुख जताते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

# पुतिन ने की डोभाल के साथ बैठक

- रूस के राष्ट्रपति ने मोदी के साथ बैठक का रखा प्रस्ताव
- एनएसए अजित डोभाल ने पीएम के यूक्रेन यात्रा की पुतिन को दी जानकारी

एजेंसी

**सेंट पीटर्सबर्ग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ बैठक की। रूसी विदेश मंत्रालय के अनुसार सेंट पीटर्सबर्ग के कॉन्स्टेंटिनोव्स्की पैलेस में हुई मुलाकात के दौरान, पुतिन ने भारत और रूस के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझीदारी के सफल विकास का उल्लेख किया और द्विपक्षीय संबंधों में सुरक्षा मुद्दों के महत्व पर जोर दिया तथा इस क्षेत्र में बातचीत बनाए रखने के लिए भारतीय पक्ष को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया रूस और यूक्रेन की यात्रा के बाद यह स्पष्ट है कि भारत दोनों देशों के बीच छिड़ी जंग को रुकवाने में अहम भूमिका निभा रहा है। अब भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की पुतिन से मुलाकात के बाद इस बात को और बल मिल रहा है। माना जा रहा है कि अजीत डोभाल पीएम मोदी का प्रस्तावित शांति प्लान लेकर मॉस्को पहुंचे हैं। दूतावास के मुताबिक, बातचीत के दौरान रूस के राष्ट्रपति ने 22 अक्टूबर को कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक द्विपक्षीय बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव रखा, ताकि उनकी मॉस्को यात्रा के दौरान



हुए समझौतों के कार्यान्वयन पर संयुक्त कार्य के परिणामों का सारांश दिया जा सके और निकट भविष्य के लिए संभावनाओं की रूपरेखा तैयार की जा सके। वहीं बदले में अजीत डोभाल ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से रूसी राष्ट्रपति का आभार व्यक्त किया। उन्होंने नरेंद्र मोदी की हालिया यूक्रेन यात्रा के बारे में भी जानकारी साझा की। बता दें कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने भी कहा था कि यूक्रेन संघर्ष को लेकर वह चीन, ब्राजील और भारत के साथ लगातार संपर्क में हैं।

## कोलकाता में डॉक्टरों के धरना स्थल के पास मिला संदिग्ध बैग

**कोलकाता ।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में गुरुवार सुबह एक संदिग्ध बैग मिलने से दहशत फैल गई। यह बैग अस्पताल परिसर में धरना दे रहे जूनियर डॉक्टरों के मंच के पास पाया गया, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बम स्क्वॉड को तत्काल सूचना दी गई। गुरुवार सुबह जब आरजी कर अस्पताल में जूनियर डॉक्टर रोज की तरह धरना स्थल पर बैठे थे, तभी अचानक उन्होंने मंच के पास एक बड़ा बैग पड़ा देखा। बार-बार पूछने के बावजूद उस बैग के मालिक का पता नहीं चल पाया। इसके बाद यह अफवाह फैल गई कि बैग में बम हो सकता है, जिससे वहां मौजूद लोग डर के मारे धरना स्थल से हट गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तुरंत बम स्क्वॉड को बुलाया गया। उल्लेखनीय है कि आरजी कर अस्पताल पिछले एक महीने से ज्यादा समय से एक महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के मामले के कारण चर्चा में है। नौ अगस्त को अस्पताल के सेमिनार हॉल में उस महिला डॉक्टर का रक्तरंजित शव पाया गया था।

# हवाई टैक्सी से यात्रा जल्द वास्तविकता बनेगी : मोदी

## 10 साल में एयरपोर्ट की संख्या दोगुनी हुयी : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को घोषणा की कि सरकार देश को उन्नत हवाई गतिशीलता के लिए तैयार कर रही है, इसलिए एयर टैक्सी में सफर जल्द ही एक वास्तविकता बन जाएगी। प्रधानमंत्री नई दिल्ली के भारत मंडपम में दूसरे एशिया प्रशांत नागरिक विमानन मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित यह विश्वास व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने वर्टिपोर्ट्स के इनोवेशन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह हवाई परिवहन का एक ऐसा मॉडल है जो शहरों में यात्रा को आसान बना रहा है। हम भारत को उन्नत हवाई गतिशीलता के लिए तैयार कर रहे हैं। वह दिन दूर नहीं जब हवाई-टैक्सी से यात्रा करना एक वास्तविकता बन जाएगी। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया के टॉप नागरिक विमानन पारिस्थितिकी तंत्र में से एक मजबूत पिलर बना हुआ है। हमारे यहां नागरिक उड्डयन सेक्टर की ग्रोथ अभूतपूर्व है। 10 साल में भारत में एयरपोर्ट की संख्या दोगुनी हो गई है। एक तरफ हम छोटे शहरों में एयरपोर्ट बना रहे हैं, दूसरी तरफ बड़े शहरों के एयरपोर्ट को और आधुनिक बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के विमानन क्षेत्र में आज उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिल रहा है। इससे नागरिकों के लिए यात्रा आसान हो रही है और कनेक्टिविटी भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व में विकास ये हमारा कमिटमेंट है। एविएशन सेक्टर महिला नेतृत्व विकास के हमारे इस मिशन को बहुत मदद कर रहा है। भारत में करीब 15 प्रतिशत पायलट महिलाएं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाने में एविएशन सेक्टर ने अहम भूमिका निभाई है। इस सेक्टर के जरिए हम लोगों, संस्कृति और समृद्धि को जोड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 4 अरब लोग और तेजी से बढ़ता मध्यम वर्ग और उसके कारण बढ़ती मांग ये अपने आप में इस सेक्टर के विकास के लिए एक बहुत बड़ी प्रेरक शक्ति है। हमारा लक्ष्य एयर ट्रैवल को सामान्य नागरिक तक पहुंचाने का है। हमें एयर ट्रैवल को सुरक्षित, किफायती और सभी के लिए सुलभ बनाना है उन्होंने कहा कि आप सभी के प्रयासों से आज दिल्ली घोषणापत्र हमारे सामने है। यह घोषणापत्र क्षेत्रीय संपर्क, नवाचार और विमानन क्षेत्र में सतत विकास के हमारे संकल्प को आगे ले जाएगा।









| Package | Day | Price |
|---|---|---|
| Gallbladder | 4 | ₹ 37,000 |
| Hydrocele | 1 | ₹ 18,500 |
| Appendix | 3 | ₹ 30,500 |
| Lapchole | 3 | ₹ 35,500 |
| Hernia | 3 | ₹ 30,000 |
| Piles | 3 | ₹ 25,500 |

7808368888 www.asarfihospital.com